वर्ष : 17 अंक : 93 लखनऊ    बुधवार, 9 अप्रैल 2025    पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:48 |
| सूर्यास्त | : | 6:27 |
| अधिकतम | : | $38:00^0$ |
| न्यूनतम | : | $25:00^0$ |



मेट गाला 2025 में डेब्यू करेंगी कियारा आडवाणी 10

निवेश प्रोत्साहन व फैसिलिटेशन की ग्लोबल... 2 | बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल 6 | नैतिक पुलिसिंग कोर्ट का काम... 12

## तीन और समूहों ने हुर्रियत से तोड़ा नाता

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन और अलगाववादी संगठनों- जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग करने की घोषणा की है।

जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम यहां पहुंचे शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी घोषणा की और कहा कि इस कदम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के दृष्टिकोण को और बढ़ावा मिला है। शाह ने 'एक्स पर कहा, "जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है।" उन्होंने कहा कि यह कदम घाटी के लोगों के भारत के संविधान में विश्वास का एक प्रमुख प्रदर्शन है।

# यूपी में पीआरडी स्वयंसेवकों का बढ़ाया गया ड्यूटी भत्ता

## योगी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में फैसला, 13 अन्य प्रस्ताव भी स्वीकृत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में पीआरडी स्वयंसेवकों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। सीएम योगी की अगुवाई में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है।



मंगलवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी में प्रांतीय रक्षक दल का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने के निर्णय को भी मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि मंत्री परिषद ने पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते को 395 रुपये 500 रुपए किये जाने पर अपनी सहमति दी है। ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस पर प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। प्रस्ताव के क्रियान्वयन के बाद पीआरडी स्वयंसेवकों की 30 दिन की उपस्थिति के आधार पर ड्यूटी भत्ते में 3150 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो जायेगी।

### इन प्रस्तावों पर मुहर

1- यमुना एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल को जोड़ने का काम अब यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बजाय एनएचएआई करेगी।

2- कार्यशील हाईटेक टाउनशिप परियोजनाओं, इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति-2005, 2014 और उप्र टाउनशिप नीति-2023 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और विकास प्राधिकरणों द्वारा स्वीकृत अथवा संचालित आवासीय परियोजनाओं में गृह कर, जल कर इत्यादि के संबंध में फैसले हुए हैं।

3- अयोध्या में मंदबुद्धि छात्रों के लिए 4000वर्ग मीटर जमीन पर चाइल्ड केयर बनाया जायेगा।

4- अयोध्या में पुराने सीतापुर आई हॉस्पिटल की सरप्लस ज़मीन पर 300 बेड के हॉस्पिटल का निर्माण होगा।12798 वर्ग मीटर भूमि

5- परिवहन विभाग के कर ढांचे में बदलाव किए जाने के संबंध में—नई अधिसूचना जारी की जाएगी।

6- हाथरस में मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण

7- उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम सिल्क टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पालिसी-2017 के तहत छूटी इकाइयों को अनुदान दिए जाने के संबंध में

## उत्तर प्रदेश रोडवेज में होगी चार हजार बस कंडक्टरों की भर्ती

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोडवेज में कंडक्टरों की बंपर भर्ती होगी। इससे रोडवेज बसों की चाल तेज होगी। परिवहन मुख्यालय प्रदेश भर में मुरादाबाद समेत चार हजार कंडक्टरों की भर्ती करेगा। आउट सोर्सिंग के आधार पर एक-एक हजार कंडक्टरों की चरणबद्ध तरीके से चयन प्रक्रिया होगी। खास यह कि चयन प्रक्रिया में तेजी के लिए प्रदेश को बीस क्षेत्रों में बांटकर पांच क्लस्टर के रूप में बांटा गया है। रोडवेज में पहले से ही महिला कंडक्टरों के लिए संविदा पर रखने की प्रक्रिया चल रही है। रोडवेज में कंडक्टरों की कमी से अब बसों की चाल नही थमेगी।

प्रदेश में महिला कंडक्टरों की पहले से ही चयन प्रक्रिया चल रही है। रोडवेज में बस कंडक्टरों की कमी को देखते हुए चार हजार नई भर्ती की तैयारी होने लगी है। रोडवेज में यह चयन प्रक्रिया एक



» होमगार्ड में भी भर्ती की नियमावली तैयार

एक हजार कंडक्टरों को आउट सोर्सिंग के माध्यम से भर्ती होगी। रोडवेज के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने इसके लिए भर्ती के लिए निर्देश जारी किए हैं। भर्ती प्रक्रिया को जल्द निपटाने के लिए रोडवेज को क्लस्टर के रूप में बांटा गया है। विभाग की मानें तो मुख्यालय ने नवंबर 2024 के आदेश को निरस्त करते हुए बीस क्षेत्रों को पांच कलस्टरों में बांटने के आदेश दिए हैं।

# विरोध के बीच वक्फ कानून लागू

## केन्द्र सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट, कहा– पहले हमारी बात भी सुनी जाये

## ● मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा, आगजनी ● कश्मीर विधानसभा में हुई हाथापायी

**विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकारी अधिसूचना के मुताबिक वक्फ (संशोधन) कानून 8 अप्रैल 2025 से देशभर में लागू हो गया है। वहीं केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी (केविएट) लगाई है, जिसमें कहा गया है कि वक्फ (संशोधन) कानून 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई भी आदेश देने से पहले कोर्ट उसकी बात जरूर सुने। यह कदम तब उठाया गया है जब इस नए कानून के खिलाफ कई बड़ी संस्थाओं और नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गौरतलब है कि इस कानून को संसद में भारी बहस के बाद पास किया गया था और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी मंजूरी दी थी।

अब तक इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 10 से ज्यादा याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। इन याचिकाओं में जमीअत उलेमा-ए-हिंद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कुछ राजनीतिक नेताओं की याचिकाएं भी शामिल हैं। ये सभी याचिकाएं वक्फ कानून 2025 की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठा रही हैं। ये याचिकाएं 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए लिस्ट हो सकती हैं, हालांकि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 7 अप्रैल को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुआई वाली पीठ ने सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल को भरोसा दिलाया था कि उनकी याचिका को जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा।



वक्फ कानून के खिलाफ मंगलवार को मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा में जलता पुलिस वाहन।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है।

वहीं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान नेशनल कांफ्रेंस और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले सोमवार को एनसी के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक एनसी विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी।

# महापुरुषों ने की संस्कृति की रक्षा

## लखीमपुर खीरी के कबीरधाम सत्संग में शामिल हुए भागवत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के गोला तहसील स्थित कबीरधाम मुस्तफाबाद में आश्रम हो रहे सत्संग में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मैं, मेरा परिवार, समाज और राष्ट्र के लिये मैं यदि कुछ कर रहा हूं तो सब कुछ कर रहा हूं। ऐसे चार कायदे हो जाते हैं तो इसका विचार करके ऐसा जीवन भारतीयों का बने, यही आवश्यकता है। हम सब सुखी होंगे। हमारे देश का अमर ज्ञान सबको मिले। हमारा संविधान भी कहता है कि भावनाओं को जो स्वीकार हो।

भाषाएं, समस्याएं, जीवन सब अलग हैं। मगर हम एक हैं। हमारी एक माता हैं। उनका नाम है भारत माता। उस भारत माता की आत्मा को आगे रखना ही सबका धर्म है। सभी महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति की रक्षा की है। मुस्तफाबाद गांव के प्रतिष्ठित कबीरधाम आश्रम में हुआ यह आयोजन धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणास्पद रहा।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास



आज भी परम्परा है। भौतिक सुख को पाने के बाद भी हमने सबकुछ खोया नहीं। चित्त शुद्ध रखने के बाद भगवान आपके पास जरूर आएंगे।

समाज की व्यवस्था आज भी परिवार की वजह से चल रही है। हर परिवार कुछ न कुछ कर रहा है। बाहर व्यक्ति को ही ईकाई मानते हैं और हमारे यहां परिवार को ही ईकाई माना जाता है। इसीलिए यह कर्तव्य है कि उस ईकाई को आग बढ़ाना। अगला दायित्व है अपने देश की भलाई के लिये कार्य करना। हमारे यहां देने वाले को माता कहते हैं। इसीलिए गौ, नदी आदि जो हमें कुछ न कुछ देती हैं उन्हें हम माता कहते हैं। कृतज्ञता की यही भावना हमें अपने देश के प्रति भी रखनी चाहिये ताकि हम भी इसके लिये कुछ कर सकें। इसे कुछ दे सकें। यही अमरत्व का मार्ग है। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि आत्मशुद्धि से विश्वशुद्धि की ओर हम सबको अग्रसर होना होगा।

उन्होंने कहा कि विज्ञान के कारण विकास हुआ और पर्यावरण का विनाश हुआ। सभी चिंता कर रहे हैं। सबको पता है कि भारत ने विकास तो किया मगर कुछ भी कभी बर्बाद नहीं किया। अंग्रेजों के आने के बाद हमने केमिकल से खेती जितनी की वही खराब हुई है। बाकी सब ठीक है। विदेशों को भी पता है कि भारत के पास सारी विद्या है। आत्मा की उपासना करते हुये हम स्वयं को शुद्ध कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी नौकाओं में बैठकर हमारे पूर्वज विदेश गये। उन्होंने सभ्यता का प्रचार किया। सारी चीजों का सम्मान करो। हमारे संतों ने इसे प्रत्यक्ष रूप से प्रयुक्त किया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर अग्रसर हों। उन्होंने यह भी कहा कि कबीर की वाणी केवल भक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की पुकार है। उनका चिंतन आज के समाज को दिशा देने की क्षमता रखता है। संघ भी इसी चेतना को लेकर समाज में समरसता, संतुलन और संस्कारों का संचार कर रहा है।

# भाकियू नेता, बेटे और भाई की हत्या

## प्रधानी की रंजिश में अखरी गांव में दिल दहलाने वाली वारदात

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** फतेहपुर में भारतीय किसान यूनियन नेता, उनके बेटे और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह बाइक को रास्ता न देने को लेकर उनकी गांव के परिवार से बहस हुई। थोड़ी देर में बहस मारपीट खून-खराबे तक पहुंच गई।

हमलावरों ने परिवार को घेरकर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। 20-25 राउंड फायरिंग की गई। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि गोलीबारी में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह (50), उनके बेटे अभय (22) और पिंकू सिंह (45) की मौके पर मौत हो गई। वारदात के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और किसान यूनियन के लोग पहुंच गए हैं। सड़क पर जाम लगा दिया है। घटना की सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। गांव को




» हमलावरों ने परिवार को घेरकर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं

छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूरी वारदात जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर हथगाम थाना के अखरी गांव की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 9 बजे गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार उर्फ मुन्नू सिंह अपनी बाइक लेकर जा रहे थे। रास्ते में पप्पू सिंह का ट्रैक्टर खड़ा था। उन्होंने रास्ते से ट्रैक्टर हटाने को कहा लेकिन पप्पू सिंह मना कर दिया। इस बात पर दोनों की बहस शुरू हो गई। फिर हाथापाई हुई। गाली-गलौज और आवाज सुनकर सुरेश सिंह के परिवार के लोग हथियार लेकर पहुंच गए। पप्पू सिंह के बेटे और भाई भी मौके पर पहुंच गए। पहले दोनों पक्षों में जमकर लात-घूसे चले। इसी बीच सुरेश सिंह के घरवालों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। तीनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। करीब 20-25 राउंड फायरिंग हुई। इससे पूरे गांव दहशत फैल गई। लोग जब तक मौके पर पहुंचे आरोपी फरार हो गए थे। गांव वालों ने बताया कि दोनों परिवारों में प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश चल रही है। इस बार के चुनाव में सुरेश सिंह के परिवार को हराकर पप्पू सिंह की मां प्रधान चुनी गई हैं। भाकियू नेता पप्पू सिंह का अभय इकलौता बेटा था।

## साबरमती आश्रम में चिदंबरम हुए बेहोश

**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम साबरमती आश्रम में अचानक बेहोश हो गए। उनको आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया है। उनकी हालत भीषण गर्मी के कारण खराब हुई। वह खुद को संभाल नहीं सके और वह गिर गए। घटना के वक्त वह साबरमती आश्रम में पार्टी नेताओं के साथ मौजूद थे। बता दें कि अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हो रही है।

कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सरदार पटेल स्मारक परिसर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि सरदार पटेल स्मारक में विस्तारित सीडब्ल्यूसी की बैठक कराना ही महत्वपूर्ण है। ऐसा कर पार्टी ने सरदार पटेल के प्रति अपने फर्ज का निर्वहन कर के राजनीतिक संदेश देने का काम किया है।

# अब किसी भी कमजोर को नहीं डरायेगा वक्फ का नोटिस

## महिला हो या बच्चा–पसमांदा मुस्लिम, सबके हक रहेंगे महफ़ूज़ : मोदी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वक्फ संशोधन कानून बनने के बाद अब वक्फ की पवित्र भावना की रक्षा होगी और गरीब-पसमांदा मुसलमान, महिला-बच्चे, सबके हक महफ़ूज़ रहेंगे। पीएम मोदी ने वक्फ पर पहली बार राजनीतिक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "तुष्टिकरण की राजनीति में कांग्रेस को सत्ता मिली, कुछ कट्टरपंथी नेताओं को दौलत मिली, लेकिन सवाल ये है कि आम मुसलमानों को क्या मिला? गरीब पसमांदा मुसलमान को क्या मिला... उसे मिली उपेक्षा, अशिक्षा, बेरोजगारी, जबकि मुस्लिम महिलाओं को मिला शाहबानो जैसा अन्याय।"

प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं देश की संसद को, सर्वसमाज के हित में, मुस्लिम समाज के हित में एक शानदार कानून बनाने के लिए बधाई देता हूं। अब वक्फ की पवित्र भावना की भी रक्षा होगी और गरीब-पसमांदा मुसलमान, महिला-बच्चे, सबके हक भी महफ़ूज़ रहेंगे।" उन्होंने कहा कि अब किसी भी कमजोर को वक्फ का नोटिस नहां डराएगा।



पीएम ने कहा कि वक्फ विधेयक पर बहस हमारे संसदीय इतिहास में दूसरी सबसे लंबी चर्चा है। विधेयक पर चर्चा दोनों सदनों में 16 घंटे तक चली, जिसमें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 38 बैठकें हुईं, जिसमें कुल 128 घंटे का विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा, देश भर के नागरिकों से लगभग 1 करोड़ ऑनलाइन सुझाव प्राप्त हुए। यह रेखांकित करता है कि लोकतंत्र संसद की दीवारों तक सीमित नहीं है बल्कि सक्रिय जन भागीदारी के माध्यम से इसे समृद्ध और मजबूत किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत ने तेजी से तरक्की की है और केवल एक दशक में अपनी अर्थव्यवस्था के आकार को दोगुना कर दिया। जिन लोगों ने सोचा था कि भारत धीरे-धीरे और तेजी से आगे बढ़ेगा, वे अब एक तेज और निडर भारत को देखते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि देश के अभूतपूर्व विकास को कौन चला रहा है? भारत के युवा, उनकी महत्वाकांक्षाएं और आकांक्षाएं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की नजर भी भारत पर है और दुनिया की उम्मीद भी भारत से है। कुछ ही वर्षों में हम दुनिया की 11वीं से 5वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बने हैं और निस्संदेह, भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी के 52 करोड़ लोन दिए गए। यह स्केल और स्पीड अभूतपूर्व है। मुद्रा योजना की बदौलत 11 करोड़ लोगों को पहली बार स्वरोजगार के लिए लोन मिला।

## विधानसभा का गला न दबायें जनता चुनती है विधायक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के राज्यपाल टीएन रवि और सीएम एमके स्टालिन के बीच मतभेद की खबरें अकसर आती रहती हैं। राज्यपाल ने पिछले दिनों विधानसभा की ओर से मंजूर 10 विधेयकों को रोक लिया था। उन पर कोई फैसला नहीं लिया गया था, जबकि उन्हें एक बार लौटाने के बाद फिर से पारित करके भेजा गया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो अदालत ने गवर्नर टीएन रवि को नसीहत दी और कहा कि आपके पास ऐसी कोई वीटो पावर नहीं है कि बिल को रोके रखें। यही नहीं अदालत ने कहा कि भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र नहीं है, लेकिन राज्यपाल अनंतकाल के लिए तो विधेयकों को अटका कर नहीं रख सकते। यही नहीं अदालत ने लोकतंत्र



» राज्यपालों के पास विधेयक रोकने का वीटो पावर नहीं

और विधायकों को जनता द्वारा चुने जाने की भी दुहाई दी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि आजकल ऐसे मामले बढ़ रहे हैं, जब गवर्नर बिलों को रोक लेते हैं। ऐसा करना गलत है और यह विधानसभा का गला दबाने जैसा है।

**अधिवेशन** सीडब्ल्यूसी की बैठक में डीसीसी की शक्तियां बढ़ाने, चुनावी तैयारियों समेत कई मुद्दों पर चार घंटे तक मंथन

# गांधीवादी संस्थाओं पर हो रहे हमले पर जतायी चिंता, प्रियंका नहीं पहुंचीं

**अमलेंदु भूषण खां**

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के अधिवेशन से एक दिन पहले मंगलवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई कार्य समिति ने भविष्य की रूपरेखा, जिला कांग्रेस कमेटियों को सशक्त बनाने समेत संगठन की मजबूती, जवाबदेही तय करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन किया। विस्तारित कार्य समिति की इस बैठक में अधिवेशन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। अहमदाबाद के 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' में आयोजित बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, मुकुल वासनिक,सचिन पायलट, गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। वहीं अपने निजी कारण से प्रियंका गांधी आज अहमदाबाद नहीं पहुंची हैं।

लगभग 11.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे और सभा स्थल पर 1622 ई में शाहजहां के बनाए शाही महल का निरीक्षण किया। शाही महल का इतिहास काफी कुछ कहता है। बैठक के बाद पार्टी के मीडिया प्रभारी और महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में एक विशेष प्रस्ताव पर चर्चा की गई और उसे पारित किया गया। इसके अलावा जिन दो अन्य प्रस्तावों पर चर्चा होगी, वे हैं- पहला, राष्ट्रीय मुद्दों पर और गुजरात की राजनीतिक स्थिति पर, उस प्रस्ताव पर कल चर्चा होगी। बुधवार को एआईसीसी में इस पर विस्तार से चर्चा होगी। कल के प्रस्ताव में सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय के बारे में कांग्रेस के एजेंडे को शामिल किया जाएगा, इस पर कल विस्तार से चर्चा होगी। उनका कहना था कि कार्यसमिति के सभी सदस्यों को पटेल अ लाइफ नाम की पुस्तक दी गई। आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे। आज सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ।

गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इन दोनों के रिश्ते में दरार को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। मीटिंग में सरदार वल्लभभाई पटेल को लेकर एक विशेष प्रस्ताव पास किया गया है। कल दो मुद्दों पर चर्चा होगी। हमारे प्रस्ताव से मालूम होगा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के बीच कैसे रिश्ते थे। इन्होंने गांधीजी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी और बाद में भारत की नींव रखी। आज किसानों की बातें नहीं सुनी जा रही हैं। ये सरदार पटेल की अवमानना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं।

वहीं संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस ऐतिहासिक जगह पर सीडब्ल्यूसी की मीटिंग और एआईसीसी की एक्सटेंडेड मीटिंग की।

### नेहरू और पटेल में मतभेद की बात गलत : खड़गे



पार्टी संगठन को मजबूत करने और खोई हुई सत्ता हासिल करने के लिए राह तलाशने के उद्देश्य से कांग्रेस ने गुजरात में अपने राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले आज विस्तारित कार्यसमिति की बैठक कर अहम मद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर षड्यंत्र चलाया जा रहा है। उन्होंने गुजरात में पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में यह भी कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और यह हास्यास्पद है कि आज इस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं। खरगे ने यह दावा भी किया कि आज सांप्रदायिक विभाजन के जरिये देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है और सामंती एकाधिकार संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर हैं।

# निवेश प्रोत्साहन व फैसिलिटेशन की ग्लोबल मॉडल एजेंसी के रूप में विकसित हो 'इन्वेस्ट यूपी'

» सभी निवेशकों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : सीएम योगी



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 'इन्वेस्ट यूपी' को मॉडल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन एजेंसी के रूप में कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएं। हमारे पास हर सेक्टर के इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट होने चाहिए, जो अपने अनुभव व विशेषज्ञता के अनुसार ग्लोबल लेवल पर इंडस्ट्री से सुविधाजनक ढंग से संवाद व समन्वय बना सकें। साथ ही अधिकाधिक निवेश आए।

मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को आत्मसात करते हुए विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में औद्योगिक जगत की पहली पसंद बन कर उभरा है। इस सकारात्मक माहौल को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि ऑनलाइन फ्रंट एंड सिंगल विंडो बनाई गई है और उद्यमियों को इसका लाभ भी प्राप्त हो रहा है, किंतु अब भी कतिपय प्रकरणों में निवेशकों को स्वीकृतियों के लिए अन्य विभागों से संपर्क करना पड़ता है। इसी प्रकार, यह भी देखने को मिला है कि निवेश की श्रेणी के आधार पर विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। पूरे अर्थों में 'सिंगल विंडो' की व्यवस्था लागू होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश मित्र की पुनर्संरचना की जाए। तकनीक की सहायता से ऐसी व्यवस्था करें, जिससे कि उद्यमियों के आवेदन अन्य विभागों को रीडायरेक्ट नहीं हो।सभी विभागों को जोड़ें। प्रत्येक आवेदन का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर होना सुनिश्चित करायें। यदि तय समय सीमा के भीतर संबंधित विभाग द्वारा निस्तारण नहीं किया जाता है तो डीम्ड अनुमति मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल विंडो एक्ट लागू किया जाए, जिसके अंतर्गत बड़े निवेश के लिए औद्योगिक विकास विभाग द्वारा एकल स्वीकृति मिलने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक निवेशक हमारे लिए महत्वपूर्ण है। सभी की सुविधा, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। बेहतर होगा कि इस कार्य में उद्यमी मित्रों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। निवेश सारथी पोर्टल को और उपयोगी बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत एक चेज़िंग सेल (अनुश्रवण प्रकोष्ठ) के गठन करे। इसमें अलग-अलग इंडस्ट्रियल सेक्टर के विशेषज्ञों को सम्मिलित करें। यह सेल संभावनाओं वाले सेक्टरों को तलाशे, संवाद और समन्वय बनाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश-दुनिया का हर निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक है। विदेशों में इंडस्ट्री अप्रोच के लिए हमें भारत सरकार के दूतावासों से संपर्क-समन्वय बनाना उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की छमाही बैठक जरूर आयोजित की जाए। सीएम ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल के अनुरूप बदलते वैश्विक औद्योगिक परिवेश का अधिकाधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिले, इसके लिए कई नए सेक्टर के लिए भी नीतियां घोषित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग द्वारा वैश्विक क्षमता केंद्र, फुटवियर एंड लेदर पॉलिसी, सर्विस सेक्टर पॉलिसी, फिनटेक और फाइनेंसियल सर्विस पॉलिसी और बायोटेक पॉलिसी यथाशीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाएं।


## सूचना

मैं नं.14811522N H/Nb/Sub मुशीक अहमद पुत्र श्री इश्तियाक अहमद ग्राम व पो. - इनायतपुर तहसील व जिला सुलतानपुर (उ.प्र.) मेरे सेना सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम अदीबा बानो लिखा है सही नाम अदीबा खान है जो दर्ज किया जाये।

## सूचना

मैं, सपना शुक्ला पत्नी श्री रवि प्रकाश शुक्ला, पूर्व में सपना पुत्री श्री उमेश चन्द्र दूबे, निवासी – ग्राम-भोजापुर, पोस्ट- बरौसा, जनपद-सुल्तानपुर यह सूचित करती हूँ कि मैंने विवाह के पश्चात अपना नाम सपना शुक्ला पत्नी श्री रवि प्रकाश शुक्ला के रूप में स्वीकार कर लिया है। अतः अब से मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**-सपना शुक्ला पत्नी श्री रवि प्रकाश शुक्लापता: ग्राम-भोजापुर, पोस्ट- बरौसा, जिला-सुल्तानपुर, (उ.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरनई विकास खण्ड भावलखेड़ा जनपद शाहजहांपुर

पत्रांक / मेमो/आपूर्ति निविदा/ 2025-26 दिनांक- 08.04.2025

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बरनई में मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में निम्न विवरण के अनुसार कार्य किया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड फर्मो से टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे है। सामग्री आपूर्ति में मौरंग, बजरी, सीमेंट, रेता, सरिया, इंटरलॉकिंग पेवरब्लॉक, ईंट रोड़ी, ईंट प्रथम श्रेणी की होगी। इच्छुक टेंडरदाता निविदा प्रकाशन के 2 दिन में ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क करें। टेंडर 10/04/25 को खोले जायेंगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | लम्बाई |
|---|---|---|---|
| 1 | गौरी कलां पाती राम के मकान से चौहान के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 7.85 लाख | 150 मीटर |
| 2 | राम दास के मकान से वैभव के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 6.64 लाख | 125 मीटर |
| 3 | गोरी खुर्द में नन्हे लाल के मकान से श्याम सुंदर के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 8.64 लाख | 200 मीटर |

**श्रीमती राम देवी** ग्राम प्रधान

**विवेक कुमार** सचिव

## कार्यालय नगर पंचायत धौराटांडा जनपद-बरेली

पत्रांकः- 11/न0पं0धौराटांडा/टेण्डर/2025-26 दिनांकः-07-04-2025

### निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि न० पं० धौराटांडा, अनु० सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ के पत्रांक-107/2025/आर०एफ०-559/नौ-9-2025 /001-ई-1911236 दिनांक 27 मार्च 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना' अन्तर्गत प्राप्त धनराशि द्वारा निम्नलिखित कार्य कराया जाना है जिसके लिए सील बंद निविदायें दिनांक-29/04/2025 को समय 2.00 बजे तक नगर पंचायत धौराटांडा कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत धौराटांडा द्वारा बोली जायेगी। 5 लाख से अधिक की निविदा अपर जिलाधिकारी (प्र०) / प्रभारी अधिकारी (स्था०नि०) बरेली द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय बरेली में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिकी, विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 28/06/25 तक नगर पंचायत धौराटांडा कार्यालय से नकय मूल्य देकर कय की जा सकती है एवं सील बंद निविदायें नियत तिथि व समय पर कार्यालयै में रखे बाक्स में डाली जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ०डी०आर० अधवा नकद जमा करनी होगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धौराटांडा के नाम बन्धक होगी एवं एक सी रूपये वो स्टाम्प पेपर पर स्वयं का घोषण पत्र जो मय फोटो सहित नोटरी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकारअधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में कार्यालय समय पर निशुल्क देखी जा सकती है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | | | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मूल्य | 18% जी0 एस0टी0 | कुल मूल्य | |
| 1 | वार्ड नं० 02 दुर्गा मंदिर के कोने से रामलीला गेट तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 9,99,000.00 | 19,980.00 | 1000 | 180 | 1180 | दो माह |
| 2 | वार्ड नं० 06 इकवाल भाई को मकान वकील साहब के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 6,46,000.00 | 12,920.00 | 600 | 108 | 708 | दो माह |
| 3 | वार्ड नं0 03 हसनैन के मकान से इमरान भाई की दुकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 7,25,000.00 | 14,500.00 | 700 | 126 | 826 | दो माह |
| 4 | वार्ड नं 02. गणेश मौर्य के मकान से हरदयाल मौर्य के मकान तक नाले पर जाल व सी0सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 5,70,000.00 | 11,400.00 | 800 | 144 | 944 | दो माह |
| 5 | वार्ड नं 06. इमियाज के मकान से सलीम के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 4,28,000.00 | 8,580.00 | 400 | 72 | 472 | दो माह |
| 6 | वार्ड नं 09. शकील भाई के मकान से मुजफ्फर भाई के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 9,13,000.00 | 18,260.00 | 900 | 162 | 1062 | दो माह |
| 7 | वार्ड नं 11. बफाउर्रहमान के मकान से जुल्फिकार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 9,98,000.00 | 19,960.00 | 1000 | 180 | 1062 | दो माह |
| | **योग** | 52,79,000,00 | 105580 | 5400 | 972 | 6372 | |

**शर्ते :-**

1. उपरोक्त कार्यों के लिये 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा के साथ एफ०डी०आर०/ नकद रसीद के रूप लगाना अनिवार्य है। जोकि दो वर्ष पश्चात वापिस की जायेगी।
2. निविदादाता को प्रत्येक निविदा के साथ पैन कार्ड, जी०एस०टी पंजीकरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र, ई०एस०आई० सी० प्रमाण पत्र आदि लगाना अनिवार्य होगा।
3. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से बहिष्कृत ठेकेदारों / फर्मों की निविदा मान्य नहीं होगी।
4. निविदा स्वीकृती उपरान्त ठेकेदार/फर्म को निकाय में निर्धारित पंजीयन शुल्क जमा करना अनिवार्य है।
5. उक्त निर्धारित अवधि में अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
6. निर्माण कराये गये कार्यों को यदि गुणवत्ता खराब होने अधोमापक होने पर तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूट-फूट होती है तो निर्माण कार्य शासनादेश के अनुसार कार्य ठेकेदार को करना होगा।
7. प्रत्येक निर्माण कार्य स्थल पर राज्यस्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड जिसमें योजना का पूर्ण विवरण कार्य प्रारम्भ की वित्तीय व कार्य पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख किया जायेगा ठेकेदार को लगाना अनिवार्य होगा।
8. निविदा की दरें साफ-साफ शब्दों व अंकों में लिखना होगा अपूर्ण व कटिंग निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
9. फर्म/ठेकेदार को कार्य का समस्त भुगतान संबंधी कार्यवाही, शासन से धनराशि अवमुक्त होने के उपरान्त ही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौराटांडा**
**जनपद – बरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत धौराटांडा**
**जनपद – बरेली**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद- लखनऊ

पत्रांक : 62 /क्षे0पं0/निविदा-अति अल्पकालीन/2025-26 दिनाँक : 07-04 - 2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

**टेन्डर निकाले जाने की तिथि - 09.04.2025**
**टेण्डर खोलने की तिथि - 16.04.2025 (अपरान्ह 3:00 बजे)**

| क्र. सं. | टेण्डर का प्रकार | कार्य का नाम योजना का नाम | कार्य का नाम | लम्बाई (मी. में) | टेण्डर लागत GST सहित | बिड सिक्योरिटी (रू0 में 2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (कार्य आदेश से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | लालता खेड़ा से नथ्थू खेड़ा तक खड़ण्जा मरम्मत | 705 मी. | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 2. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | प्राथमिक विद्यालय से मनकौटी तक खड़ण्जा मरम्मत | 705 मी. | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 3. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | गोसवा प्राथमिक विद्यालय डामर रोड से जमोलिया सीमा तक खड़ण्जा मरम्मत | 400 मी. | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 4. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | जिन्दौर भटपुरवा सम्पर्क मार्ग से गदिया खेड़ा के खेडा तक खड़ण्जा मरम्मत | 400 मी. | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 5. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | फूलचंद खेड़ा तक खड़ण्जा मरम्मत | 100 मी. | 2.53 लाख | 5100 | 500 | 3 माह |
| 6. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | बुलबुला खेड़ा से बड़ी नहर तक खड़ण्जा मरम्मत | 200 मी. | 4.99 लाख | 10000 | 800 | 3 माह |
| 7. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मनकौटी से रानी खेड़ा तक खड़ण्जा मरम्मत | 400 मी. | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 8. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मनकौटी से गोसवा सीमा तक खड़ण्जा मरम्मत | 400 मी. | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 9. | ऑफ लाइन | पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड स्थित सभागार का मरम्मती कार्य जीर्णोद्वार | 01 जॉब | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 10. | ऑफ लाइन | 15वां के0वि0 - टाईड | उमाशंकर के घर से मडही तालाब भतोइया तक नाली निर्माण कार्य | 230 मी. | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 11. | ऑफ लाइन | 15वां के0वि0 - टाईड | बंगाली सर्विस सेंटर से बड़वा नाला तक नाली निर्माण कार्य | 222 मी. | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 12. | ऑफ लाइन | 15वां के0वि0 - टाईड | मौर्य टोला मनकौटी से गढ़ही तालाब तक नाला निर्माण व ढक्कन के साथ एक पुलिया का निर्माण | 160 मी. | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 13. | ऑफ लाइन | 15वां के0वि0 - टाईड | बेलडहिया तालाब से पिपरी तालाब तक नाला और ढक्कन निर्माण | 120 मी. | 6.01 लाख | 12100 | 800 | 3 माह |
| 14. | ऑनलाइन (जैम पोर्टल) | पंचम वित्त आयोग | क्षेत्र पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सोलर लाईट की स्थापना कार्य | 44 जॉब | 9.84 लाख | - | - | 3 माह |
| 15. | ऑनलाइन (जैम पोर्टल) | 15वां के0वि0 - टाईड | विभिन्न जगहों पर हाई मास्क का स्थापना कार्य | 06 जॉब | 9.31 लाख | - | - | 3 माह |

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद, लखनऊ द्वारा विकास खण्ड मलिहाबाद में पंजीकृत ठेकेदारों/जेम पर पंजीकृत ठेकेदारों से वर्ष 2025-26 हेतु पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना से उपरोक्त 15 कार्य हेतु प्रतिशत दर/दर अनुबंध निविदा आमन्त्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अपनी अधिकृत क्षमता के अन्तर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदा दे सकता है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी, नियम एवं शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद एवं https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कमेटी के सदस्यों एवं निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा जिस फर्म अथवा ठेकेदार द्वारा कार्य मानक के अनुसार गुणवत्ता सहित सबसे कम रेट में निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना दर्शाया गया होगा, उसी फर्म/ठेकेदार का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा।

1. महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ठ, मलिहाबाद द्वारा ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अधीकृत क्षमता के अन्तर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है।
2. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम 09 में दर्शायी गयी है।
3. निविदा की वैधता प्राप्ति के दिन से 90 दिन के लिये लिये होगी। पैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सके।
4. निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्यदिवस में 11.00 बजे पूर्णान्ह से 04.00 बजे अपरान्ह तक दिनांक 09.04.2025 से 16.04.2025 तक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि किसी शिड्यूल कामर्शियल बैंक से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के नाम देय होगा, से क्रय की जा सकती है।
5. निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में दिनांक 16.04.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्यदिवस में दिनांक 16.04.2025 को 03.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोला जायेगा।
6. निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि (EMD 2%) संलग्न होनी चाहिये। धरोहर धनराशि शिड्यूल कामर्शियल बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में होनी चाहिये, जो कि खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के पक्ष में बंधक होगा। यदि कोई ठेकेदार एक से अधिक कार्य के लिये निविदा डालता है तो उसे प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सानिविदा स्वीकृत होने के उपरान्त परफॉमेंस जमानत (Performance Security 3%) की धनराशि शिड्यूल कामर्शियल बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी, जो कि खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के पक्ष में बंधक होगा।
8. कोई निविदाकर्ता कार्यदायी संस्था में जहां उनका सम्बंधित अथवा उनकी पत्नी का कोई निकट सम्बंधी (प्रथम रक्त सम्बंधी अथवा उनकी पत्नी) खण्ठीय लेखाकार के रूप में कार्यरत हो अथवा खण्ड विकास अधिकारी से अवर अभियंता, (दोनो को सम्मिलित करते हुये) डालने लिये योग्य नहीं होगा। निविदाकर्ता द्वारा यह शपत्रपत्र भी दिया जायेगा, जिसके उसके सम्बंधियों के नाम तथा उनके पदनाम का उल्लेख होगा जो कि कार्यदायी खण्ड एवं उससे सम्बंधित वृत्त में कार्यरत हो। यदि राजपत्रित अभियंता अथवा राजपत्रित अधिकारी जो कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के प्रशासकीय विभाग में कार्यरत हो, सेवानिवृत्त के दो वर्ष तक बिना सरकार की अनुमति के ठेकेदारी के काम के लिये राज्य सरकार से अनुमति नहीं ली है या ठेकेदार के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है तो ठेकेदारी को निरस्त किया जाता है।
9. निविदा से सम्बंधित विवरण निविदा डालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग, विशिष्टियां, मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्ते जिनका ठेकेदार द्वारा पालन किया जाना है, का निर्धारण खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में किया गया है। किसी कार्यदिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से 04.00 बजे तक दिनांक 09.04.2025 से 16.04.2025 तक देखा जा सकता है।
10. कोई भी निविदाकर्ता जिसका अपराधिक रिकार्ड है, निविदा में भाग नहीं ले सकता है।
11. ऐसे निविदाकर्ता जो राज्य विधि कौसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबंधित होंगे।
12. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। कोई भी अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
13. सेस एवं अन्य करों की कटौती नियमानुसार ठेकेदार के बीजक से की जायेगी।
14. धन की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य के सापेक्ष भुगतान किया जायेगा।
15. निविदादाता द्वारा गत 03 वर्षों के आई0टी0आर0 रिर्टन जमा करना होगा।
16. निविदादाता द्वारा अपना जी0एस0टी0 एवं पैन कार्ड की स्थाप्रमाणित छायाप्रति जमा करनी होगी।
17. उक्त संस्था के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी से सम्बंध न होना का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
18. निविदादाता द्वारा स्वयं के हस्ताक्षर से एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें किसी भी राजकीय विभाग अथवा संस्था द्वारा फर्म/कम्पनी को काली सूची में नहीं डाला गया हो।
19. निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ऑफ इंडिया मलिहाबाद के खाता सं0 755510210000004 जिसका IFSC Code -BKID0007555 में जमा कराकर रसीद कार्यालय में जमा करके निविदा फार्म ले सकते है।

**(प्रमुख)**
**क्षे. पं., मलिहाबाद- लखनऊ।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मलिहाबाद- लखनऊ।**

# महिलाओं की समस्याओं का हो त्वरित निदान

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिला जनसुनवाई का किया आयोजन

» आयोग उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेगा : विजया किशोर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की त्वरित सुनवाई और राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रारंभ किए गए 'महिला आयोग आपके द्वार' अभियान के तहत आज राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महिलाओं की परिवेदनाओं को तसल्ली से सुना और तत्काल राहत प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने



महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वारा महिला जनसुनवाई के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग से शिवानी डे व अन्य अधिकारी और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, डीएम चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण की अधिवक्ता श्वेता सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने कहा कि आयोग उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष रहाटकर ने महिला परामर्श केंद्रों के महत्व पर भी बल दिया और अधिकारियों को पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की काउंसलिंग की सलाह दी।

जनसुनवाई के दौरान करीब 55 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें अधिकांश मामले पति-पत्नी या पारिवारिक विवादों से जुड़े थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए और उन्हें त्वरित राहत दी जाए।

## अध्याय : मोदी और काशी, आत्मा और नगर का अद्भुत संगम

**गोविंद तिवारी**

**वाराणसी।** काशी एक नगर नहीं, एक चेतना है। एक ऐसा नगर जहां समय ठहरता नहीं, बल्कि काल के पार चला जाता है। यह वह भूमि है जहाँ मानव आत्मा को मोक्ष की झलक मिलती है, और जहाँ आस्था, परंपरा और संस्कृति ने अनंत युगों तक अपनी छाया फैलायी है। ऐसे नगर से जब नरेंद्र मोदी जैसे नेता का नाता जुड़ता है, तो वह एक सामान्य राजनेता और एक ऐतिहासिक नगर के बीच का रिश्ता नहीं होता, बल्कि आत्मा और नगर के बीच का अद्भुत संगम बन जाता है।

**मोदी की आस्था की जड़ें :** नरेंद्र मोदी का जीवन बचपन से ही साधना और आध्यात्मिक खोज से जुड़ा रहा है। एक साधारण परिवार में जन्मे बालक नरेंद्र ने चाय बेचते हुए जिन अनुभवों को आत्मसात किया, उन्होंने उनके भीतर एक तपस्वी को जन्म दिया। युवावस्था में हिमालय की कठिन यात्राएं, साधु-संतों के बीच समय बिताना, एक तपस्वी जीवन की झलकियाँ थीं।

काशी, जो साक्षात भगवान शिव की नगरी मानी जाती है, नरेंद्र मोदी के आध्यात्मिक झुकाव से गहराई से मेल खाती है। यहां की हर गली, हर घाट, हर मंदिर मोदी के लिए केवल दर्शनीय स्थल नहीं, बल्कि साधना स्थल हैं। जब उन्होंने 2014 में कहा, "मुझे मां गंगा ने बुलाया है," तो वह कोई राजनीतिक बयान नहीं था, बल्कि एक साधक की पुकार थी, जो अपनी साधना को पूर्ण करने शिव की नगरी में आया था।

**गंगा और मोदी–आत्मिक संवाद :** गंगा नदी, जिसे भारतीय सभ्यता की माता कहा जाता है, नरेंद्र मोदी के मन में एक विशिष्ट स्थान रखती है। वे गंगा को केवल जलधारा नहीं मानते, बल्कि संस्कृति की धारा मानते हैं। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद "नमामि गंगे" योजना का शुभारंभ इस भावना का परिणाम था। काशी के घाटों का सौंदर्यीकरण, गंगा की स्वच्छता और जीवनदायिनी स्वरूप को पुनः स्थापित करना उनके प्रयासों का केंद्र रहा है।

मोदी जब गंगा के तट पर दीप




प्रवाहित करते हैं, तो वह दृश्य केवल राजनैतिक आयोजन नहीं होता, वह एक आत्मा का संवाद होता है, अपनी जननी से, अपनी संस्कृति से।

**काशी विश्वनाथ धाम : श्रद्धा से शिल्प तक :** काशी विश्वनाथ धाम परियोजना, मोदी के काशी प्रेम का सबसे ज्वलंत उदाहरण है। दशकों से तंग गलियों में सिमटे विश्वनाथ मंदिर को उन्होंने जिस भव्य रूप में पुनर्निर्मित किया, वह केवल एक शिल्पीय कार्य नहीं, एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण है।

इस परियोजना में मंदिर के चारों ओर सौ से अधिक भवनों का अधिग्रहण हुआ, जिनमें सैकड़ों वर्षों की विरासत भी समाहित थी। परंतु जिस संवेदनशीलता से पुरातन और नवीन का संगम रचा गया, वह दर्शाता है कि मोदी केवल विकास नहीं करते — वे संस्कृति को संजोते हुए विकास का मार्ग बनाते हैं।

**जनता और जननेता का संबंध :** काशी की जनता ने नरेंद्र मोदी को नेता नहीं, "काशी का बेटा" माना। मोदी ने भी इस नाते को निभाया। चुनावों में उन्होंने कोई परंपरागत वादा नहीं किया, बल्कि कहा, "मैं यहां आया नहीं, मुझे बुलाया गया है।" इस कथन में एक आध्यात्मिक समर्पण था। वे जनता से वोट नहीं मांग रहे थे, वे अपना दायित्व स्वीकार कर रहे

### निष्कर्ष : काशी मोदी एक तपस्वी और तीर्थ की कथा

मोदी और काशी का संबंध केवल राजनीतिक नहीं, आध्यात्मिक है। नरेंद्र मोदी ने काशी को आत्मसात किया है और काशी ने मोदी को अपनाया है। यह केवल एक नेता और एक नगर का रिश्ता नहीं है, यह आत्मा और तीर्थ का मिलन है। एक ऐसा मिलन जहाँ कर्म, भक्ति और प्रशासन एक साथ चलते हैं। जहाँ नेता एक साधक है, और नगर एक तपोभूमि। काशी और मोदी यह रिश्ता कालजयी है, प्रेरणादायी है, और आने वाले युगों के लिए एक आदर्श भी।

थे। मोदी के काशी दौरे केवल योजनाओं की समीक्षा नहीं होते, वे आत्मिक यात्राएं होते हैं। वे शिक्षकों के चरण स्पर्श करते हैं, घाटों पर बैठकर साधुओं से मिलते हैं, बनारसी पान खाते हैं और लोककला में भाग लेते हैं। यह उनके और जनता के बीच आत्मीय संबंध को पुष्ट करता है।

**भाषणों में काशी की आत्मा :** जब मोदी काशी में भाषण देते हैं, तो उनके शब्दों में राजनीतिक आक्रामकता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भावुकता होती है। "हर हर महादेव" से आरंभ कर वे जनता से आत्मिक जुड़ाव बनाते हैं। उनका हर भाषण मानो एक स्तुति की तरह होता है, काशी के प्रति श्रद्धा की, उसके इतिहास की, और उसकी आत्मा की।

**वैश्विक मंच पर काशी :** मोदी ने काशी को न केवल देश में बल्कि वैश्विक मंच पर एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित किया। चाहे G20 समिट हो, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन हो, या फिल्म फेस्टिवल मोदी ने काशी को "लोकल से ग्लोबल" की यात्रा पर अग्रसर किया।

उनके प्रयासों से काशी अब न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि संस्कृति, व्यापार और पर्यटन का वैश्विक केंद्र भी बन रहा है।

## कोटवा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मिल्कीपुर।** इनायत नगर के कोटवा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 32 वर्षीय मनोज कुमार विश्वकर्मा का शव घर में पंखे से लटका मिला। परिजन उसे तुरंत सीएचसी मिल्कीपुर ले गए। डॉक्टर प्रदीप कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक शराब का आदी था। वह रोज शराब पीकर घर आता था। पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था। उसकी पत्नी मजदूरी करके परिवार का पेट पालती थी। मनोज ने इससे पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास किया था। कभी फांसी लगाने की कोशिश की, तो कभी मिट्टी का तेल डालकर जान देने की कोशिश की।मृतक के तीन नाबालिग बच्चे हैं। घटना की सूचना मिलते ही इनायत नगर थाने के उपनिरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उपनिरीक्षक का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

## महिला जनप्रतिनिधियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

» त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को अधिक सशक्त बनाना लक्ष्य

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आज अयोध्या के डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया।




कार्यशाला में लगभग 400 महिला जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन महिला जनप्रतिनिधियों की क्षमता को और अधिक सशक्त बनाना था, ताकि वे अपने क्षेत्रों में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें और अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँच सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान, राज्य आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी, श्रीमती अपर्णा यादव और अन्य गणमान्य व्यक्तियाँ भी उपस्थित रहीं। विजया रहाटकर ने महिला जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं, लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक आदर्शों से परिचित कराना है, ताकि वे अपने अधिकारों और दायित्वों को समझकर अपने गाँवों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। रहाटकर ने महिला जनप्रतिनिधियों को यह प्रेरणा दी कि वे अपने कार्यों में सक्षम हैं और उन्हें किसी पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, आप निर्वाचित होकर आई हैं, आप सक्षम हैं, अपने कार्यों को स्वयं करें। कार्यशाला में महिलाओं को नए कौशल सिखने के लिए उत्साहित देखा गया और उन्होंने यह भी बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बाद उन्हें नई प्रेरणा मिली है।

## चित्र प्रदर्शनी में दिखी भाजपा के राजनीतिक यात्रा की जीवंत झलक

» भाजपा कार्यालय सहादतगंज में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी

» भाजपा एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय : लल्लू सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के सहादतगंज कार्यालय में स्थापना दिवस समारोह में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने फीता काट कर किया। प्रदर्शनी में पार्टी की राजनैतिक यात्रा को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न पोस्टर व कटआउट लगाए गए हैं। सरकार में रहते हुए किए गए ऐतिहासिक कार्यों तथा पार्टी नेताओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व पूर्व महापौर



ऋषिकेश उपाध्याय ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बीजेपी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। पार्टी की परिकल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो। प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान 'विश्वशक्ति' एवं 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतान्त्रिक राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति, सम्प्रदाय अथवा लिंगभेद के बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर व धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो। मौके पर डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह अभिषेक मिश्रा, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्या, राघवेंद्र पांडे, अमल गुप्ता, मुकेश तिवारी, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, काशीराम रावत अरविंद सिंह, सरोज मिश्रा, प्रतिमा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यसमिति की बैठक आज गौहनिया स्थित गोपाल मैरिज लॉन में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की सदस्यता अभियान और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर शुरू किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत गोरखपुर से रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। इसके तहत रालोद के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाएंगे।बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अवधेश रावत ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने किया।

## बैठक में दर्जी समाज के उत्थान और विकास पर विस्तार से हुई चर्चा

**अयोध्या।** मुस्लिम इदरीसी महासभा इदरीसिया (दर्ज़ी) समाज की वार्षिक बैठक उस्ताद देग की फातिहा के मुबारक़ मौके पर आज मया ब्लॉक के बेरासपुर गांव में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का आगाज़ आयते कलामुल्लाह अल्लाह के मुकद्दस कलाम से शुरू हुआ। नातिया कलाम पेश करते हुये बुजुर्ग मौलवी अब्दुल जब्बार ने हज़रते इदरीस अलैहिस्सलाम के बयानात पेश किये। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रमुख महाराष्ट्र जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी जी ने सभा को सम्बोधित करते हुये समाज को एकजुट करने आपसी मेल-मिलाप, भाईचारा कायम रखने वा समाज को संगठित रहने, एवं दहेज महिला उत्पीड़न जैसी गम्भीर समस्या को खत्म करने की बात कहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा अम्बेडकरनगर के जिला संगठन मंत्री नसीम इदरीशी ने समाज के विकास पर अपनी राय रखीं। तुगलकाबाद नई दिल्ली से आये शौकत अली और मोहम्मद समीर ने समाज के प्रति हर विषम परिस्थिति में अपने समाज की हर तरह से खिदमत करने की बात कहीं। मुस्लिम इदरीशी महासभा मया ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिगिनियां सरजमीं आस्ताने के ख़ादिम वा युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी जी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, बेगम हजरत महल वा मौलाना आजाद शादी शगुन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं क्रान्तिकारी वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## अनुचर एरियर के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को मजबूर

**अंबेडकरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते कर्मचारियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। स्कूल से सेवानिवृत्त होने के बाद एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को अवशेष धनराशि के लिए एड़ियां रगड़नी पड़ रही है। प्रकरण शिक्षा खंड जलालपुर के रामदेव भीखीराम लघु माध्यमिक विद्यालय अकबालपुर सलाहपुर इटौरी के सेवानिवृत्त अनुचर हरिश्चन्द्र से जुड़ा हुआ है। हरिश्चन्द्र ने बताया कि विद्यालय में सेवारत रहते हुए वेतन तो उठाया लेकिन अब सेवानिवृत्त होने के बाद एरियर के लिए बेसिक शिक्षा विभाग का चक्कर काटना पड़ रहा है। अवशेष देयों के भुगतान के लिए विभाग में दौड़ते- दौड़त थक हार जाने के बाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत करनी पड़ी। जिसमें उच्च न्यायालय के 14 नवम्बर 2024 के आदेश के क्रम में बीएसए को प्रकरण का निस्तारण करने का आदेश पारित किया गया था।

## परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई

**जलालपुर।** जलालपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को नगर के मंगलम मैरेज हॉल में भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत शिक्षक अनिल यादव व उर्मिला देवी के विदाई समारोह पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक आजीवन समाज का पथ प्रदर्शक होता है। वह कभी भी अपने कार्य क्षेत्र से सेवानिवृत्त नहीं होता है। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केपी सिंह व भियांव खंड शिक्षा अधिकारी विवेक द्विवेदी, शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देशभक्ति से ओतप्रोत गानों पर बच्चे



जमकर थिरके। बाल कलाकारों में यमुना मोहम्मदी, उजमा अदीब, सलोनी आसिया, मारिया खदीजा, बुशरा फात्मा, शबाना, उम्मे सलमा, उम्मे ऐमन आदि बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पीएम श्री विद्यालय जलालपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व विदाई गीत प्रस्तुत कर समां बांधा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक का आयोजन

**अंबेडकरनगर।** 10 मई को जनपद न्यायालय में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए मंगलवार को एडीआर भवन में भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में आने वाली पत्रावलियों एवं प्रार्थनापत्रों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश देने के सम्बन्ध में मध्यस्थता केन्द्र में कार्यरत अधिवक्ता मध्यस्थगण के साथ बैठक हुई। विचाराधीन एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में सिद्धदोष बंदियों को अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा दिये गये 16 बिन्दुओं के आधार पर प्रभावी पैरवी के माध्यम से रिहा करवाने के कम में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

## एसोसिएशन ऑफ पूर्वांचल ब्लड डोनर के मंत्री बने सूरज गुप्ता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** संकल्प मानव सेवा संस्था अम्बेडकरनगर संस्थापक सूरज गुप्ता को रक्तदान के क्षेत्र में किये गये कार्यों की बदौलत उन्हें एसोसिएशन ऑफ पूर्वांचल ब्लड डोनर्स का मंत्री नियुक्त किया गया! एसोसिएशन ऑफ पूर्वांचल ब्लड डोनर्स पूरे पूर्वाचल के रक्तदान के क्षेत्र में निस्वार्थ रूप से कार्य करने वाली सभी संस्थाओं को एक जुट कर के असहाय व जरूरतमंदो की मदद करने की दिशा में कार्यरत है। रक्तमित्र सूरज गुप्ता ने समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगा कर जरूरत मंद की सेवा निस्वार्थ करते रहतें है थैलेसिमिया, एप्लास्टिक अनेमिया, कैंसर, गर्भवती महिला, नवजात शिशु आदि जरूरतमंदों



व लावारिस मरीजों को हजारों लोगों की सेवा रक्तदान से कराया और सिर्फ अम्बेडकरनगर ही नहीं वाराणसी, आज़मगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली, कोलकता में भी जरूरतमंदों को ब्लड मुहैया कराया। सूरज गुप्ता अब तक 70 बार रक्तदान कर चुके है। सूरज गुप्ता अपनी टीम के साथ समय-समय पर वाराणसी स्थित होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल में कैंसर से पीड़ित बच्चों को प्लेटलेट्स दान करने भी जाते रहें है। सूरज गुप्ता व उनकी संस्था संकल्प मानव सेवा संस्था को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व भारतीय हांकी के पूर्व कप्तान, अशोक ध्यानचंद आदि से देश के कई राज्यों हरियाणा, मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश में सम्मानित किया जा चुका है।

## गोला फेंक में क्रिश, चेस में अमनउल्लाह व ईशाश्री चैंपियन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 32 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने मशाल जलाकर एवं विवि का झंडा फहराकर खेल का शुभारंभ किया।कुलपति ने सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति शपथ दिलाई। सभी आठ हाउस की टीमों ने मार्च पास्ट किया। इस मौके पर कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह भी खेल मैदान पहुंची और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है प्रतियोगिता का पहला मैच गोला फेंक से हुआ जिसमें सभी हाउस की टीमों ने प्रतिभाग किया।

विवि के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि गोला फेंक पुरुष वर्ग में पिंक हाउस के क्रिश डोंडियाल ने 9.10 मी. गोला फेंक कर गोल्ड मेडल को अपने नाम कर लिया। पर्पल हाउस के अजय चंद्रा ने 8.10 मी. गोला फेंककर सिल्वर मेडल हासिल किया तो वहीं यलो हाउस की टीम के अमित सिंह 7.80 मीटर ही गोला फेंक पाए और उन्हें ब्रॉज से संतोष करना पड़ा।

चेस प्रतियोगिता खेल अध्यक्ष डा. नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ जिसमें पुरुष वर्ग में ग्रीन हाउस के अमनउल्लाह खान ने बुद्धिमता और रणनीति का परिचय देते हुए गोल्ड पर कब्जा जमा लिया। पर्पल हाउस टीम के रोहन कुमार रनरअप रहे। वहीं महिला वर्ग में ईशाश्री ने गोल्ड मेडल हासिल किया तो ग्रीन हाउस की प्राची आर्या रनरअप रहीं। वॉलीबॉल में पुरुष वर्ग में क्वार्टर फाइनल खेलकर यलो, पिंक, ग्रीन, पर्पल हाउस की टीमें सेमी फाइनल में पहुंच गईं हैं। सेमीफाइनल में यलो हाउस का टक्कर पिंक हाउस और ग्रीन हाउस व पर्पल हाउस आमने सामने होंगे। वहीं दूसरी तरफ वॉलीबॉल महिला वर्ग में रेड, पिंक, ग्रीन व ब्लू हाउस की टीमें सेमी फाइनल में एक दूसरे को टक्कर देंगी। जनसूचना मिलने तक 100 और 400 मीटर की प्रारंभिक दौड़ खत्म हो चुकी थी। फुटबॉल में आठ टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मैच चल रहा था। खेल में इंजीनीयर वी.के सिंह, अभिषेक सिंह, डॉ देवनारायण, डा. वी.पाल, जितेंद्र मौर्य, कन्हैया मिश्रा, अनुराग सिंह व आनंद दूबे की निर्णायक के रूप में मुख्य भूमिका रही। यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, टीम अध्यक्ष एवं सह अध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित होगी प्रतियोगिता, विभिन्न प्रदेशों की 31 टीमें करेंगी प्रतिभाग

# राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए शुभंकर व आदर्श वाक्य जारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** आगामी 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा खेल की भावना, मूल्यों और संस्कृति को दर्शाने वाला शुभंकर और आदर्श वाक्य जारी किया गया, साथ ही जनपद के हैंडबॉल संघ का लोगो भी जारी किया गया। यह जनपद के लिए बड़े हर्ष के साथ बड़ी उपलब्धि है कि यहां आगामी 20 से 24 अप्रैल तक राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों की 31 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, मणिपुर, चंडीगढ़, पांडिचेरी, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उड़ीसा, जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, बिहार, केरल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, झारखंड, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, मुंबई हँडबॉल अकैडमी, स्पोर्ट्स कैस्टल, असम, आर्यावर्त, यशस्वी एकेडमी. एसएन पांडे हैंडबॉल एकेडमी, दमन एवं दीव, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, पांडिचेरी और नागालैंड की टीमें सम्मिलित हैं।

किसी भी अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल का शुभंकर और आदर्श वाक्य जारी करना महत्वपूर्ण कड़ी होता है और यह ऑर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट द्वारा जारी किया जाता है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी श्री अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के शुभंकर एवं आदर्श वाक्य को लॉन्च किया गया। शुभंकर जिसका नाम



"टॉयगॉन" है जिसका मतलब टाइगर और लायन का सयुक्त रूप है, यह शुभंकर खेल भावना, मूल्यों और संस्कृति को दर्शाता है। इसी प्रकार आदर्श वाक्य "संकल्प ही जीत है", जिसका मतलब है कि किसी चीज को ठान लिया जाय तो लक्ष्य प्राप्ति निश्चित है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी की जा रही है यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा और सम्पूर्ण भारतवर्ष से आने वाले खिलाड़ी यहां से अच्छा संदेश और अनुभव लेकर जाएंगे।

**अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल टीम का चयन भी यहीं होगा :** इस बड़ी उपलब्धि में एक और कड़ी जुड़ गई है आगामी मई माह में ओमान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु टीम का चयन भी यहीं किया जाएगा। इसके लिए बाहर से चयनकर्ता आ रहे हैं जिनके द्वारा आयोजन अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे देश से आ रहे खिलाड़ियों में से अंतराष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।

प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ 20 अप्रैल को राजकीय हवाई पट्टी ग्राउंड अकबरपुर पर होगा। इसमें खिलाड़ियों का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत होगा जिसमें खिलाड़ियों को पट्टिका पहनाई जाएगी, तिलक और पुष्पवर्षा की जाएगी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी दर्शनीय प्रस्तुतियां होंगी। डीएम ने बताया कि हवाई पट्टी के खाली ग्राउंड में हैंडबॉल के तीन मैदान तैयार किए जा रहे हैं जिसमें 2 ग्राउड पर दिन में मैच होंगे जबकि तीसरे ग्राउंड में रात्रि कालीन मैच होंगे। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ी स्पोर्ट्स कोटे में नौकरी के पात्र होंगे, साथ ही स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा निकाली गई भर्तियों में इनको लाभ मिलेगा और आगामी समय में होने वाली भर्तियों में इन्हें स्पोर्ट कोटा मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आयोजित हो रहे हैं इस राष्ट्रीय आयोजन से पूरे प्रदेश एवं देश में जनपद अंबेडकर नगर खेल के क्षेत्र में भी अपनी छटा बिखेरेगा। उन्होंने कहा कि 31 से अधिक राज्यों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं जिससे जनपद में सभी लोग इन सभी राज्यों की संस्कृति एवं सभ्यता से रूबरू हो होंगे। तथा हम उन्हें अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं व्यंजनों से अवगत करा सकेंगे।

## गुजरात अधिवेशन में अंबेडकरनगर का प्रतिनिधित्व करेंगे मेराजुद्दीन किछौछवी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस के विस्तारित महाधिवेशन में एआईसीसी सदस्य मेराजुद्दीन कि छौ छ वी अंबेडकरनगर का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज गुजरात रवाना हो गए।



जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने बताया कि बेलगावी कर्नाटक का सत्र स्थगित होने के उपरांत 8 अप्रैल को देश भर के एआईसीसी सदस्यगणों की बैठक को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी और लोकसभा में नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी जी संबोधित कर संगठन को मजबूत करने पर गहन विचार विमर्श करेंगे.

उप्र कांग्रेस में जनपद का सशक्त प्रतिनिधित्व करनेवाले उप्र कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डा जियाराम वर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के नामचीन चिकित्सकों के दल ने गुजरात अधिवेशन में आये समस्त कांग्रेस जनों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए गुजरात प्रदेश कांग्रेस के साथ कोआर्डिनेट कर रहा है। मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि यह जनपद अम्बेडकर नगर के लिए गौरव की बात है।

# शिक्षा के साथ खेलों का भी अधिक महत्व है : डीएम

## पीएमश्री विद्यालय में प्रस्तावित सभी कार्यों को जल्द कराया जाएगा पूर्ण, लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के माध्यम से विकास खण्ड भावलखेड़ा के अन्तर्गत गोद लिये पी.एम.श्री विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी में अध्यनरत 50 छात्र-छात्राओं को कबड्डी, क्रिकेट एवं तीरंदाजी, बॉलीवाल किट एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि ददौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह रहे। मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी एवं विधायक ददरौल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी एवं विधायक ददरौल ने छात्र छात्राओं को एक एक कर खेल किट वितरित की। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों द्वारा तिरंदाजी मे निशाना लगवाकर देखा तथा उनका भी उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने नये सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पुस्तके तथा प्रवेश फार्म वितरित किये। मुख्य अतिथि ने बताया कि यह कार्यक्रम 'समग्र शिक्षा अभियान' के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों का भी अत्याधिक महत्व है। आज शिक्षा के साथ ही खेलो के क्षेत्र में भविष्य बनाया जा सकता है। खेलों में नियमित प्रतिभाग करने से शरीर भी स्वास्थ्य रहता है। मा0 विधायक ने कहा कि विकास खण्ड भावल खेड़ा के अन्तर्गत पीएमश्री विद्यालयों की खेल प्रतियोगिता आयोजित करायी जाए। उन्होने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने हेतु उनके स्तर से हर संभव प्रयास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि खेलों को गंभीरता से अच्छे से खेले तथा तैयारी करें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बहुत आगे तक ले जाया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित खेलों के कोच लगाने हेतु निर्देश दिये। उन्होने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों को दी जा रही शिक्षा के स्तर की जाच की। इस दौरान उन्होने बच्चों को चाकलेट व जूस के पैकेट भी वितीत किये। उन्होने सभी बच्चों से कहा कि नियमित रूप से विद्यालय में आया करें। उन्होने सभी बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनश्चिति करने के निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि नया सत्र शुरू हो गया है छूटे हुय सभी बच्चों के प्रवेश करायें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पीएमश्री विद्यायल में प्रस्तावित सभी कार्यो को जल्द पूर्ण कराया जायेगा। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल बमनिया, प्रधानाध्यापक देवेश बाजपेयी, विनायक मिश्रा, सचिन अवस्थी, हरि शरण तिवारी, पुनीत मिश्रा, नागेंद्र पाठक, पुनीत दीक्षित, सचिन तिवारी, देशराज, परवेज आलम, विनय, सल्तनत नावेद, सावित्री देवी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम प्रकाश, मनोज कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राम सिंह उपस्थिति रही।

## एक नजर

### ग्यारस पर बाबा श्याम का दिव्य-अलौकिक श्रृंगार



**बरेली।** श्री शिरडी साई खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर, में चैत्र मास शुक्लपक्ष की कामदा–एकादशी के पावन अवसर पर,कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने 62 व जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाबा श्याम का दिव्य और अलौकिक श्रृंगार किया महंत पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि बाबा श्याम का यह दिव्य श्रृंगार कलकत्ता, बैंगलोर और दिल्ली से मंगाए गए सुंदर फूलों की मालाओं से किया गया, जिसने मंदिर को और भी पवित्र और आकर्षक रूप प्रदान किया। श्रृंगार सेवा के साथ ही रामगंगा कुष्ठ आश्रम से आए सभी लोगों को भोजन प्रसाद भी वितरित किया गया। एकादशी के मौके पर शाम 7:00 बजे से बाबा श्याम का गुणगान शुरू हुआ, जो श्याम इच्छा तक चला। भजन गायक सोनल चंचल, मोहन दीवाना, अभिराज सिंह, और अभिषेक ने अपने मधुर स्वरों से ऐसा जादू बिखेरा कि भक्त नाचने और झूमने पर मजबूर हो गए। सैकड़ों श्याम भक्तों ने इस गुणगान में हिस्सा लिया और बाबा की भक्ति में लीन हो गए। महंत पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि बाबा श्याम के दर्शन से सभी परेशानियां दूर होती है और उनके दरबार में आकर असीम शांति की अनुभूति होती है। हर ग्यारस (एकादशी) पर मंदिर में श्याम गुणगान की परंपरा निभाई जाती है, जो भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव होता है। इस अवसर पर पंडित सुशील पाठक के साथ संजय आयलानी, अनुपम टीबडेबाल, उमाशंकर ऐरन, सविता अग्रवाल, अनूप मिश्रा, भावना अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, बेनीराम प्रजापति, गुरमंगत सिंह, रामबहादुर प्रजापति, इंद्रेश जी, शिवांगी, नीरज अग्रवाल, शोभित श्रीवास्तव, दीपक कुमार, अंकुश अग्रवाल, सविता जी, राजेंद्र अरोरा, मीनू अरोरा, मनोज गुप्ता, जगमोहन प्रजापति, काजल, कोमल, महेंद्र प्रजापति, अनुशील पाठक समेत कई अन्य भक्तों ने श्याम भजनों का आनंद लिया।

### 20 से 30 लाख खर्च, फिर भी समस्या बरकरार

**बरेली।** आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिए नगर निगम हर साल करीब 20 से 30 लाख रुपये खर्च कर रहा है। इसके बावजूद आवारा कुत्तों से निजात नहीं मिल रही है। पार्षद राजेश अग्रवाल ने नगर आयुक्त से शिकायत कर जांच की मांग की है। नगर निगम ने एक फर्म को कुत्तों को पकड़ने और उनके बंध्याकरण की जिम्मेदारी दी है पार्षद राजेश अग्रवाल ने सोमवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर बताया है कि नगर निगम का लेखा विभाग से पांच साल से एजेंसी को गलत भुगतान किया जा रहा है। इस वितीय वर्ष में 27,53,445 लाख का भुगतान किया है। आरोप है कि 2022-23 के वितीय वर्ष में करीब 19 लाख, 2023–24 में 30 लाख रुपये से अधिक का भुगतान कुत्ता पकड़ने के नाम पर किया गया है। अगर जांच की जाए तो बड़ा गोलमाल उजागर होगा। कुत्तों को पकड़ने का काम केवल कागजों में किया जा रहा है जबकि धरातल पर कुत्तों से लोग परेशान हैं। इनके हमले से आए दिन घायल होकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बोर्ड बैठक में भी मामले की जांच की मांग की है।

### पांच चौकी प्रभारियों को किया गया पुरस्कृत

**बरेली।** पुलिस कप्तान की कसौटी पर फिसड्डी साबित हुए पांच चौकी प्रभारियों के खिलाफ जांच बैठा दी गई है, वहीं पांच प्रभारियों को पुरस्कृत किया है। फतेहगंज पश्चिमी कस्बा चौकी प्रभारी और उनके साथी सिपाहियों पर मुकदमे और निलंबन की कार्रवाई के बाद अब एसएसपी अनुराग आर्य ने यह पहल की है। फरवरी के मूल्यांकन में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सेटेलाइट चौकी प्रभारी गौरव कुमार अत्री को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व 10 हजार रुपये पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहे मीरगंज कस्बा चौकी प्रभारी यतेंद्र सिंह को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और सात हजार रुपये पुरस्कार मिला। तीसरे स्थान पर कैंट की नकटिया चौकी के प्रभारी मोहित चौधरी रहे। उन्हें ट्रॉफी, प्रशस्तिपत्र और चार हजार रुपये मिले। चौथे स्थान पर भमोरा की सरदारनगर चौकी प्रभारी विकास यादव रहे। उनको प्रशस्ति पत्र और 2500 रुपये दिए गए। नवाबगंज कस्बा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा को पांचवां स्थान मिला। उन्हें प्रशस्ति पत्र और 1500 रुपये पुरस्कार दिया गया है। सबसे खराब प्रदर्शन बारादरी की रुहेलखंड चौकी के प्रभारी राहुल सिंह पुंडीर का रहा। आंवला की रामनगर चौकी के प्रभारी नरेंद्र कुमार, प्रेमनगर की अशरफ खां चौकी के प्रभारी मनोज कुमार, इज्जतनगर की कर्मचारी नगर चौकी के प्रभारी सतीश कुमार और बैरियर वन चौकी के प्रभारी संजय सिंह भी इस कसौटी पर खरे साबित नहीं हुए। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि विवेचना, जनशिकायतों के निस्तारण, चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी की विवेचनाओं के निस्तारण के आधार पर मूल्यांकन किया गया है।

# जीवन के लक्ष्य को पहचानें और नशे से दूर रहे युवा पीढ़ी

## युवा जागरूकता के माध्यम से नशे के विरुद्ध संघर्ष का ऐलान, प्रभावशाली रहा अभियान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक जागरूकता को सशक्त करने के उद्देश्य से मानव सेवा समिति द्वारा एक विशाल अभियान चलाया गया, जो राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया।
इस अभियान की विशेष श्रृंखला के अंतर्गत रतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज भूड़ा मैनारी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पुवायां, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पुवायां, डॉ.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय बड़ागांव, तथा श्री फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नियामतपुर में प्रभावी एवं संवादात्मक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि हर शिक्षण संस्था में सैकड़ों विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही, जो अपने जीवन को नशा मुक्त एवं समर्पित बनाकर समाज की उन्नति में योगदान देने को प्रतिबद्ध दिखाई दिए। सभी कॉलेजों में आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान चाय-नाश्ते की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे विद्यार्थीगण और स्टाफगण स्वयं को कार्यक्रम से गहराई से जोड़ सके। साथ ही, निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत,युवाओं की भूमिका, एवं ₹एक स्वस्थ समाज की आवश्यकता₹ जैसे विषयों पर विचारपूर्ण लेखन प्रस्तुत किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, आकर्षक शील्ड एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें आत्मबल एवं आगे बढ़ने का उत्साह उत्पन्न हुआ।
इस कार्यक्रम मे श्रीनिवास गुप्ता, सुरेश पाल एवं प्राजंलि गुप्ता जैसे अनुभवी रिसोर्स पर्सनों ने अपने विचारों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। श्रीनिवास गुप्ता ने कहा, नशा वह बीमारी है जो शरीर के साथ आत्मा को भी खोखला कर देती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने जीवन के लक्ष्य को पहचानें और ऐसी चीजों से दूरी बनाकर अपने परिवार, समाज और देश को सशक्त बनाएं।" सुरेश पाल ने युवाओं से आग्रह किया कि नशा केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, यह सामाजिक बुराई है।


## कार्यालय ग्राम बरनई वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 12 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**आरती देवी** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव


# जश्न–ए–ईद– होली मिलन, सूफियाना संगीत और भाईचारे का अनूठा संगम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और फहमी आईवीएफ सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को आईएमए हॉल में जश्न-ए-ईद-होली सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में सूफियाना संगीत और भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अनीस बेग के नेतृत्व में हुई, मशहूर कव्वाल अनीस साबरी ने अपनी सूफियाना गायन से वातावरण को मोहक बना दिया।देर रात तक कव्वालियों से समां बांधा उनके मधुर स्वरों ने एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, जिसमें श्रोताओं ने दिल खोलकर तालियों की गड़गड़ाहट की और साथ में गुनगुनाने लगे। मशहूर कव्वाल अनीस साबरी ने देर रात तक कव्वालियों से समां बांध दिया, जिससे पूरा हॉल सूफियाना रंगों से भर गया। इस अवसर पर डॉ. अनीस बेग ने लोगों को गले मिलकर ईद और होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ₹हमारा मकसद समाज में प्रेम और एकता का संदेश फैलाना है। जब हम सब मिलकर त्योहार मनाते हैं, तो यह न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ाता है, बल्कि समाज को भी मजबूती देता है।

इंसानियत ही हमारा पहला धर्म है। कार्यक्रम में न केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की गईं, ईद और होली के पारंपरिक व्यंजन, मिठाइयाँ, फल और इत्र का वितरण भी किया गया, जिससे त्योहार की खुशबू हर ओर फैली। उपस्थित लोगों ने इन परंपराओं का भरपूर आनंद लिया और त्योहार की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम का आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव के रूप में बल्कि समाज में सामुदायिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए भी किया गया।


## कार्यालय ग्राम डींगुपुर अर्सलानी वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 10 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 11 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**रूबी बेगम** — ग्राम प्रधान
**बिरला देवी** — सचिव



## कार्यालय ग्राम चक भिटारा वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 11 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**अशोक कुमार** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव


### एम्स खोले जाने की मांग को लेकर सपा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बरेली।** फरीदपुर,बरेली में एम्स की स्थापना की मांग को लेकर आंवला सांसद नीरज मोर्य द्वारा लोकसभा में प्रश्न उठाया गया था और जनहित में उसकी शीघ्र स्थापना कराऐ जाने की मांग की थी। बरेली में एम्स की स्थापना कराए जाने को लेकर चलाऐ जा रहे जन अभियान के तहत।
फरीदपुर तहसील में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर मांग पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया। इस अभियान के तहत लोगों ने एम्स की आवश्यकता को लेकर हस्ताक्षर किए और सरकार से जल्द से जल्द बरेली में एम्स की स्थापना की मांग की। क्षेत्र की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अब भी लखनऊ या दिल्ली जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है।

# कार्यकर्ताओं का उत्साह मेरी ऊर्जा : सोमपाल शर्मा

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष बोले बूथ को मजबूत करें कार्यकर्ता

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा का बहेड़ी विधानसभा में प्रथम बार आगमन होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोजीपुरा टोल से बहेड़ी नगर तक स्वागत किया। विधानसभा में प्रवेश करने के बाद जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने रोककर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष का काफिला स्वागत कार्यक्रमों से होता हुआ नगर में पहुंचा जहां कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सक्रिय सदस्य सम्मेलन को जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने संबोधित किया, उन्होंने अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि मुझको जिलाध्यक्ष का दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने मेरा मान बढ़ाया है। मैने जो पार्टी में काम किया उसका पार्टी ने मुझे जिलाध्यक्ष बना कर मुझे ईनाम दिया है। पार्टी ने यह संदेश दिया है जो पार्टी में मेहनत से काम करेगा वह छोटे पद से बड़े पद पर पहुँच सकता है। मैं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। कार्यकर्ताओं का उत्साह मेरे लिए ऊर्जा के समान है। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ को मजबूत करें जिससे आने वाले चुनाव में हम फिर कमल खिला सकें। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पूरन लाल लोधी, शैलेन्द्र मोहन शर्मा, दुष्यंत गंगवार, अजय जायसवाल, वीरपाल गंगवार, डॉ निर्भय गुर्जर रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कटिया रज्जब वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 10 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 11 .04 .2025 को अपराहन 04 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**मुकर्रम खा** — ग्राम प्रधान
**बिरला देवी** — सचिव



## कार्यालय ग्राम कटिया कम्मू वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 12 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**सखावत खां** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव


# खराब हैंडपंपो को करायें ठीक,तालाबों में भरवायें पानी

## डीएम ने कर–करेत्तर की समीक्षा करने के बाद जिलास्तरीय अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मानक के अनुरूप वसूली, राजस्व एवं फौजदारी वादों का समय से निस्तारण करने, विरासत, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग, पीएम आवास सर्वे, सीएम युवा अभियान, सीमा स्तंभ, फैमिली आईडी तथा पट्टा आवंटन आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।
गेहूं खरीद पर विस्तार से चर्चा की गयी और निर्देश दिए गए कि क्रय केन्द्रवार गेहूँ खरीद की अद्यतन स्थिति को मंगवाये, जिन केन्द्रों की खरीद कम है ऐसे केन्द्रों के क्रय प्रभारियों को बुलायें, जॉच करायें कि उनके द्वारा बड़े कृषकों को गेहूं खरीद के लिये समन्वय किया है या नहीं। दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। डिजटल क्राप सर्वे में तहसील फरीदपुर और बहेड़ी की कम प्रगति पाए जाने पर गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि अंश निर्धारण में त्रुटि सुधार के आवेदन कम आ रहे हैं इसका प्रचार-प्रसार करें, जिससे लोग जागरूक हों और त्रुटि सुधार हेतु आईजीआरएस में शिकायत करने के बजाय तहसील में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन करें। रियल टाइम खतौनी में विरासत दर्ज कराने के निरस्त प्रकरणों का विगत छः माह डाटा लेखपालवार निकलवायें और संबंधित आवेदक से बात कर कारणों को जाने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाला आवेदक यदि किराए पर रह रहा है और उसका स्वयं का मकान नहीं है तो वह पात्र है उसे अपात्र की श्रेणी में ना डालें। फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए कोटेदारों का सहयोग लेते हुए डाटा तैयार करने और कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए।
बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत जो लोग लोन के लिए आवेदन कर रहे हैं उसके लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। अतः आय प्रमाण पत्र के आवेदनों का निस्तारण शीघ्रता के साथ किया जाए। बैठक में सीमा स्तम्भ कितने लगे हैं इसकी जानकारी भी ली गयी।


## कार्यालय ग्राम जलालपुर ता . गुर्री वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 10 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 11 .04/2025 को अपराहन 05 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**राम गुनी** — ग्राम प्रधान
**बिरला देवी** — सचिव



## कार्यालय ग्राम हुसैनपुर रुकनपुर वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 12 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**राम लड़ैते** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव

## एक नजर

### तीन लापरवाह पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**प्रयागराज।** बहरिया के सिकंदरा स्थित गाजी मियां की दरगाह के गुंबद पर भगवा झंडा फहराने के मामले में लापरवाही के आरोप में सोमवार रात चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने दी। उन्होंने बताया कि नवरात्र एवं राम नवमी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए कड़े निर्देश दिए गये थे,लेकिन बहरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरा कस्बे के अन्दर स्थित गाजी मियाँ की दरगाह के गुम्मद पर झंडा फहरा कर धार्मिक नारे लगाने का मामला सामने आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए इस प्रकरण के जांच के निर्देश दिये गए। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुष्कर वर्मा कर रहे थे। इनकी जांच के दौरान बहरिया के सिकंदरा चौकी प्रभारी रवि कटियार, सिपाही सुनील कुमार और अंशु कुमार की प्रथम दृष्टया ड्यूटी में तैनात के दौरान लापरवाही साबित हुई। यह रिपोर्ट मिलते ही तीनों पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान



**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /कोचिंग,श्री हिमांशु शुक्ला ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ –2025 में सेवा प्रदान करने वाले प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी एवं सूबेदारगंज स्टेशनों के वाणिज्य निरीक्षकों एवं वाणिज्य पर्यवेक्षकों को मण्डल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया । यह प्रशस्ति पत्र महाकुंभ –2025 के दौरान सेवा प्रदान करने वाले वाणिज्य विभाग के 3300 कर्मचारियों को दिया जा रहा है । महाकुंभ –2025 में प्रयागराज मण्डल के कर्मचारियों के साथ विभिन्न मंडलों के कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान की थीं । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग ने कर्मचारियों के निष्ठा समर्पित कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्मचारियों ने दिन–रात निरंतर कार्य करके महाकुंभ –2025 को सफल बनाया है। महाकुंभ –2025 में स्टेशन पर आए करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत साइनेज, टिकट वितरण, पम्फलेट , दिशावार कलर कोडेड टिकट, डिजिटल भुगतान की सुविधा के साथ अतिरिक्त टिकट काउंटर, पूछताछ केंद्र, दिशावर यात्री आश्रय, खानपान जैसी अनेकों सेवाओं का सफलता पूर्वक संचालन किया गया। उत्कृष्ट सेवाएं की श्रृंखला में श्रद्धालुओं को टोल फ्री नंबर एवं बहुभाषी उदघोषणा प्रणाली की सुविधा उपलब्ध करायी थी । श्रद्धालुओं द्वारा इन सुविधाओं का बड़े स्तर पर उपयोग किया गया जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा सरल और सुगम हुयी । वाणिज्य कर्मचारियों की जैकेट पर बने क्यूआर कोड से यूटीएस एप डाउनलोड करके श्रद्धालुओं द्वारा आसानी से टिकट बनाए गए । महाकुंभ के दौरान वाणिज्य विभाग के अथक प्रयास से डिजिटल भुगतान मे करीब 5 .5 % की बढ़ोत्तरी हुई। प्रयागराज मण्डल द्वारा महाकुंभ –2025 में यात्रियों की सुविधा के लिए टॉल फ्री नंबर – 1800 4199 139 जारी किया गया था । इस टॉल फ्री नंबर से श्रद्धालुओं को एकीकृत कॉल सेंटर द्वारा समाधान किया गया। टॉल फ्री नंबर से से 24x7 जानकारी उपलब्ध करायी गयी । महाकुंभ के दौरान टोल फ्री नंबर से विशेष ट्रेनों, आवास, कुंभ आदि के बारे में पूछताछ के संबंध में 26 हजार से अधिक कॉल प्राप्त हुयी। प्रयागराज मण्डल द्वारा महाकुंभ –2025 में श्रद्धालुओं को ₹बहुभाषी घोषणा प्रणाली₹ की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी थी जो श्रद्धालुओं के लिए बेहद मददगार साबित हुयी । महाकुंभ –2025 के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा गूगल प्ले स्टोर से 'कुंभ रेल सेवा' ऐप का सर्वाधिक उपयोग किया गया ।

### एफपीओ योजना में भ्रष्टाचार, कराई जाए जांच

**बांदा।** किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से घोषित 10 हजार नए फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन (एफपीओ) गठन की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इस योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार व कुप्रबंधन के निस्तारण को समाजसेवियों व शिक्षकों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कराकर निस्तारण कराने की मांग की। समाजसेवी एवं शिक्षक राजेश राष्ट्रवादी के नेतृत्व में पीएम को संबोधित ज्ञापन मंगलवार को आयुक्त को सौंपा और एफपीओ योजना में लगे अधिकारियों व संस्थाओं की भ्रष्टाचार की जांच कराए और जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और सरकारी धन की रिकवरी कराए जाने के साथ–साथ किसानों की सुविधा के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयोगशाला और निर्यात प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराए जाए। राष्ट्रवादी ने कहा कि एफपीओ योजना की शुरूआत 29 फरवरी वर्ष 2020 में चित्रकूटधाम मंडल में की गई थी। इसके अंतर्गत सैकड़ों किसानों ने एफपीओ गठित किए और उनका विधि सम्मत पंजीयन भी कराया गया, लेकिन यह योजना जमीनी हकीकत में खरी साबित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत अनेक सपोर्टिंग संस्थाओं को करोड़ों रुपए आवंटित किए गए, यहां तक कि नाबार्ड जैसी सरकारी संस्थाओं पर भी भारी भरकम व्यय हुआ, लेकिन मंडल के चारों जनपदों से एक रुपए का भी निर्यात संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि बैठके भी हुई, लेकिन इस पर गंभीरता से मंथन नहीं किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में किसानों की मांग के बावजूद आज तक एक भी प्रयोगशाला चालू नहीं हो सकी है, जिससे किसान अपने उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करा सके। इसी प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय निर्यात की दृष्टि से उपयोगी उत्पादों की जानकारी या प्रशिक्षण के लिए अब तक कोई भी कार्यशाला या प्रशिक्षण शिविर आयोजित नहीं किए गए जो कि किसानों के हित में जरूरी हैं। ज्ञापन देने में राष्ट्रवादी के साथ मदनभाई पटेल, रामप्रताप पटेल, रामविशाल, रोहित पटेल, अनूप मिश्रा व सुशील आदि शामिल रहे।

### गोली लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितयों में दिनदहाड़े गोली लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों के अनुसार एक को हाथ में जबकि दूसरे को पैर में गोली लगी है। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों ने नकाबपोश बाइक सवारों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। घायलों के बयान पर पुलिस को विरोधाभास नजर आ रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मढ़यिा नाका निवासी सुशील (30) पुत्र गोकुल दास सोनी घर से कुछ दूर मर्दन नाका में किराए के मकान मे रहता है। मंगलवार की दोपहर हाथी खाना निवासी नईम (30) पुत्र मोहम्मद फरीद संदिग्ध हालात में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शहर में दिनदहाड़े गोली मारे जाने की घटना से हड़कंप मच गया।

# 124 ई-रिक्शा का चालान, लगा जुर्माना

## बिना प्रपत्रों के सड़कों पर फर्राटा भर रहे वाहनों के खिलाफ चलाया गया सघन अभियान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई।** वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशा०/प्रर्व०) सुरेश कुमार ने बताया कि शासन के आदेश के अनुक्रम में दिनाँक 01 अप्रैल 2025 से दिनाँक 08 अप्रैल 2025 तक प्रवर्तन दल, जालौन द्वारा संयुक्त रुप से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बिना पंजीयन, बिना वैध प्रपत्रों, बिना हाइ सिक्योरिटी नम्बर प्लेट या बिना वैध चालक लाइसेंस व नावालिगों द्वारा ई-रिक्शा का संचालन करने के अभियोग में अभियान चलाकर 124 ई-रिक्शा के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गयी।

साथ ही समस्त ई-रिक्शा चालकों को बिना वैध प्रपत्रों के ई-रिक्शा का संचालन न करने और क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठायें न बैठाये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये। व समस्त ई-रिक्शा चालकों से अपील की गयी कि वह बिना वैध प्रपत्रों (यथा-पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, बिना एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट) के अपने ई-रिक्शा वाहन को मार्ग पर संचालित न करें। पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र वैध कराने के उपरान्त व एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट अपडेट/लगाकर ही मार्ग पर ई-रिक्शा वाहन का संचालन करें। अन्यथा की स्थिति में ऐसे के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी का होगा। उक्त अभियान दिनाँक 30 अप्रैल, 2025 तक निरन्तर जारी रहेगा।



### गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई की



**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर थानों/कार्यालयों में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। कहा कि निस्तारण में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी समय रहते निभायें।

### करंट लगने से युवक की मौत

**उरई जालौन।** जालौन के रेंढर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुठौदा गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। प्राथमिक विद्यालय के पास सेजन के पेड़ पर फली तोड़ने चढ़े अजय कुमार की हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से मौत हो गई। अजय कुमार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। वह अविवाहित था और अपने पिता राजकिशोर और छोटे भाई विजय कुमार के साथ रहता था। उसकी मां कुसुम का देहांत 18 साल पहले हो चुका था। अजय सेजन की फली तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था, पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से झुलसकर वह नीचे गिर पड़ा।

उसकी चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायल अजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना रेंडर थाने के कुठौंदा गांव की है थानाध्यक्ष रेंडर नीलम सिंह ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की शक्ति का अहसास दुनिया को कराया



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा करछना व बारा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन मंगलवार को बेदौं व गौहनियां मे आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र के वक्ता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और सुरक्षा सुशासन विकास के आधार पर देश–दुनिया में पहचानी जाती है। 11 वर्षो में भाजपा ने देश भर के 20 राज्यों में स्वयं और सहयोगियों के साथ सत्ता में भागीदारी के साथ विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। द्वितीय सत्र के वक्ता रणजीत सिंह व इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी रहे नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जनसंघ से भाजपा तक के कृतित्व और कांग्रेस के विफलताओं पर विचारों को रखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेई से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के कार्यों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। समापन सत्र के वक्ता विधायक पियूष रंजन निषाद व पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत यात्रा एवं केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने सभी के सहयोग से विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि बारा विधानसभा में प्रथम सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश प्रसाद मिश्र, द्वितीय सत्र की अध्यक्षता रत्नाकर सिंह पटेल व समापन सत्र की अध्यक्षता अनुसूचित जाति यमुनापार जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, जगत नारायण शुक्ला, वंदना सिंह, आशीष पाल, अखिलेश सिंह पटेल आदि के साथ करछना व बारा विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में उपस्थित रहे।

## राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 साल की उम्र में देवलोकगमन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** ब्रह्माकुमारीज़ की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में आज रात्रि 1.20 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को शांतिवन लाया जा रहा है, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण को समर्पित कर दिया। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3.30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थी। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में उन्होंने जन्म लिया। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तीकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। ब्रह्माकुमारीज़ की 87 वर्ष की यात्रा की रहीं साक्षीदादी वर्ष 1937 में ब्रह्माकुमारीज़ की स्थापना से लेकर आज तक 87 वर्ष की यात्रा की साक्षी रही हैं। पिछले 40 से अधिक वर्ष से आप संगठन के ही युवा प्रभाग की अध्यक्षा की भी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। आपके नेतृत्व में युवा प्रभाग द्वारा देशभर में अनेक राष्ट्रीय युवा पदयात्रा, साइकिल यात्रा और अन्य अभियान चलाए गए। दादी के ही नेतृत्व में 1985 में भारत एकता युवा पदयात्रा निकाली गई।

इससे 12550 किमी की दूरी तय की गई। यात्रा का शुभारम्भ तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने किया था। कन्याकुमारी से दिल्ली (3300 किमी) की सबसे लंबी यात्रा रही। भारी बारिश और तूफान के दौरान भी मिशन पूरा किया। 24 अक्टूबर 1985 को दिल्ली में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया।

# ट्रिपल आईटी में छात्र–प्रशासन तालमेल समिति का गठन

## ट्रिपल आईटी में निरंतर संवाद को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद में छात्रों और शिक्षकों के बराबर और व्यापक प्रतिनिधित्व के साथ स्थायी आधार पर एक "छात्र प्रशासन तालमेल समिति- (एसएएससी)" का गठन किया गया है। ताकि इन दो सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों के बीच निरंतर संवाद स्थापित किया जा सके। संवादहीनता की खाई को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से गठित, यह समिति परिसर में छात्रों से सम्बंधित सभी समस्याओं-मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान प्रदान करेगी जिससे परिसर में सद्भाव पैदा होगा और भविष्य में किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा। समिति में स्नातक, परास्तानक छात्र, शोधार्थी और शैक्षणिक प्रशासन से जुड़े लोग शामिल होंगे। यह समिति संवाद, नीति सिफारिशों और समस्या समाधान के लिए एक रचनात्मक मंच के रूप में काम करेगी, जिससे एक सहयोगी शैक्षणिक और प्रशासनिक माहौल को बढ़ावा मिलेगा।

» समिति छात्र–केंद्रित पहलुओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी

संस्थान के निदेशक प्रो. मुकुल शरद सुतावने ने बताया कि इस समिति को एक गतिशील मंच के रूप में काम करने के लिए तैयार किया गया है जो संस्थान के दो सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों छात्रों और शिक्षकों के बीच निरंतर और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने के साथ छात्रों और शिक्षकों के बराबर और व्यापक प्रतिनिधित्व के साथ, समिति शैक्षणिक, पाठ्येतर, बुनियादी ढांचे और अन्य छात्र-सम्बंधी मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। इस पहल के माध्यम से, ट्रिपल आईटी इलाहाबाद का उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ाना, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करना और संकाय और छात्रों के बीच एक सहकारी भावना का निर्माण करना है। निदेशक ने बताया कि समिति पारदर्शी संचार के साथ छात्रों, विद्वानों और शैक्षणिक प्रशासकों के बीच रचनात्मक संवाद की सुविधा प्रदान करेगी, छात्रों को चिंताओं और सुझावों को प्रस्तुत करने, नीति निर्माण और कार्यान्वयन, शैक्षणिक नीतियों, छात्र कल्याण उपायों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार पर चर्चा और सिफारिश करने के लिए एक औपचारिक चैनल प्रदान करेगी। मुख्य रूप से, समिति छात्र-केंद्रित पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी और उनके प्रभाव पर नज़र रखेगी।

इसके अलावा, समिति अकादमिक कार्यक्रमों, शोध चुनौतियों और सीखने के संसाधनों से संबंधित चिंताओं के हल पर कार्य करेगी। समिति चर्चाओं की समीक्षा करने, कार्रवाई बिंदुओं का आकलन करने और प्रगति को ट्रैक करने के लिए हर महीने की 30 तारीख को संस्थान के निदेशक के साथ बैठक करेगी। यह प्रमुख मुद्दों, प्रस्तावित समाधानों और कार्यान्वयन अपडेट को रेखांकित करते हुए एक त्रैमासिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी। संस्थान के पीआरओ डॉ. पंकज मिश्र ने बताया कि समिति में प्रशासन के सभी प्रतिनिधि पदेन हैं, छात्र प्रतिनिधियों को हर तीन महीने के बाद बदल दिया जाएगा।

प्रशासनिक प्रतिनिधियों में डीन (छात्र मामले) अध्यक्ष, डीन (शैक्षणिक और अनुसंधान), डीन (बुनियादी ढांचा), डीन (संकाय मामले), चीफ प्रॉक्टर, अध्यक्ष, वार्डन परिषद (सीओडब्ल्यू) और संपदा अधिकारी शामिल हैं। छात्र प्रतिनिधियों में बी.टेक (आईटी) से एक प्रतिनिधिः साहिल सोनावणे, बी.टेक (आईटी-बीआई) से मनोज पल्लक्की, बी.टेक (ईसीई) से आदित्य देशमुख, एमबीए प्रतिनिधि नितिन चौरसिया, एम.टेक (आईटी) प्रतिनिधि उत्कर्ष चौहान, पीएचडी शोधार्थी विदुषी गौतम (एप्लाइड साइंस) और निदेशक द्वारा नामित एक छात्र रुशिकेश शामिल हैं।

# केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं

## जश्न के साथ सिख समाज ने भाजपा का46वां स्थापना दिवस मनाया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रयागराज भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह के नेतृत्व में सिख प्रतिनिधि मंडल ने महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता,यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला,गंगापार अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पासवान का स्वागत-वंदन-अभिनंदन अंगवस्त्रम,पुष्पगुच्छ,मिष्ठान खिलाकर 46वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं दी।

तत्पश्चात भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह के पार्टी ध्वज घरों पर फहराते हुए जन सम्पर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश मे भाजपा सरकार के 8 वर्षों व केंद्र सरकार के 11 वर्षों के उपलब्धियों को गिनाई जश्न मनाते विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं जन सेवा के लिए सदैव संकल्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा की इस गौरवपूर्ण यात्रा में समर्पित करोड़ों कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं। मनु सिंह चावला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से मंत्रमुग्ध होकर हिंदुस्तान को सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए अटल संकल्पित हैं। सुरेंद्र सिंह, गुरुदीप सिंह सरना, परमजीत सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, परमिंदर सिंह बंटी, मनु सिंह चावला, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह,राजेंद्र सिंह ग्रोवर,गुरबख्श सिंह, जसवीर सिंह, हरजीत सिंह कथुरिया, त्रिलोचन सिंह बग्गा, मनजीत सिंह खालसा, सतेंद्र सिंह, हरमनजी सिह, जसविंदर सिंह नीतू, कुलदीप सिंह खालसा, परमात्मा सिंह अरोड़ा, दविंदर सिंह संधू ने बधाइयां दी।



### बदौसा ब्लाक भूमि भवन प्रस्ताव पर नहीं बनी सहमति, बैठक बेनतीजा

**अतर्रा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में नव सृजित बदौसा ब्लाक के लिए भूमि भवन चयन के संदर्भ में बुलाई गई बैठक में कोई भी सार्थक नतीजा नहीं निकला। नतीजे में बैठक बिना किसी परिणाम के समाप्त हो गई।

उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी द्वारा मंगलवार को तहसील सभागार में बुलाई गई बैठक में बदौसा ब्लाक बनाओं संघर्ष समिति के संयोजक संतोष कुशवाहा ने कहा कि तहसीलदार अतर्रा एवं उप जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल में दर्ज संदर्भ के निस्तारण में बदौसा में पर्याप्त सरकारी जमीन न होना लिखे जाने पर सवाल उठाया, कहा कि जब कि बदौसा में सरकारी जमीन मौजूद है। उन्होंने दोनों अधिकारियों से जानना चाहा कि किस संतोष कुशवाहा से सहमति ली गई है। उन्होंने कहा कि बदौसा के लोगों के संघर्ष के उपरांत के बाद ग्राम पंचायत को ब्लाक का दर्जा मिला है और बदौसा में सरकारी जमीन भी है तो दूसरी पंचायत में भूमि भवन का प्रस्ताव उप जिलाधिकरी द्वारा क्यो दिया गया।

# मीनू चार्ट के अनुसार प्रतिदिन दिया जाये गुणवत्तायुक्त भोजन व नाश्ता

## जिला जज व डीएम ने किया नैनी जेल का निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» बंदियों से बीमारी, खान–पान एवं साफ–सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश संतोष राय, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा मंगलवार को केन्द्रीय कारागार व जिला कारागार, नैनी का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीसीपी यमुनानगर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शशि कुमार, जेलर केंद्रीय कारागार व जिला कारागार उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय कारागार में चिकित्सालय, रसोई घर का निरीक्षण करते हुए वहां पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला जज एवं जिलाधिकारी ने रसोई घर में बंदियों को दिए जाने वाले प्रतिदिन भोजन व नाश्ते का मीनू चार्ट के अनुसार जानकारी लेते हुए भोजन बनाने की व्यवस्था को देखा तथा कितने बंदियों के लिए एवं कितनी मात्रा में कौन सी चीज बन रही है, की जानकारी लेते हुए खाने की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। माननीय जनपद न्यायाधीश ने विचाराधीन कैदियों से बातचीत कर उनको प्राप्त हो रही लीगल सर्विसेज एवं उनके हिस्ट्री टिकट को देखते हुए सम्बंधित आपराधिक प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से बीमारी, खान-पान एवं साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

जनपद न्यायाधीश द्वारा कारागार परिसर में पेड़ पौधे लगाए जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान करते हुए गार्डेनिंग, साफ-सफाई, खाने की गुणवत्ता हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। यदि शिकायत मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी वियोग में पति ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**चिल्ला।** पत्नी के मायके चले जाने से परेशान युवक ने कमरे के अंदर साड़ी से पंखा के हुक पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी गौरी शंकर (40) पुत्र चुन्नीलाल वर्मा ने सोमवार की रात कमरे के अंदर साड़ी से पंखे की हुक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को सुबह मां हीरामणि ने उसका शव फंदे से लटकते देखा। मृतक के पारिवारिक भांजे अमित ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले हुई थी। पत्नी एक बार ससुराल आई थी। फिर वह दोबारा मायके से नहीं आई। गौरीशंकर कई बार लिवाने गया। लेकिन पत्नी नहीं आई। वह 10 दिन पहले ससुराल आई थी। नवरात्र शुरू होते ही वह आपने मायके दुर्गापुर चली गई।

**श्रद्धा–भक्ति**

## भव्य निशान यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़,जगह–जगह निशान यात्रा का हुआ स्वागत

# श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ निकाली खाटू श्याम की शोभायात्रा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** कामदा एकादशी पर शीश के दानी खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकल गई। खाटू श्याम सेवा मंडल के तत्वाधान में निकाली गई निशान यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर श्रद्धालु श्याम बाबा के भजनों का गुणगान करते नजर आए। शोभा यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। यात्रा के दौरान बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। जगह जगह निशान यात्रा का भव्य स्वागत हुआ।

खाटू श्याम सेवा मंडल के तत्वाधान में निशान यात्रा का शुभारंभ महेश्वरी देवी मंदिर चौराहा से हुआ। शहर के मुख्य मार्गो से गाजे-बाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के आगे श्रद्धालु जल का छिड़काव करते हुए हाथों से झाड़ू लगा रहे थे। उसके पीछे इत्र की वर्षा की जा रही थी। गाजे बाजे के साथ निकाली गई निशान शोभायात्रा के दौरान खाटू नरेश की भव्य झांकी सजाई गई थी। हजारों श्रद्धालु हाथों में निशान यात्रा लेकर खाटू श्याम के भजनों पर झूमते रहे। शहर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी लालायित रहे। निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा निशान लेकर श्याम गुणगान करते कर रहे थे। निशान यात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह रही है कि श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था। खाटू श्याम जी को प्रसन्न करने के लिये श्रद्धालु नीला, सफेद, लाल या पीले रंग का झंडा निशान के तौर पर श्याम बाबा को समर्पित करते हैं। शोभा यात्रा का समापन तिंदवारी रोड स्थित खाटूश्याम मंदिर में हुआ। पप्पू शिवहरे, सुधीर तिवारी, राकेश गुप्ता, डा.केके गुप्ता, मोंटू गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, विमला यादव, शैल गुप्ता, सुमन यादव, प्रियंका गुप्ता, रुबी गुप्ता, नंदिनी यादव, मोहनी ओमर, सुमन साहू, संगीता शिवहरे, उर्मिला तिवारी, अर्पिता गुप्ता, राधा गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### पहले दिन श्रीमद्भागवत कथा का बताया महत्व

**नरैनी।** भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। गाजे–बाजे के साथ कस्बे के सभी मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की गई। पहले दिन कथा वाचक ने श्रीमद्भागवत महापुराण महत्व की जानकारी दी। कस्बा के किदवई नगर निवासी रामकिशोर पयासी और उनके परिजनों ने सात दिवसीय श्री मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया। मंगलवार को वैदिक पूजन पाठ के बाद मुख्य यजमान के आवास से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्राचीन बिहारीजी मंदिर सहित शिवालयों और देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। कथा वाचक भागवत भूषण मानस किंकर (चित्रकूट) आचार्य राजाबाबू त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन के उद्देश्य और दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।

### संदिग्ध दशा में मासूम की मौत, चिकित्सक फरार

**बांदा।** उल्टी-दस्त से पीड़ित मासूम की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता ने गांव के एक झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना के बाद से चिकित्सक क्लीनिक में ताला डालकर फरार हो गया। कमासिन थाना क्षेत्र के राघौपुर निवासी हरिमन (4) पुत्र पवन सिंह यादव रविवार की सुबह उल्टी दस्त से पीड़ित था। परिजनो ने दादौं गांव स्थित एक क्लीनिक में उसका इलाज करवाया। इलाज करवाने के बाद परिजन उसे घर ले गए। कुछ देर बाद उसकी हालत ज्यादा खराब हो गई।

घरवालो ने डॉक्टर को बुलाया लेकिन वह क्लीनिक में ताला लगाकर गायब हो गया। घरवालों ने उसे फतेहपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया।

## संपादकीय

# ट्रंप का भूचाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर में टैरिफ लगाने के बाद मार्केट में भूचाल आया हुआ है। भारत समेत लगभग हर देश की स्टॉक मार्केट धड़ाम हो गई। बात अगर भारत की करें तो यहां सेंसेक्स में 3000 से ज्यादा और निफ्टी में 900 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ एक 'खूबसूरत चीज' है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकियों को यह बात 'किसी दिन' समझ जरूर आएगी। वहीं ट्रंप की इस खूबसूरत चीज यानी टैरिफ के कारण सोमवार को भारतीय शेयर मार्केट के निवेशकों को 19 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। सोमवार बाजार ने अपनी उथल-पुथल के साथ दिखाया कि यह कितना अस्थिर था। यह गिरावट, निश्चित रूप से, सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले का परिणाम है। आयात कर दो चरणों में लागू होंगे. पहला चरण 2 अप्रैल से लागू हुआ था। इसके तहत अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले सभी देशों पर 10 प्रतिशत का न्यूनतम आयात शुल्क लगता था। दूसरा चरण 9 अप्रैल से लागू होगा। उस समय, प्रत्येक देश के उत्पादों पर कर लगाया जाएगा क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं। जैसे, संयुक्त राज्य अमेरिका अब अमेरिकी उत्पादों पर समान कर नहीं लगाएगा क्योंकि ये देश अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इस हास्यास्पद 'जैसा है' नीति की घोषणा के बाद से, अमेरिकी पूंजी बाजार गिर रहा है और निवेशकों को लगभग 6.5 ट्रिलियन डॉलर (समग्र भारतीय बाजार का संयुक्त मूल्य 4.5 ट्रिलियन डॉलर) का नुकसान हो रहा है। इस गिरावट को अब भारतीय बाजार द्वारा समर्थित किया गया है, जो ट्रम्प के आगे क्या है, इसका प्रतिबिंब है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में अमेरिका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और एलन मस्क के खिलाफ नारेबाजी की. ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का गुस्सा प्रदर्शनकारियों के नारों में जाहिर हुआ और ट्रंप द्वारा लगाई गई नई टैरिफ बढ़ोतरी आज सचमुच धराशायी हो गई. कई लोगों ने नोट किया है कि यह सबसे बड़ा प्रशासन-विरोधी विरोध था, और यह ट्रम्प के टैरिफ युद्ध पर अमेरिकी लोगों के गुस्से को दर्शाता है। ट्रम्प की टैरिफ नीतियां एकमात्र मुद्दा नहीं हैं जिनके लिए उच्च करों की आवश्यकता होती है, लेकिन यह हजारों लोगों की नौकरियों को खर्च करने और उन्हें बेरोजगार बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों को भी खर्च करने वाला है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ी संख्या में मध्यम आयु वर्ग के और वृद्ध लोग हैं, इसलिए सेवानिवृत्ति लाभों का वहां बहुत महत्व है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकियों को इन लाभों का भुगतान करने के लिए मजबूर करेंगे, इसलिए लोग सड़कों पर ले गए हैं। यदि आप कुछ पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ खोना होगा। जापान और ब्रिटेन सहित कई विश्व नेताओं ने ट्रम्प के साथ टैरिफ पर बातचीत की है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प उनकी बात नहीं सुनेंगे। ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ सबसे पहले नेशनल मॉल में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए थे और लहर धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैल रही है। इसी तरह के समूह कई अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका ध्यान ट्रम्प पर है। वे मस्क और कई अरबपतियों पर हमें बर्बाद करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हैं, जिस पर ट्रम्प ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ ने दुनिया को हिला दिया है, कुछ का कहना है कि भारत सबसे कम प्रभावित हुआ है। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि वैश्विक बाजार सदमे और भ्रम की स्थिति में हैं। जबकि ट्रम्प के टैरिफ ने मुक्त व्यापार को चोट पहुंचाई है, कुछ ने कहा है कि मुक्त व्यापार के झटके को गंभीर रूप से चोट नहीं पहुंचाई जाएगी, लेकिन यह निश्चित है कि अमेरिकी टैरिफ युद्ध का वैश्विक बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह किसी भी बाजार के लिए खतरा है, ट्रम्प के टैरिफ के कारण दुनिया भर के लोग सड़कों पर हैं, और वे अपने भविष्य के बारे में चिंतित हैं। ट्रम्प के टैरिफ ने वैश्विक बाजारों में भारी आर्थिक उथल-पुथल पैदा कर दी है, और इसलिए, निवेशक डर या भावना से प्रेरित नहीं हैं।

## कटाक्ष ➤ हसन जैदी




# गरीब मुसलमानों के हक में है नया वक्फ संशोधन कानून


डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

दुनिया जानती है कि मोदी सरकार ऐसा कोई काम नहीं करती या उसने अब तक नहीं किया जिसने जन आकांक्षाओं की पूर्ति न की हो। विपक्ष भले ही हो हल्ला मचाए और हर एक मामले में मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करे लेकिन उसके समझदार नेता यह जानते हैं कि अब तक जो भी फैसले मोदी सरकार ने किए हैं वे सब लोकहित में किए गए ना कि व्यक्तिगत फायदे के लिए। यह ऐसी सरकार है जो देश के हित में काम करती है और कैसे करना है जानती है। इतिहास गवाह है कि विपक्ष मुखर होकर नोटबंदी की आलोचना करता रहा और उसे बेकार बताता रहा लेकिन वह यह स्वीकार करने में हमेशा कतराता रहा कि नोटबंदी के पहले नकली नोटों के कारोबार से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पटरी पर थी लेकिन जब से नोटबंदी हुई है पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा आ गया। यही नहीं धारा 370 को हटाने की बात आई तो कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष विरोध में खड़ा हो गया। किसी ने कहा देश में आग लग जाएगी तो किसी ने कहा कश्मीर में तिरंगा उठाने वाला कोई हाथ नहीं रहेगा। लेकिन दृढ़ संकल्पित मोदी सरकार ने इसे हटाकर ऐसी स्थितियां पैदा कर दी कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कश्मीर में बर्फबारी के दौरान बर्फ के गोलों से अठखेलियां करते नजर आए। रात के 11:00 बजे के बाद राहुल गांधी श्री नगर के एक रेस्टोरेंट में आइसक्रीम खाते नजर आए। आज वहां पर्यटकों की भीड़ है। यही नहीं पत्थरबाजी बंद है। आतंकवादियों का धीरे-धीरे सफाया हो रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों तथा स्कूलों में बिना किसी बाधा के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। हुर्रियत कांफ्रेंस का अता पता नहीं है। इसी तरह तीन तलाक के कानून ने मुस्लिम महिलाओं के हित में जो काम किया है वह किसी से छुपा नहीं है। ऐसा इसलिए कि मोदी सरकार ने दृढ़ संकल्पित होकर लोकहित में निर्णय लिए। यही नहीं नागरिक संशोधन कानून का भी खूब विरोध हुआ लेकिन वह भी सारे विरोध के बावजूद अब लागू है। जो लोग चिल्लाते थे मुसलमानों की नागरिकता छिन जाएगी उनके मुंह पर ताला लग गया। कोई बड़ी बात नहीं कि आने वाले समय में यूनिफॉर्म सिविल कोड और वन नेशन वन इलेक्शन कानून अस्तित्व में आ जाएं। बस एक मौके पर विपक्ष अपनी चाल में कामयाब हो गया वह था कृषि कानून जिन्हें वापस लेने को मोदी को मजबूर होना पड़ा। हालांकि उन तीन कृषि कानून के लागू होने पर छोटे, मध्यम और बड़े सभी किसानों को फायदा मिलता लेकिन विपक्ष द्वारा फैलाया गए झूठ और भ्रम की वजह तथा कट्टरवादियों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए मोदी सरकार की मजबूरी रही कि उसे वापस लेना पड़ा। जो भी हो मोदी ऐसी मिट्टी के बने हैं जिन्होंने कभी हार नहीं मानी। जब वक्फ संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति को अगस्त 2024 में विचारार्थ भेजा गया था तब से ही न केवल इसका विरोध चरम पर पहुंच गया था बल्कि प्रस्ताव को खारिज कराने के लिए विपक्ष का सारे प्रयत्नों के साथ मुसलमानों को भड़काने का काम जारी हो गया था। विपक्ष को लग रहा था कि टीडीपी और जेडीयू या लोक जनशक्ति (रा) या रालोद अपने मुस्लिम वोटों की नाराजी से बचने के लिए इस बिल का समर्थन नहीं करेंगे। लेकिन यह उल्लेखनीय तथ्य है कि 2014 या 2019 में जो भी बिल आए उनमें लोकसभा में भाजपा को बहुमत होने के कारण इस सदन में स्वीकृत होने में कोई परेशानी नहीं हुई थी लेकिन इन दोनों कार्यकाल में राज्यसभा में बहुमत न होने के बाद भी बिलों का पास होना यह साबित करता है कि जिन राजनीतिक दलों ने राज्यसभा में समर्थन किया और कानून बनाने में मदद की वे इन बिलों के लोकहित में होने में कभी भ्रमित नहीं हुए। ये दल जानते थे कि मोदी जो काम कर रहे हैं वह आम जनता की भलाई के लिए ही कर रहे हैं। ठीक इसी तरह अभी-अभी जो वक्फ बिल संसद में पास हुआ उसके संबंध में तो इस आशंका से किसी को इनकार नहीं हो सकता था कि विपक्ष के जो दल टीडीपी और जेडीयू सरकार के साथ हैं यदि वह भी मुस्लिम तुष्टिकरण के जाल में फंस गए होते तो यह बिल लोकसभा में 232 के मुकाबले 288 वोटो से पास ना होता इसी तरह राज्यसभा में भी यह बिल 95 के मुकाबले 128 मतों से पास नहीं होता। इस बिल पर इंडी गठबंधन के सदस्य दलों का विरोध चरम पर था और वह चाहते थे कि टीडीपी और जेडीयू भी इस बिल का विरोध कर इसे पास न होने दें। हालांकि यह दोनों दल मुस्लिम वोटो का समर्थन पाने वाले दल ही हैं लेकिन ये जानते ही नहीं मानते भी हैं कि वक्फ संशोधन से आम गरीब, मजलूम मुसलमानों को फायदा होने वाला है। जो पैसे वाले संभ्रांत और रसूखदार मुसलमान हैं वह इसका विरोध इसलिए कर रहे हैं कि उन्होंने कई बहुमूल्य संपत्तियों पर आधिपत्य जमा रखा है। इन लोगों ने कौड़ी मोल किराए पर करोड़ों की संपत्ति 100 साल के लिए लीज पर ले रखी है और कई रसूखदारों ने अरबों रुपयों की संपत्ति न्यूनतम दामों पर लेकर मॉल और फाइव स्टार होटल बनाकर अपना मुस्तकबिल पुख्ता किया है। इससे उन गरीब मुसलमानों का कोई भला नहीं हुआ जिनके नाम पर कोई संपत्ति वक्फ की जाती है। ये सक्षम मुसलमान सही मायनों में गरीबों का हक छीनने वाले राजनीतिक मुसलमान हैं। लेकिन वक्फ संशोधन कानून 2025 अब ऐसा होने नहीं देगा। यही एक चिंता है जो संपन्न मुसलमानों, मौलवियों और धर्म के ठेकेदारों को खाए जा रही है इसलिए इस कानून का यह कहकर कि यह कानून मुसलमानों की मस्जिद तोड़ेगा, दरगाहें तोड़ेगा और कब्रिस्तान की जमीनें छीन लेगा भोले और कमजोर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि अस्तित्व में आए नए कानून से उन्हें अवैध कब्जाई संपत्तियों से हाथ धोना पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर जो राजनीतिक दल चाहे वह कांग्रेस हो या सपा या तथाकथित सेकुलर छोटी-छोटी विपक्ष की पार्टियां हों वे इसलिए विरोध कर रही हैं कि अमीर मुसलमान और मौलवियों को अपने पक्ष में कर वे गरीब मुसलमानों को फतवा दिलवा कर वोट पाती हैं। ये पार्टियों डरी हुई हैं कि अब गरीब मुसलमान कहीं मोदी के पक्ष में खड़ा ना हो जाए। यही कारण है कि इन दलों ने बिल का पुरजोर विरोध किया। लेकिन वे भूल जाते हैं कि मोदी किसी को व्यक्तिगत लाभ देने के लिए काम नहीं करते। मोदी सरकार कांग्रेस या सपा या आम आदमी पार्टी की सरकार नहीं है जो कई बार चुनाव के मौके पर कभी कब्रिस्तान के नाम पर तो कभी मस्जिद के नाम पर सरकारी जमीन को खैरात में देते रहे हैं। सच्चाई तो यह है कि आम मुसलमान को अपनी उंगली पर नचाने वाले रसूखदार मुसलमान इस कानून के आने से बिलबिला रहे हैं। ये पूरे मुस्लिम समाज को यह कहकर भ्रमित कर रहे हैं कि सरकार मुसलमानों की जमीन हड़पना चाहती है। हमारी मस्जिदों को तोड़ दिया जाएगा मुसलमानों को जमीन से बेदखल कर दिया जाएगा। भड़काया जा रहा है कि मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों को छीनने की कोशिश की जा रही है। इस सब का जवाब देते हुए गृहमंत्री ने दो टूक कहा कि मुसलमानों के हित की अनदेखी किसी भी कीमत पर नहीं होगी। सच्चाई यह है कि यह कानून मुसलमानों की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी के आर्थिक हितों का संरक्षण करेगा। इस कानून का उद्देश्य धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं बल्कि गरीब मजलूम और अमन पसंद मुसलमानों को उनके हिस्से का हक दिलवाने के लिए है जिन संपत्तियों पर राजनीतिक मुसलमान कुंडली मारकर बैठे हैं। आम मुसलमानों को समझना होगा कि मोदी सरकार ने अपने फायदे के लिए वक्फ कानून में संशोधन नहीं किया बल्कि आम मुसलमानों के फायदे के लिए किया है। यह कानून जिन लोगों ने वक्फ की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसकी संपत्ति से होने वाली आय पचा जाते हैं यह कानून ऐसे भ्रष्टाचारियों को गरीब मुस्लिम तबके के विरुद्ध होने वाले कामों को रोकने के लिए है। जो राजनीतिक मुसलमान कानून के विरोध में चिल्ला चिल्ला कर देश के सारे मुसलमानों को भड़का रहे हैं उन्हें इनकी रणनीति को समझना होगा। यह विरोध सामान्य मुसलमानों के हितों के लिए नहीं बल्कि रसूखदारों के हित के लिए किया जा रहा है।

(लेखक के अपने विचार हैं)

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल


अरविंद जयतिलक

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्नान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनिया भर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रुप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज बंगलादेश भारत की सबसे गतिशील मंडियों में से एक है। भारत ने बंगलादेश के हित के लिए कई सेक्टरों की वस्तुओं के आयात पर टैरिफ रियायतें दी है। इसी तरह भारत-नेपाल आर्थिक-तकनीकी संबंधों में भी प्रगाढ़ता आयी है। नेपाल के विकास कार्यों में सबसे अधिक धन भारत लगा रहा है। दोनों देश चीनी, कागज, सीमेंट जैसे औद्योगिक साझा उद्यम में मिलकर काम कर रहे हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपए नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रुप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। वह इन देशों के साथ कृषि, वानिकी, पर्यटन, होटल, दूरसंचार जैसे अनगिनत परियोजनाओं पर मिलकर काम कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी बिम्सटेक क्षेत्र में रुकावटें और चुनौतियां बनी हुई है जिससे बिम्सटेक को अपना लक्ष्य साधने में कठिनाई हो रही है। बिम्सटेक क्षेत्र में आतंकवाद एक महत्वपूर्ण समस्या है। गोवा के शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि आतंकवाद से निपटने के लिए सभी सदस्य देशों को मिलकर काम करने की जरुरत है। 31 जुलाई 2004 को बैंकाक में संपन्न बिम्सटेक की पहली शिखर बैठक और 19 दिसंबर 2005 को ढाका में संपन्न बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भी आतंकवाद का मुद्दा उठा था। सभी सदस्य देशों ने इस चुनौती से मिलकर मुकाबला करने का संकल्प व्यक्त किया। लेकिन सच तो यह है कि इस दिशा में अभी तक सफलता नहीं मिली है। सच तो यह है कि बिम्सटेक क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों पहले से भी सघन हुई है। भारत का कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्य आतंकियों के निशाने पर है। इसी तरह बंगलादेश में हूजी, जमातुल मुजाहिदीन बंगलादेश, द जाग्रत मुस्लिम बंगलादेश, इस्लामी छात्र शिविर यानी आइसीएस जैसे आतंकी संगठन पहले से मजबूत हुए है। नेपाल के रास्ते पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ है। बंगलादेश और नेपाल के रास्ते भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी और नकली नोटों का प्रवाह जारी है। इसी तरह थाईलैंड, श्रीलंका और म्यांमार वाह्य और अंदरुनी आतंकवाद के अलावा जातीय संघर्षों से झुलस रहे हैं। जब तक इन अराजक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगेगा बिम्सटेक क्षेत्र में शांति और अर्थव्यवस्था को मजबूती नहीं मिलने वाली। बिम्सटेक के सदस्य देशों को उन आपसी मतभेदों को भी सुलझाना होगा जो आर्थिक प्रगति की राह में बाधा बना हुआ है।

(लेखक के अपने विचार हैं)

## कविता


मोनिका डागा

### ज़िंदगी करती सलाम है

जीवन इतनी आसान कहाँ,  
यह तो सच में एक संग्राम है,  
पास करनी पड़ती परिक्षाएं जहा,  
तब मिलता सुखद परिणाम है।  
निरंतर करे जो परिश्रम यहाँ,  
उसको जिंदगी करती सलाम है,  
कठिनाइयों में जो तपता रहाँ,  
उसे ही मिलता अपना मुकाम है।  
आलस्य कुसंगतियों का जो यहाँ,  
हो जाता आधीन और गुलाम है,  
तय है फिर हो जाती खुशियां वहाँ,  
उसकी दो कौड़ी की नीलाम है ।  
यम, नियम, संयम से चलता रहाँ,  
थामी यदि कुशलता से कमान है,  
जिंदगी में फिर ₹आनंद₹ बहे वहाँ,  
बनती खुद की अलग पहचान है।  
ऐसे ज्ञानीजनों का दुनियां यहाँ,  
करती वंदन कोटि-कोटि प्रणाम है,  
शुभ कर्मों का शुभ फल मिले वहाँ,  
जिंदगी देती हौसलें का ईनाम हैं।  
यूं तो जीवन में सबके ही जहाँ,  
रहे दौड़ा भागी ढेरों ही काम है,  
ख़ुशियाँ भी बाँटा करो संग में वहाँ,  
जीवन तो खुशियाँ लुटाने का नाम हैं।

# अतिक्रमण और हजामत


अरुण गुप्ता

## रोजनामचा खाकसार का

कस्बा खुड़पेंच गंज में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल था। बड़े तो बड़े, बच्चे भी तमाशे की उम्मीद में सड़क पर इकट्ठा थे। मकानों की छतों और छज्जों पर घर-परिवार ही नहीं, आसपास की महिलाएं भी तमाशा देखने के लिए मौजूद थीं। न-न, कस्बे में न कोई जलसा होना था और न ही बंदर-भालू का नाच। मामला बस इतना सा था कि खुड़पेंच गंज में अतिक्रमण हटाने के लिए एक विशालकाय बुलडोजर आया था और उसकी हाथी से बड़ी सूंड़ सबके लिए कौतूहल का विषय था। इसके अलावा मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस, मलबा ले जाने के लिए एक लारी, कुदाल, फावड़ा, गैंती लिए दो दर्जन मजदूरों की टोली मुस्तैद खड़ी थी। इस सारी अफरातफरी के बीच कस्बे के बाजार में व्यापारियों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ नज़र आ रहीं थीं। संटी पहलवान ने अपनी चाय की गुमटी व बेंचें उठा कर पास के खाली पड़े प्लाट पर रख कर भट्टी सुलगा ली थी। कचौरी हलवाई की भट्टियां आज अभी ठंडी ही थीं। वैसे तो ज्यादातर दूकानदार नोटिस मिलते ही वकील कचहरी प्रसाद के जरिए अदालत जा चुके थे और आदेश के लिए आज की ही तारीख नियत थी। अब मामले का ऊंट किस करवट बैठता है,इसका किसी को भरोसा नहीं था। इधर मजिस्ट्रेट की सीटी बजते ही अतिक्रमण हटाओ दस्ता गैंती, फावड़े और कुदाल लेकर आगे बढ़ने को ही था कि उधर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सेठ गुलाब चंद ,धोती पार्टी के सुदामा जी, टोपी पार्टी के छदम्मी बाबू, पत्रकार कलम चंद, पूर्व छात्र नेता क्रांति कुमार व अन्य व्यापारियों के साथ विधायक प्रतिनिधि कुंजी मास्टर पधारे। कुंजी मास्टर और सुदामा जी मजिस्ट्रेट और खुड़पेंच गंज कोतवाल को भीड़ से अलग ले जाकर बतलाने लगे। अफसरों के बार-बार गर्दन हिलाने की मुद्रा से सभी को लगा कि वे मान नहीं रहे थे। अंततः कुंजी मास्टर ने मोबाइल पर किसी से बात की और ऊंची आवाज में बोले-'आ रहे हैं विधायक जी। तब तक बुलडोजर हिलना भी नहीं चाहिए।' इसके साथ ही उनके संकेत पर कोई दर्जन भर युवक तुरत-फुरत बुलडोजर के आगे सड़क पर लेट गये। अफसर भी टकराव टालने की नीयत से दस्ते को रुकने का इशारा कर अपनी जीपों पर जम गये। कोई पौन घंटे बाद क्षेत्रीय विधायक मदन गोपाल सिंगल जो जनसेवा का पानी पीते-पीते डबल से ट्रिपल होने की दिशा में बढ़ रहे थे, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खुड़पेंच गंज बाजार के चौराहे पर जीप से उतरे। विधायक जी के अफसरों से दस्ता वापस ले जाने को कहने पर मजिस्ट्रेट ने ऊपर का हुक्म होने की बात कही, जिस पर विधायक जी हत्थे से उखड़ कर लगभग चिल्लाए- 'ऊपर! कितने ऊपर का है आर्डर। डीएम और कमिश्नर से बात करके आया हूं यहां। अभी स्पीकर आन कर मुख्यमंत्री जी से आपके सामने बात कर लेता हूं। ये आप का अतिक्रमण हटाने की कवायद का कोई फायदा हुआ है आज तक। हजामत की तरह है यह। आज बनाओ, कल फिर उग कर तैयार, कहीं भी देख लीजिए, एक-दो दिन में फिर उसी हालत में आ जाता है बेकार है यह सब..' ' अभी विधायक जी का प्रवचन चल ही रहा था कि वकील कचहरी प्रसाद बाइक से मुंशी सहित उतरते हुए खुशी से चिल्लाए-' मिल गया स्टे कोर्ट से। ले जाइए यह अपना टट्टर-बट्टर।' कहते हुए वकील साहब ने मजिस्ट्रेट को कोर्ट का फरमान दिखाया, जिसमें यथास्थिति बनाये रखने का आदेश था। इसके बाद आनन-फानन में संटी पहलवान की चाय की गुमटी और कचौरी हलवाई की भट्टियां व गैस सिलेंडर अपने पुराने स्थानों पर पुनः स्थापित होने लगीं और जिंदाबाद के गूंजते नारों के बीच सेठ गुलाब चंद विधायक जी और कुंजी मास्टर को अपने आवास पर खातिरदारी के लिए ले गये।

(लेखक के अपने विचार हैं)

# उत्तर भारत में गर्मी का कहर, 21 शहरों में हीटवेव का आलम


क्रांति कुमार पाठक

पिछले वर्ष की रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बाद 2025 की शुरुआत से ही तापमान को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही थीं, उनका सच होते दिखना अप्रत्याशित न होने पर भी चिंताएं बढ़ाने वाली है। बीते फरवरी को पहले ही 1901 के बाद से सबसे गर्म फरवरी घोषित किया जा चुका है। राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर से लेकर मध्य और पूर्वी भारत में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। उत्तर पश्चिम भारत में अप्रैल की शुरुआत से ही सूरज आसमान से आग बरसा रहा है। गर्मी का आलम यह है कि देश के पांच राज्यों के 21 शहरों में बीते रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने को महज एक मौसमी बदलाव मानकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। राजस्थान के बाड़मेर में तो पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 38.2 डिग्री रहा, लेकिन मौसम विभाग ने यहां बुधवार तक लू चलने की चेतावनी दी है और यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और यहां तक कि ओडिशा के शहरों में भी लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इस बीच, आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के ताजा अध्ययन ने चेतावनी दी है कि अगर धरती का औसतन तापमान 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, तो 40 फीसदी वैश्विक संपत्ति के नष्ट होने का खतरा है, जबकि अब तक के शोध सिर्फ 11 फीसदी नुकसान की ही बात कहते आए हैं। अप्रैल के पहले सप्ताह में ही लगभग हर शहर में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि देखी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक हवा की गति में कमी ने गर्मी को बढ़ने में अहम भूमिका निभाई है, खासकर दिल्ली में मौसम विभाग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सुबह के समय हवा की गति 8-10 किमी प्रति घंटे रहती है, दोपहर तक यह कम होकर 4-6 किमी प्रति घंटे तक आ जाती है और फिर शाम तक गति कुछ बढ़ती तो है, लेकिन 8 किमी प्रति घंटे से कम ही रहती है। मौसम विभाग ने अगले 4 से 5 दिनों तक दिल्ली के अलावा हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, उत्तर भारत और मध्य प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू जैसी स्थिति की चेतावनी दी है। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। उत्तर पश्चिम भारत, महाराष्ट्र और दक्षिणी भारत में अगले चार दिन में पारा 2 से 4 डिग्री तक बढ़ेगा और उसके बाद के तीन दिनों में इसमें 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। पूर्वी यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बीते 24 घंटे में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में रात के तापमान में भी बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। बीते रविवार को प्रदेश के लगभग 10 जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने सोमवार व मंगलवार को आगरा और दिल्ली से सटे जिलों गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास के इलाकों में लू के थपेड़े चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 8 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके असर से पुरवाई हवाएं चलेंगी। इससे पूर्वी यूपी व तराई इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है, पर तापमान में मामूली फर्क आएगा। मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि 8 से 10 अप्रैल के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड) में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इससे कुछ हद तक गर्मी में राहत मिल सकती है, लेकिन दिल्ली-एनसीआर और आसपास के मैदानी इलाकों में इसका असर सीमित होगा। वहीं, राजस्थान में आने वाले 4 से 5 दिनों तक भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने यहां के लिए भी चेतावनी जारी की है। गुजरात और सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में 6 से 10 अप्रैल के बीच हीटवेव बने रहने की उम्मीद है, जिसमें 6 और 7 अप्रैल को स्थिति ज्यादा गंभीर हो सकती है। मध्य प्रदेश में 8 से 10 अप्रैल के बीच कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी दी गई है। वहीं, महाराष्ट्र में अगले 4 दिनों में तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है, जिसके बाद अगले 3 दिनों में थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने देश के कुछ राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। इसमें गुजरात, हरियाणा, पंजाब , राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रमुख हैं। तापमान का बढ़ना केवल गर्मी झेलने तक सीमित हो, तो एक बात है, लेकिन ये स्थितियां प्रकृति में असंतुलन का संकेत देती हैं, लिहाजा बड़ी प्राकृतिक आपदाओं का डर भी पैदा होता है। पिछले वर्ष जुलाई में केरल के वायनाड में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन को याद करें, जिसमें सैकड़ों लोग हताहत हुए थे। पिछले साल ही राजस्थान के जैसलमेर में एक ही दिन में मौसम की 55 फीसदी बारिश हो गई थी। इसी तरह लेह के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में जुलाई में गर्मी की लहर चली थी। यह स्थिति इसलिए भी डराती है, क्योंकि 2024 में ऐसी आपदाओं में 3,238 लोगों की जाने चली गई थी, जो 2022 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। दरअसल, जिस तरह से चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति, तीव्रता और अवधि बढ़ी है, उससे सवाल उठता है कि क्या यह 'न्यू नार्मल' वाली स्थिति तो नहीं बनने जा रही है। जिसका सामना पूरी दुनिया को करना होगा। 2022 में गर्म हवाओं की वजह से पैदावार में करीब 20 फीसदी की कमी आई थी, जो इस वर्ष की कहानी भी हो सकती है। खेती का गहरा संबंध जल की उपलब्धता से भी होता है। ऐसे में उत्तर भारत में जलाशयों की क्षमता में गिरावट भी चिंता का विषय है। अब समय आ गया है कि इस संकट को गंभीरता से लिया जाए। पौधारोपण और जल संरक्षण के लिए नीतियां ही काफी नहीं, उनके कार्यान्वयन पर ध्यान देना होगा। बिजली और पानी का किफायत से उपयोग और प्रदूषण कम करने के छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। हर किसी को खुद से पूछना चाहिए कि वह पर्यावरण की इस व्यापक हो चली समस्या का अंग हैं या फिर समाधान का। इस संबंध में कोई तीसरा विकल्प शेष नहीं है।

(लेखक के अपने विचार हैं)

## एक नजर

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**जाना बाजार-अयोध्या।** नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष हैदरगंज के के तिवारी सहित पूर्व अध्यक्ष व प्रभारी को समाजसेवी ने अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रम्ह बाबा चौराहे पर मंगलवार की दोपहर में नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष हैदरगंज के के तिवारी, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा और मंडल प्रभारी अनुराग वर्मा का समाजसेवी उपेंद्र दुबे उर्फ झिंगूरी दूबे स्वागत समारोह पूर्वक किया। चौराहे पर क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों का मुंह मीठा भी कराया। वहीं भाजपा के नेता व समाजसेवी राधेश्याम यादव को भी इस दौरान सम्मानित किया गया। संतराम विश्वकर्मा गणेश निषाद, सुरेंद्र भारती, सचिन मिश्रा, राम लखन शुक्ला, लल्लू मिश्र, शिवकुमार पाठक, दीपू मिश्रा, हरिओम दुबे, पुनीत दुबे, आशु तिवारी, नंदन पांडे, संतराम विश्वकर्मा, मालती प्रजापति, रामप्रसाद पाठक सहित लोग उपस्थित रहे।

### बड़ा हादसा टला, ट्रक पेड़ से टकराया

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** सोमवार देर रात नेशनल हाइवे पर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। गनीमत रही कि ट्रक में सवार चालक और खलासी दोनों पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकल आए।मध्य प्रदेश से प्याज खाली कर लौट रहा ट्रक जैसे ही तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग 28अमवा तिवारी गांव के सामने पहुँचा, अचानक अनियंत्रित हो गया और मन्नु यादव की दुकान के आगे लगे टिन शेड को तोड़ते हुए पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई पेड़ टूट गए, लेकिन सौभाग्यवश जान-माल का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मधुरिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और फौरन राहत कार्य शुरू किया। चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों को सिर्फ मामूली चोटें आई हैं।स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना में जान का नुकसान होने से टल गया।

### मखाना खेती को प्रोत्साहित कर रही सरकार : पवन मिश्र

**अयोध्या।** यूपी की भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर उत्कर्ष के 8 वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो अभियान में भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने देवरिया विधानसभा के पिपरपाती गांव में घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित किया। इस अवसर पर लोगों के घरों पर भाजपा का झंडा भी लगाया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 8 वर्षों में किसानों की उन्नति के लिए कई कार्य किये है, सरकार मखाना की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित कर प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दे रही है, सरकार के इस पहल में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देवरिया के किसानों ने सबसे आगे आकर पिछले साल से ही जनपद में मखाना की खेती शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मखाना की खेती से किसानों की आय दुगुनी होगी और किसान समृद्ध होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सत्यप्रकाश मिश्र, मुकेश राय, गोपाल जी मिश्र, अरुण मिश्र, विजय कुशवाहा, राजेश प्रसाद उपस्थित रहे।

### शिक्षा से ही जीवन को बदला जा सकता है : आरती

**गोसाईगंज-अयोध्या।** अंसार नगर स्थित अंसार नेशनल मॉन्टेसरी स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा तय करते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जहां पहले छात्र-छात्राएं उर्दू, अरबी और हिंदी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करते थे, वहीं अब विद्यालय ने 2025-26 सत्र से इंग्लिश मीडियम शिक्षा की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इस कदम से विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम में गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा से ही जीवन को बदला जा सकता है। इस विद्यालय द्वारा उठाया गया यह कदम छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा मिश्रा और उप प्रधानाचार्या जीनत सुल्तान ने सभासद श्रीमती जयसवाल का माला पहनाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम में प्रबंधक श्री इकबाल हुसैन, सहायक अध्यापिका आबिदा खातून, तैहसीन कौशल, श्रीमती प्रमिला सैनी, कु. रीतू दूबे, साधना कसौधन, श्रीमती सुनीता यादव, श्रीमती आरती मौर्या, सकीना बानो, रागिनी वर्मा सहित सैकड़ों महिला अभिभावक मौजूद थे।

### पैलानी तहसील में निबंधन कार्यालय खोलने की मांग

**बांदा।** पैलानी तहसील में निबंधन कार्यालय खोले जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने शासन को पत्र भेजकर कार्यालय खोले जाने का अनुरोध किया है। कहा है कि तहसील में निबंधन कार्यालय न खुलने से बैनामा आदि कराने को 36 किलोमीदर दूर का सफर तय करते हुए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। उप निबंधक कार्यालय खुलवाने की मांग लेकर वर्ष 2016 से सभी अधिवक्ता प्रयासरत हैं। लेकिन आज तक तहसील पैलानी में उप निबंधक कार्यालय नहीं स्थापित किया जा सका है।

# कॉलेज में छात्रा संग दुष्कर्म

» विद्यालय के शिक्षक के साथ कार्यवाहक प्रधानाचार्य किए गए निलंबित

» घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया इलाके में मल्लूडीह स्थित कृषक इंटरमीडिएट कालेज के एक शिक्षक द्वारा बारहवीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा के साथ विद्यालय परिसर में ही छेड़खानी एवं दुष्कर्म कर गुरु-शिष्या के पवित्र रिश्ते को कलंकित किये जाने का मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस शर्मनाक घटना का वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित इलाके के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस क्रम में आज गुस्साए लोगों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर बड़ी तादात पहुंचकर प्रदर्शन किया और वहशी शिक्षक को बर्खास्त किये जाने की मांग की। इस सिलसिले में संबंधित थाने (कसया) की पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है।

पीड़ित बालिका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में संबंधित शिक्षक मैनुद्दीन अंसारी के साथ ही विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य को भी विद्यालय के प्रबंध संचालक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच के लिए एक समिति गठित करने का निश्चय भी किया है। चर्चा है कि इससे पहले भी मैनुद्दीन अंसारी ने अपने विद्यालय की कई छात्राओं को परीक्षा में उत्तीर्ण कराने और अच्छे नम्बर दिलाने का झांसा देकर अपने हवस शिकार बनाया जा चुका है। यह भी चर्चा है कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों नें मैनुद्दीन की कुटाई भी की।

पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियों संज्ञान में आया। इसमें एक व्यक्ति द्वारा एक लड़की के साथ अश्लील हरकत की जा रही है। पुलिस ने वीडियो की जांच की तो ज्ञात हुआ कि वीडियों कृषक इंटर कालेज मल्लूडीह का है और वीडियों में दिखने वाला व्यक्ति उस विद्यालय मे सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत मैनुद्दीन अंसारी निवासी धनहा उर्फ मल्लूडीह थाना कसया जनपद कुशीनगर है। इसके पश्चात संबंधित बालिका के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की गई है।

## सचिव जन समस्याओं का प्रतिदिन करें निस्तारण

**बांदा।** पंचायत सचिव प्रत्येक दिन अपने पंचायत भवन में बैठकर जनता की समस्याओं को सुने और उनका निस्तारण करे। इसके अलावा लेखपाल और कानूनगो फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए पूर्ण कराएं। आयुक्त अजीत कुमार ने अपने सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मंडल के सभी पंचायत सचिवों को यह निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंको से समन्वय करते हुए उनका निस्तारण कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वादों का समय से निस्तारण करें तथा राजस्व वाद अधिक समय तक लम्बित नही रहने पाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि तहसील एवं ग्राम स्तर पर प्राप्त होने वाली समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण किया जाए, जिससे कि अधिक लोगों को मण्डल एवं जनपद स्तर पर अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए अनावश्यक न आना पडे।

# महोली में घर से नकदी और 10 लाख रुपये के जेवरात चोरी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** विधायक डॉ अमित सिंह चौहान के गांव महोली में सोमवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए वहां से 30 हजार नकद व करीब 10 लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए। एक माह के भीतर रौनाही थाना क्षेत्र की यह आठवीं और सत्ती चौरा पुलिस चौकी की पांचवीं चोरी की वारदात है।

पीड़ित अनूप कुमार दुबे ने बताया कि छत के रास्ते दरवाजा तोड़ घर में घुसे चोरों ने पहले कमरों में सो रहे परिवारीजनों को बाहर से कुंडी लगा कर बंद कर दिया। इसके बाद पूरे घर की तलाशी ली, बॉक्स व लॉकर तोड़कर उसमें रखे करीब 10 लाख रुपये के जेवरात व 30 हजार नकद चुरा ले गए। बताया कि चोरी की भनक लगने पर हम लोगों ने गोहार लगाई लेकिन चोर भागने में सफल रहे। सूचना पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, सीओ सदर योगेंद्र कुमार, थाना प्रभारी रौनाही सुमित श्रीवास्तव फोरेंसिक टीम व डॉग स्कवॉयड के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व जांच की। प्रशिक्षित डॉग भी घर से बाहर सड़क पर आकर रुक गया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि घटनास्थल के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी लगा है, उसकी फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों की तलाश के लिए टीमें बनाई गई है।एक माह के अंदर रौनाही थाना क्षेत्र की यह आठवीं और सत्ती चौरा पुलिस चौकी की पांचवीं चोरी की वारदात है। इससे पहले इब्राहिमपुर कँदई निवासी भाजपा नेता शिव पूजन सिंह, बरई बरेसर में चार घर, कांटा चौराहे पर मां वैष्णो मोबाइल व आभूषण भंडार, लालजी सोनी की दुकान, सोहावल चौराहा स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के सामने सहित एक सर्विस सेंटर को चोर अपना निशाना बना चुके हैं।

# सीएचओ अनुराधा ने मॉडल्स के जरिए आसान की फाइलेरिया की समझ



» फाइलेरिया मरीजों को घर के पास ही मिल रही रोग प्रबंधन की जानकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**देवरिया।** पथरदेवा ब्लॉक के सेमरी आयुष्मान स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनुराधा सिंह ने फाइलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक बेहद अनोखी और सराहनीय पहल की है। उन्होंने ऐसा मॉडल तैयार किया हैं जिसे पढ़ना न जानने वाले लोग भी केवल देखकर आसानी से समझ सकते हैं। इस दृश्यात्मक मॉडल्स के ज़रिए फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग की जानकारी अब गाँव के लोगों तक सीधे और सरल ढंग से पहुँच रही है।

अनुराधा सिंह बताती हैं कि सेमरी क्षेत्र के अधिकतर लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं। वह बैनर और पोस्टर में लिखी बातों को नहीं पढ़ पाते। इसलिए मैंने सोचा कि कुछ ऐसा बनाया जाए जिसे देखकर ही लोग बात को समझ जाएं और अपनी ज़िंदगी में उसे अपनाएं। इस मॉडल के ज़रिए हमने दिखाने की कोशिश की है कि फाइलेरिया क्या है, ये कैसे होता है, इससे कैसे बचा जा सकता है, अगर किसी को हो जाए तो वो अपने प्रभावित अंगों की देखभाल कैसे करे और कौन-कौन से व्यायाम करें। ये सब बातें हमने चित्रों के ज़रिए इस तरह से समझाई हैं कि बोलने की ज़रूरत ही नहीं पड़े लोग खुद ही समझ जाएं। नोडल अधिकारी एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजिज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ हरेंद्र ने अनुराधा सिंह के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के बीच बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि उनका यह प्रयास अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को भी लीक से हटकर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। पीएसपी की सदस्य व फाइलेरिया मरीज सुगंधी (30) बताती हैं कि पीएसपी से जुड़ने के बाद उन्हें फाइलेरिया समेत अन्य बीमारियों की गंभीरता की जानकारी मिली है। सीएचओ दीदी से उन्होंने फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल और उससे जुड़ी एक्सरसाइज के तरीके सीखे हैं, जिनसे सूजन में काफी राहत मिली है। वह अब खुद भी ये एक्सरसाइज अन्य मरीजों को सिखाकर उनकी मदद कर रही हैं। अच्छी बात यह है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से अब फाइलेरिया मरीजों को 12 दिन की दवा घर के पास ही आसानी से मिल रही है।

**पीएसपी मंच से मिल रही ताकत**

सेमरी में इस समय रोगी हितधारक मंच यानी पेसेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म (पीएसपी) का संचालन किया जा रहा है, जिसमें कुल 18 सदस्य शामिल हैं। इनमें ग्राम प्रधान, कोटेदार से लेकर फाइलेरिया मरीज, अध्यापक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, संगिनी, आंगनवाड़ी सहायिका और टीबी चैंपियन जैसे प्रतिनिधि जुड़े हैं। इस मंच की संचालन भूमिका में अनुराधा सिंह स्वयं हैं।

## कुपोषित बच्चों को पोषाहार वितरण के साथ उनके स्वास्थ्य लाभ की निगरानी रखी जाए

**बांदा।** पोषण पखवाडा के अंतर्गत बच्चों में कुपोषण को खत्म करने के लिए कुपोषण प्रबन्धन के माड्यूलर का क्रियान्वयन सही रूप से करने तथा कुपोषित बच्चों को पोषाहार वितरण के साथ उनके स्वास्थ्य लाभ की निगरानी नियमित रखी जाए। जिलाधिकारी जे. रीभा ने कलेक्ट्रेट सभागार में 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा से संबंधित बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सुपरवाइजरों को यह निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे कराये जाने, बच्चों का टीकाकरण एवं बीएचएनडी सत्र में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की जांच करने एवं उनके कार्ड में अंकित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाडी एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिये कि आंगनबाडी केन्द्र नियमित रूप से समय पर खुले रखने के साथ पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति भी रखें तथा पोषण ट्रैकर ऐप में आवश्यक फीडिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आशाओं के साथ बच्चों के टीकाकरण कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था से लेकर जन्म के दो वर्ष तक बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये, जिससे कि बच्चों का कुपोषण से बचाव हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को फल एवं पोषाहार किट का वितरण किया तथा छोटे बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया।

**कर वसूली व प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने के निर्देश :** डीएम ने कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में आयोजित बैठक में कर-करेत्तर वसूली व राजस्व वसूली की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने खनन कर में वृद्धि और प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने, ओवरलोड वाहनों की सघन चेकिंग तथा रोड टैक्स के मामलों की भी चेकिंग के निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। बडे बकायेदारों से वसूली कार्रवाई तथा आरसी वसूली भी पूरा करने को कहा।

# अपनी जनता पार्टी की संविधान, सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा पहुंची कुशीनगर



» संविधान के खिलाफ आचरण कर रही है भाजपा सरकार : स्वामी प्रसाद मौर्य

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** संविधान सम्मान और जनहित हुंकार यात्रा के तहत इस जिले में पहुंचे प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं अपनी जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने आज सिधुआ बाजार अपने स्वागत में जुटे लोगों के बीच केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में संविधान के विरुद्ध कार्य किए जा रहे हैं, जिससे बेरोजगारी से जूझ रहे करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। महंगाई चरम पर है और आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार न तो किसानों को लाभकारी मूल्य दे रही है और न ही कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू कर रही है। आवारा जानवर किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं,लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी निशाने पर लेते हुए कहा कि चुनाव के दौरान पिछड़ों की बात की जाती है,लेकिन जब जातिगत जनगणना की बात आती है,तो सरकार दूर छिटक जाती है। उसे पिछड़ों की चिंता नहीं है। नौकरी में भर्ती के दौरान अनुसूचित जाति , जनजाति और गरीबों की अनदेखी की जाती है। केवल आरएसएस व भाजपा से जुड़े लोगों को लाभ दिया जा रहा है। मौर्य ने आरोप लगाया कि सरकार पिछड़ों के 27 प्रतिशत आरक्षण को भी खत्म करने की कोशिश कर रही है। उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में मनमाने तरीके से भर्तियां की गई हैं, जिससे पिछड़ों और दलितों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। देश की संपत्तियों को चहेते पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है। बंदरगाह, एयरपोर्ट, एयर इंडिया, ट्रेन और एलआईसी जैसे महत्वपूर्ण सरकारी उपक्रमों का निजीकरण कर दिया गया है। यह आम लोगों के खून-पसीने की कमाई को चंद लोगों के हाथों में सौंपने जैसा है।

उन्होंने कहा कि सरकार वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए कभी हिंदू-मुस्लिम, कभी मंदिर-मस्जिद और कभी किसी अन्य मुद्दे के नाम विवाद पैदा करती है। इसी वजह से वे संविधान, सम्मान और हुंकार यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने निकले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफ हिंसक घटनाएं हो रही हैं। उन्हें न्याय से वंचित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब जंगलराज का पर्याय बन गया है। श्री मौर्य ने हुंकार जनता से अपील की कि वे अपने अधिकारों के लिए एकजुट हों और संविधान की रक्षा के लिए आगे आएं। इस अवसर पर अजपा के राष्ट्रीय महासचिव शादाब खान, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र कोरी, राष्ट्रीय महासचिव दिलिप चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाबचंद गौतम, जिला अध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा, डॉक्टर महबूब आलम, मार्कंडेय तिवारी, अभयानंद कुशवाहा, रिजवान खान, जनार्दन कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, लालबहादुर कुशवाहा, बाबूराम कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, राजदेव कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, रामनिवास, रामदयाल, पंकज राम सिंह, नंदलाल, अशोक कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, दिनेश प्रसाद, ब्रह्मा कुशवाहा, ओम प्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र प्रसाद, जयराम, अवधेश, गुड्डू अंसारी शंभू प्रसाद, अफजाल अंसारी, दीपू ब्याहुत, अजय कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, डॉक्टर हरकेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# योगी शासनकाल में प्रदेश में सड़कों के विकास के कृतिमान स्थापित हुए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भाटपार रानी देवरिया।** भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा बघेल उत्तर पट्टी से परपतही चौराहे तक लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने मंगलवार को परपतही चौराहे पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया।

इस सड़क का नामकरण भाटपार रानी के विकास पुरुष रहे पूर्व विधायक स्वर्गीय योगेंद्र सिंह सेंगर के नाम पर किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि आप सभी देवतुल्य जनता जनार्दन ने अपना आशीर्वाद देकर 2022 में मुझे इस क्षेत्र की सेवा करने का अवसर दिया था तब से लेकर आज तक मैं निरंतर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास कर रहा हूं। मेरे 3 वर्ष के कार्यकाल में लगभग पूरे विधानसभा क्षेत्र में छोटी बड़ी 300 से ऊपर सड़कों का निर्माण हो चुका है। केवरिया घाट का पुल जो जर्जर हो चुका था उसकी जगह पर नए पुल का निर्माण हो रहा है। हाल ही में यूपी और बिहार को जोड़ने वाले चखनी घाट पर भी नए पुल के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है उसका कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज की हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ के 8 वर्ष के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में विकास के नए मानदंड स्थापित हुए है आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश के नक्शे में प्रथम स्थान पर अंकित होगा। किसानों के फसल की सिंचाई को सरकार ने निशुल्क कर दिया है। फसल की सिंचाई के लिए किसानों को अब कोई बिजली बिल नहीं देना पड़ रहा है।

# डीएम ने स्कूल चलो अभियान रैली को किया रवाना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग जनपद मऊ के सौजन्य से जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ो छात्र छात्राओं द्वारा पढ़ना है पढ़ना है उन्नत देश बनाना है। घर छोड़ो स्कूल चलो स्कूल चलो स्कूल चलो₹ जैसे गगन भेदी नारों के साथ यह रैली निकाली।

रैली कलेक्ट्रेट परिसर से गाजीपुर तिराहा होते हुए फातिमा गेट के पास स्थित शिक्षा विभाग कॉलोनी के प्राथमिक विद्यालय में पहुंच कर सभा के रूप में तब्दील हुई। सैकड़ों महिला शिक्षिकाओं द्वारा हेलमेट के साथ स्कूटी पर सवार होकर जनमानस को स्कूलों में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन एवं सड़क सुरक्षा एवं संचरी रोगों से रोक थाम हेतु भी




जागरूक किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने स्वयं रैली का कमान संभालते हुए स्कूल चलो अभियान रैली हेतु सजी गाड़ी से स्वयं चक्रमण किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करायें और अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह ,ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सियाराम तथा सभी जिला समन्वयक आलोक कुमार सिंह अजीत तिवारी ,अनिल चौरसिया सहित समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे ।एसआरजी अरविंद पांडेय ने रैली का संचालन किया। स्काउट एवं बैंड पार्टी के बच्चों के साथ-साथ शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा भी सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग किया गया।

## युवक का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला

**अयोध्या।** जनपद के बाबा बाजार थाना क्षेत्र के मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 सुनवा की है। जहां पर नक्षत्र कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष का शव कमरे के अंदर छत के चुल्ले से रस्सी के सहारे लटकता हुआ परिजनों को दिखाई दिया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंच पुलिस जांच उपरांत शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि मृतक तीन भाइयों में छोटा था। एक वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। दो महीने पहले पति-पत्नी में अनबन होने के चलते रिश्ता खत्म हो गया। मृतक अपने कमरे में अकेले ही रहता था सुबह 8 बजे तक कमरे से बाहर न निकलने पर जब परिजन अंदर गए तो वह फांसी के फंदे पर लगता हुआ मिला। वह इस संबंध में थाना अध्यक्ष बाबा बाजार शैलेंद्र कुमार आजाद का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है।

# विधायक के नेतृत्व में निकली भाजयुमो की भव्य बाइक रैली



» भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर नहीं : पीएन पाठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार का आठ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आज कसया कस्बे में भव्य बाइक रैली का आयोजन कर जश्न मनाया । इस बाइक रैली में काफी बाइक सवार युवा शामिल हुए। रैली का नेतृत्व कुशीनगर के विधायक पीएन पाठकन किया।

बाइक रैली में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के अलावा कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्य लोग भी बड़ी तादात में शामिल रहे। बाइक रैली का जुलूस कुशीनगर बिरला धर्मशाला से भ्रमण के लिए रवाना हुआ और कसया कस्बे का चक्कर लगाते हुए कसया कस्बे के कसाडा चौक पर पहुंचा जहां इसका समापन हुआ। रैली के जुलूस में विधायक श्री पाठक ने खुद आगे-आगे चल रहे थे।

उन्होंने प्रारम्भ से अंत तक बाइक चलाकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने रैली में शरीक लोगों को संबोधित भी किया। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के स्तंभ हैं। उन्होने कहा कि योगी सरकार के आठ वर्षों ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा जो कहती है वह करती है। योगी सरकार की नीतियों के कारण देश के अग्रणी विकासशील प्रदेशों में यूपी गिना जाने लगा है। शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली उद्योगों में निवेश के मामले में प्रदेश सबसे आगे पहुंच गया है। कुशीनगर विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

बाइक रैली कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा नेता आदित्य मिश्रा ने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। डबल इंजन की सरकार गरीब, युवा, महिला और किसानों को समर्पित है। इस क्रम में प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कसाडा चौक पर दुकानदारों के बीच पत्रक वितरण भी किया।

इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, सभासद सूर्यनाथ यादव, राजेश मद्धेशिया, केशव सिंह, मुन्ना शर्मा, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, युवा मोर्चा आदित्य त्रिपाठी, राजेश राव, अमरजीत कुशवाहा, तेजप्रताप पाठक, किरन सिंह, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, बिरेंद्र त्रिपाठी, अंबिकेश तिवारी, सुनील कौशिक, राज पाठक, अमित मालवीय, संजीव दुबे, कुंदन दुबे, आदित्य उपाध्याय, तिवारी आदि शामिल रहे।

**प्रदर्शनी** भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन, प्रदेश के सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों के चित्र भी लगाए गए

# बीजेपी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शनी का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** प्रदर्शनी में भाजपा के 46 वर्षों की यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें लगाई गई हैं। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राजनीतिक सफर सहित पार्टी के अन्य बैनर पोस्टर लगाए गए। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ जनों की राजनैतिक संघर्षों की तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही प्रदेश के सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों और जिले के पूर्व भाजपा अध्यक्षों के चित्र भी लगाए गए हैं।

जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने कहा कि भाजपा ने अपनी यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। अटल आडवाणी और मोदी के नेतृत्व में





सुशासन को प्राथमिकता मिली। पार्टी 140 करोड़ देशवासियों तक अपनी पहुंच बना रही है।

साथ ही कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी के करोड़ों सदस्य हैं। वे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' के मंत्र पर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर राकेश मिश्रा अशोक सिंह संजय पांडेय संगीता द्विवेदी रमेश राय संजीव जायसवाल कृष्णकांत राय सचिंद्र सिंह मीना अग्रवाल राघवेंद्र शर्मा यशपाल सिंह रामानुज सिंह प्रतीक जायसवाल सूरज चौहान नीतीश गोंड सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आज ही के दिन अमर बलिदानी मंगल पांडे को दी गई थी फांसी

» सेनानी भवन के सभागार में सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने आयोजित की संगोष्ठी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** शहर के सेनानी भवन सभागार में सेनानी उत्तराधिकारियों ने भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शहीद मंगल पाण्डेय का बलिदान दिवस मनाया। उपस्थित जनों ने बिखरे हुए भारत और अनियंत्रित संघर्ष के रूप में आयोजित 1857 के संग्राम के इस अप्रतिम योद्धा की भूरि भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल नेटिव इन्फैंट्री की 34वीं रेजीमेंट के सिपाही मंगल पाण्डेय ने 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, अपने ही बटालियन के खिलाफ उन्होंने बगावत कर दिया। मंगल पाण्डेय ने चर्बी वाले कारतूस को मुंह से खोलने से इंकार कर दिया था, जिस वजह से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और सन् 1857 के 08 अप्रैल को उन्हें फांसी दी गई।₹मारो फिरंगी को₹ उनका नारा था, उन्हें भारत की आजादी का पहला क्रांतिकारी माना जाता है। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि देश के नागरिकों के धार्मिक भावना के साथ खेलने पर उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य को ललकारा।राइफल की कारतूसों में गाय व सुअर की चर्बी का इस्तेमाल करने को लेकर उन्होंने अंग्रेज अफसर पर गोली चलाकर विद्रोह कर दिया।06 अप्रैल 1857 को उनका कोर्ट मार्शल कर दिया गया और 08 अप्रैल को उन्हें फांसी दे दी गई। पश्चात 34 वीं रेजीमेंट को भंग कर दिया गया। समाजसेवी बछन्ने शुक्ल ने कहा कि मंगल पाण्डेय की इसी बगावत ने उन्हें मशहूर कर दिया और आजादी की ज्वाला में घी का काम किया। उनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की चिंगारी से अंग्रेज़ ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बुरी तरह हिल गया, यह विद्रोह ब्रिटिश औपनिवेशिक अत्याचारों के खिलाफ था इस विद्रोह को अंग्रेजों ने बड़ी मुश्किल से दबा दिया।

इस विद्रोह के बाद भारत को नये ब्रिटिश राज में सीधे ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रशासित किया गया।अन्त में उपस्थित सेनानी उत्तराधिकारियों ने भारत माता के स्वतंत्रता की बलि वेदी पर अपना शीश चढ़ाने वाले इस सुमन के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में राजू मिश्र उर्फ मुन्ना भैया जिला संगठन महामंत्री, बृजेश शर्मा एडवोकेट, मोहम्मद इब्राहिम एडवोकेट, रवि जायसवाल, शिवम् मिश्रा सहित तमाम देश भक्त मौजूद रहे।

# मनरेगा में अनियमितता पर दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश

## जिलाधिकारी नेहा शर्मा की सख्ती, तकनीकी जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन

विश्ववार्ता संवाददाता



**गोण्डा।** मनरेगा कार्यों में अनियमितता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। ब्लॉक मुजेहना की ग्राम पंचायत मूसापुर में पक्की सड़क से मनोरमा नदी तक कराए जा रहे मिट्टी पटाई कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि कार्य एवं मापी में भारी अंतर है। फोटो अपलोडिंग में भी अनियमितता मिली है। इस मामले में जिलाधिकारी ने ब्लॉक के संबंधित एपीओ (अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी) के खिलाफ लिखित चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी ने रोजगार सेवकों के कार्यों की निगरानी और गाइडलाइंस के कड़ाई से अनुपालन के लिए जिला मनरेगा समन्वयक को सख्त निर्देश दिए हैं। गड़बड़ी की गहराई से जांच के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दो सदस्यीय तकनीकी टीम का गठन किया है। इस टीम में उपायुक्त उद्योग गोंडा और अधिशासी अभियंता नलकूप खंड गोंडा को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने समिति को 7 दिन के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

यह मामला विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत मूसापुर का है, जहां मनरेगा योजना के तहत पक्की सड़क से मनोरमा नदी तक मिट्टी पटाई का कार्य कराया जा रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि कार्य स्थल पर तकनीकी खामियों का सहारा लेकर फर्जी हाजिरी बनाई गई और एक ही व्यक्ति की फोटो को अलग-अलग स्थानों पर अपलोड कर उपस्थिति दर्शाई गई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर उपायुक्त श्रम-रोजगार, महात्मा गांधी नरेगा योजना कार्यालय ने स्थलीय निरीक्षण कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी की इस सख्ती से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। साथ ही प्रशासन की सख्त निगरानी से मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी करने वालों पर लगाम कसने की तैयारी है।

### बेलसर के आरआरसी केन्द्र की उपेक्षा पर दो ग्राम पंचायत अधिकारियों की परिनिन्दा

नेहा शर्मा ने विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखते हुए एक बार फिर सख्त कार्यवाही की है। विकासखण्ड बेलसर की ग्राम पंचायत ऐली परसौली में नवनिर्मित रिसोर्स रिकवरी सेंटर की बदहाली को लेकर उन्होंने बड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान आरआरसी केंद्र निष्प्रयोज्य स्थिति में पाया गया। परिसर में झाड़ियां और घास-फूस उग आई थीं तथा शेड भी टूटा हुआ था। डीएम ने इस लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी श्री शिशिर सिंह और वर्तमान ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अंकित कुमार की परिनिन्दा की है। डीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में कचरा निस्तारण की व्यवस्था बेहद जरूरी है, लेकिन जिम्मेदार कर्मियों की लापरवाही बेहद खेदजनक है। खण्ड विकास अधिकारी बेलसर की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में केंद्र की सफाई एवं मरम्मत कराकर इसे क्रियाशील कर दिया गया है। बावजूद इसके डीएम ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ परिनिन्दा आदेश जारी कर दिया है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आरआरसी केंद्रों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी को आदेशित किया गया है कि संबंधित कर्मचारियों से इस आदेश की तामीला रिपोर्ट तीन दिन के अंदर प्रस्तुत करें। नेहा शर्मा की यह कार्रवाई जिले में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सख्त संदेश मानी जा रही है कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# देश की हर राजनीतिक पार्टी से अलग होगी सम्यक पार्टी : तपेंद्र शाक्य

**बहराइच।** सम्यक पार्टी के संस्थापक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तपेंद्र शाक्य पूर्व आईएएस ने आज बहराइच यह सरयू तट पर स्थित मरी माता मंदिर के निकट पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी नीतियों से अवगत कराते हुए बताया कि सम्यक पार्टी एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व राजनीतिक शुरुआत है जहां जातिवाद परिवारवाद तथा क्षेत्रवाद भाषावाद धर्मवाद और नस्लवाद के लिए कोई स्थान नहीं है इस पार्टी में हर नागरिक का देश के हवा पानी रोजी रोजगार मान सम्मान सुरक्षा रोजी-रोटी शिक्षा रोजगार सट्टा शासन प्रशासन न्याय प्रबंधन जमीन जायदाद सुख समृद्धि में भागीदारी का बराबर हक है सम्यक पार्टी किसी जाति परिवारवाद व्यक्ति की पार्टी नहीं है यह संपूर्ण देशवासियों की पार्टी है किसी भी पद का कार्यकाल 3 वर्ष से अधिक का नहीं होगा।

# मृतक बताकर वृद्धा की पेंशन बंद कराने वाले कर्मचारी को दी चेतावनी

» पेंशन बहाल करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोण्डा।** जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती नेहा शर्मा ने सख्त कार्रवाई की है। वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी को मृत घोषित कर पेंशन बंद कराने के मामले में डीएम ने तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी की परिनिन्दा करते हुए उन्हें चेतावनी दी है और लाभार्थी की पेंशन बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

मामला विकास खण्ड मनकापुर के ग्राम वीरपुर की वृद्धा श्रीमती धनपता पत्नी श्री राममिलन से जुड़ा है। सत्यापन के दौरान ग्राम विकास अधिकारी अमिता यादव ने बिना सही जांच के वृद्धा को मृत घोषित कर दिया, जिससे उनकी पेंशन बंद हो गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वृद्धा जीवित हैं और सत्यापन में घोर लापरवाही की गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अमिता यादव की परिनिन्दा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए चेतावनी दी है कि सत्यापन कार्य पूरी जिम्मेदारी और सावधानी से करें।

साथ ही डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को आदेश दिया है कि वृद्धा की पेंशन तत्काल बहाल कर बकाया धनराशि उनके खाते में भेजी जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया है।

# एकीकृत बागवानी मिशन का संचालन करेगा उद्यान विभाग

**बहराइच।** कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार उद्यान विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन का संचालन किया जायेगा। एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला एवं अन्य प्रोजेक्ट आधारित कार्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं। जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अभी कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है।

पंजीकरण हेतु किसान भाई, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण स्वयं/जनसेवा केन्द्र/कार्यालय से कर सकते है। कृषकों का चयन 'प्रथम आवक-प्रथम पावक' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम में माह अप्रैल 2025 से पंजीकरण किया जा सकता है।

# मेधावियों को बीईओ रेहराबाजार ने किया सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** प्राथमिक विद्यालय नथईपुर कानूनगो के वार्षिक परीक्षा के मेधावीयों को समारोह पूर्वक मुख्य अतिथि बीईओ रेहराबाजार रमेश कुमार वर्मा ने सम्मानित किया।

शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के प्राथमिक विद्यालय नथईपुर कानूनगो में मंगलवार को देवेंद्र सिंह के संयोजन में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पवन, प्रविन्द, दिव्यांशी, अम्बरीष व अनन्या सहित कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रवेश, अंशु, मोहम्मद समद, जैक शर्मा, सर्वेश, आबिदा, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सीमा,महक,



नंदनी, दिशा का माल्यार्पण कर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बी ई ओ रेहराबाजार रमेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है समय पर उचित मार्गदर्शन से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारा जा सकता है। उन्होंने नौनिहाल का उत्साहवर्धन करते हुए लगन व मेहनत से पढाई कर माता_पिता का नाम रौशन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिध हरीश कनौजिया, पंकज, अन्नू, पोखराज, दिनेश, भानु प्रताप सिंह, शिवदत्त व राजेश कुमार, शशिकला, सीमा, रंजीत कुमार सहित बड़ी तादाद में ग्रामीण व अभिभावक मौजूद रहे।

## एक नजर

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जरवल,बहराइच।** करणी सेना बहराइच के जिलाध्यक्ष के दादी के निधन की सूचना पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनके आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्ति की। करणी सेना (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीरु सिंह मंगलवार को संगठन के बहराइच जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम सिंह के सुरजी पुरवा करमुल्लापुर स्थिति आवास पर पहुंच कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हे ढांढस बंधाया।जिलाध्यक्ष श्री सिंह की दादी शान्ती देवी का निधन 29 मार्च शनिवार को 85 की उम्र में लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सोमी सिंह, विजय कुमार सिंह 'मोनू',सुशील कुमार सिंह 'पप्पू',कौशल कुमार सिंह',शिवा सिंह,राहुल सिंह, शिवम् सिंह,दीपभान सिंह,जोगेंद्र सिंह,अखंड सिंह ,आदित्य सिंह ,शीतल सिंह,प्रिंस सिंह समेत उपस्थित रहे।



### दो सगे भाइयों को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा

**बहराइच।** थाना कोतवाली नानपारा निवासी एक व्यक्ति की उधार दिये गये रुपये वापस मांगने पर उसकी हत्या कर लाश नाले में छिपाने सम्बन्धी मुकदमें का विचारण करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश, तृतीय ने हत्या के दोषी दो सगे भहाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा के साथ-साथ दोषियों को 20-20 हजार रुपये का अर्थ दण्ड भी भुगतना पड़ेगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत ग्राम, भगईपुरवा, पतरहिया निवासी वादी सतीदीन पुत्र राम लाल द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि उसके भाई शम्भू ने थाना मोतीपुर अन्तर्गत खैरी, शाहपुर खुर्द निवासी सीताराम को वर्ष 2016 में 35 हजार रुपए उधार दिया था, जिसे बार-बार मांगने पर सीताराम ने छुटकारा पाने के लिए उसकी हत्या कर लाश भगहर नाले में फेंक दिया था, जिसकी सूचना उसे 29 अगस्त 2016 को पुलिस द्वारा एक शव की शिनाख्त के लिए बुलाए जाने पर हुई थी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने सीताराम व राम फल पुत्रगण मंगरे के विरुद्ध 31 अगस्त 2016 को मुअसं -1569/2016 धारा-302 व 201 भादसं दर्ज किया। विवेचक अफसर परवेज द्वारा आरोपियों के विरुध्द 30 सितम्बर 2016 को आरोप पत्र न्यायालय पर दाखिल किया, जिस पर संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश द्वारा 5 दिसम्बर 2016 को अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप विरचित कर उन्हें दोष सिद्ध करार दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय सुनील प्रसाद ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह व बचाव पक्ष के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद दोषी अभियुक्तों सीताराम व रामफल पुत्रगण मंगरे को धारा -302 भादसं के अपराध में आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये व धारा-201 भादसं के अपराध में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थ दण्ड की सजा सुनाई। दोनों अभियुक्तों को अर्थ दण्ड अदा न कर पाने पर 2-2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# बिजली संकट ने बढ़ाई गर्मी की तपिश, आमजन परेशान

विश्ववार्ता संवाददाता



**उतरौला (बलरामपुर)।** बढ़ती गर्मी के दोपहर में आये दिन निर्धारित बिजली कटौती होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। और इससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। बढ़ती गर्मी व दोपहर की तेज धूप से लोगों के पसीने छूट रहे हैं, लेकिन बिजली साथ नहीं दे रही है। बिजली गुल रहने से कई घरों में इनवर्टर जवाब दे रहे हैं। गर्मी आते ही अघोषित कटौती का सिलसिला शुरू हो गया है। गर्मी के खड़ी दुपहरी में बिजली की निर्धारित कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। दिन तो दिन रात के समय भी बिजली बाधित हो रही है। देहात क्षेत्र में स्थिति और भी खराब है। गर्मी बढ़ने के साथ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। उतरौला तहसील क्षेत्र में पहले बिजली की निर्धारित कटौती सायं तीन से 4:30 बजे तक होती थी। इसको बदलकर शाम 5:00 बजे से 6:30 तक करने के लिए समाजसेवी आदिल हुसैन ने सोमवार को उतरौला तहसील में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। निर्धारित कटौती का समाधान तो नहीं हुआ अलबत्ता रोस्टिंग शेड्यूल को और पहले खड़ी दुपहरी में 2:30 बजे से 4:00 बजे तक कर दिया गया। जो लोगों के लिए और मुसीबत बन गया है। रोस्टिंग समय के बाद भी बिजली का आना-जाना लगा रहता है। आदिल हुसैन ने बताया कि पिछले कई हफ्ते से बिजली आपूर्ति में दिक्कत है। कभी मेंटेनेंस के नाम पर पूरा दिन बिजली गायब रहती है। तो कभी हर डेढ़ से दो घंटे बाद बिजली गुल हो जा रही है। सुबह के समय भी रोजाना बिजली कटौती हो रही है। गृहिणी रजनी, निहारिका, आशा ने बताया कि उन्हें सुबह में नाश्ता और दोपहर, शाम को पूरे परिवार का खाना बनाना पड़ता है। इन तीनों समय बिजली की ज्यादा जरूरत होती है। लेकिन उसी समय बिजली चली जाती है। बिजेंद्र, अनिल, पवन कुमार ने बताया कि किसान, मजदूर दिन भर पसीना बहाकर मेहनत करने के बाद रात को आराम करते हैं। लेकिन रात में भी कई कई बार आपूर्ति बंद की जा रही है। इससे मेहनतकश लोगों की नींद भी पूरी नहीं हो रही है।

**बिजली की कमी से रोजगार पर भी असर :** खराद, वैल्डिंग, बढ़ई, आटा चक्की और तेल पेराई स्पेलर, इलेक्ट्रिक वर्क्स का कारोबार बिजली से ही चलता है। दुकानदारों ने बताया कि बिजली न आने से उनके कारोबार पर असर पड़ा है।

# हर साल तीन लाख महिलाएं प्रसव के दौरान गंवाती हैं जान

**बहराइच।** महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो.(डॉ.) प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार बालिका हेल्थ क्लब के तत्वावधान में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मेडिकल कॉलेज, बहराइच के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ.नृपेन्द्र सिंह व गीता सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. नृपेंद्र सिंह ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इस साल प्रारंभ किए जा रहे मातृ एवं नवज़ात शिशु स्वास्थ्य पर एक साल तक चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि ' स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' शीर्षक वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करके मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। यह दुःखद है कि वर्तमान में प्रकाशित अनुमानों के आधार पर हर साल करीब तीन लाख महिलायें गर्भावस्था या प्रसव के कारण अपनी जान गंवाती हैं व 2 मिलियन से बच्चे पहले महीने में ही मर जाते हैं।

# स्कूल चलो अभियान : छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

ख़बर 1 फोटो नम्बर 0901

विश्ववार्ता संवाददाता

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, सहजौरा में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।अच्छे आचरण और अंक प्राप्त करने वाले छात्रों अबू जैद, नीतू, ममता, अंकित, मो गुलफाम, रीमा, फैसल और स्नेहा को पुरस्कृत किया गया।

इस रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया। रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई, जिसे प्रधानाध्यापक अब्दुर्रज्जाक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियाँ लिए हुए थे, जिन पर सब पढ़ें, सब बढ़ें, बेटा-बेटी एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार, और शिक्षा से बदलेंगी तकदीरें जैसे प्रेरणादायक



नारे लिखे थे। बच्चों ने पूरे गाँव में घूमकर लोगों को जागरूक किया और बच्चों को स्कूल भेजने का संदेश दिया।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी रैली में भाग लेकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अब्दुर्रज्जाक ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की नींव है और हर बच्चे को विद्यालय तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। रैलियों से जागरूकता फैलती है और अधिक से अधिक बच्चे स्कूल आने के लिए प्रेरित होते हैं। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और बच्चों के प्रयास की प्रशंसा की।

# नाले में मिला युवक का शव, गले में रस्सी डालकर पेड़ से लटकाने की कोशिश

» परिवार के लोगों ने जताई हत्या की आशंका

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** जंगल से सटे चौधरी गांव निवासी एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दो गांवों के बीच स्थित नाले में मिला है। शव जमीन पर पड़ा था। लेकिन आत्महत्या का रूप देने के लिए गले में रस्सी पेड़ से लगाया गया था।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के चौधरी गांव निवासी रोहित गुप्ता (19) पुत्र राम सनेही गुप्ता का तिलक समारोह 15 अप्रैल के बाद है। जिसके लिए वह घर की रंगाई पुताई स्वयं कर रहा था। मंगलवार सुबह भी वह रंगाई का कार्य कर रहा था। कुछ समय के लिए वह घर से चला गया। मंगलवार दोपहर में एक बजे के आसपास बस्थनवा और चौधरी गांव के निकट सूखी नाले में उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। गले में रस्सी लगा था। इतना ही नहीं रस्से पेड़ की टहनी में बांधकर आत्महत्या का रूप दिया गया। लेकिन शव जमीन पर पड़ा होने समेत कई कारण हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक की शादी होने वाली थी। घर में तिलक और शादी की चल रही थी तैयारी।

थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि मृतक की शादी तय हो चुकी थी। अगले सप्ताह तिलक और इसके बाद विवाह होना था। इसकी जानकारी परिवार के लोगों से मिली है।

# शोभायात्रा में राधेश्याम वर्मा की प्रेरक उपस्थिति

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर में निकाली गई श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्ति और उल्लास से लबरेज इस आयोजन में आर.एस.वी. ग्रुप के चेयरमैन और समाजसेवी राधेश्याम वर्मा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

राधेश्याम वर्मा ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए कहा, 'धर्म वह शक्ति है जो समाज को जोड़ती है, और सेवा वह पुल है जो मानवता को जोड़ता है।' उनके इस विचार ने लोगों के दिलों को गहराई से छू लिया। शोभायात्रा बालाजी दुखहरण मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी, फक्कड़दास चौराहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, हाटन रोड व मुख्य बाजार से होती हुई पुनः मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूपचंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, देवानंद गुप्ता, शैलेंद्र जी, सुरेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, संजय गुप्ता, सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर को पर्यटन के मानचित्र पर लाने को साठ लाख स्वीकृत : सुभाष त्रिपाठी

» विकास व सौंदर्यीकरण कार्यों का विधायक पयागपुर ने किया शिलान्यास

विश्ववार्ता संवाददाता

**पयागपुर,बहराइच।** जिले के पयागपुर क्षेत्र में स्थित पुराण कालीन बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर पर होने वाले विकास व सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिविधान पूर्वक शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी और जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

विदित हो कि पयागपुर कैसरगंज मार्ग पर पांडवकालीन शिवलिंग से सुसज्जित प्राचीन शिवमन्दिर पंचानन महादेव बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर से लाखों श्रद्धालुओं की



आस्था जुड़ी हुई है।वर्ष में अनेक बार यहां पर मेले का आयोजन होता है ।विशेषकर सावन माह, सोमवार और शुक्रवार को जलार्पण किए काफी भीड़ एकत्र होती है। ऐतिहासिक शिव मन्दिर का समय समय पर जीर्णोद्धार कई दानवीरों ने कराया है।मंदिर के ऐतिहासिक महत्व और पर्यटन संभावनाओं के मद्देनजर विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों से भाजपा सरकार द्वारा इस मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर लाने की ओर कदम बढ़ाते हुए लगभग 60 लाख रुपए मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए स्वीकृत हुआ है।विधायक त्रिपाठी के अनुसार मंदिर परिसर से सटकर एक बड़ा सत्संग हाल, शौचालय और इंटरलॉकिंग कार्य स्वीकृत है।सोमवार को विधायक सुभाष त्रिपाठी ने वैदिक रीति से पूजन कर कार्यों का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह सत्या, मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय,विष्णू दयाल चौहान, दुर्गेश सिंह रैकवार, ददाउ शुक्ला, किंचू मिश्रा कपीश सिंह, योगेन्द्र सिंह, दिनेश भारती सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन

» विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह समेत कई गणमान्यजन रहे मौजूद

विश्ववार्ता संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 को उतरौला विधानसभा क्षेत्र के श्री रामतीर्थ चौधरी पी.जी. कॉलेज, बनधुसरा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन पार्टी की मूल विचारधारा, संगठन की शक्ति और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर के लोकप्रिय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के स्थापना काल से लेकर आज तक के सफर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा,"भारतीय जनता पार्टी विचारों की पार्टी है, जिसने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और आज का यह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा का प्रत्येक सदस्य जनसेवा को अपना धर्म मानता है।"

सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह (गुड्डू भैया) ने भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और जमीनी कार्यकर्ताओं के महत्व को रेखांकित किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने भाजपा की विकासपरक नीतियों और स्थानीय स्तर पर हुए कार्यों की जानकारी दी।

उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के सुपुत्र शशांक वर्मा ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि "भाजपा युवाओं की ऊर्जा और अनुभव दोनों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।₹

सम्मेलन में ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, राकेश तिवारी, महिपाल चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीराम करन मिश्र, राम प्रकाश गुप्ता, सभी मंडल अध्यक्षगण, सभासदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'भाजपा अमर रहे' के नारों से सभागार को गूंजायमान कर दिया। वक्ताओं ने भाजपा की संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्र समर्पण की भावना को दोहराया।

सम्मेलन में आगामी रणनीतियों, बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराते हुए एकजुट होकर आगामी चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लिया।

# शिक्षकों ने नवाचार का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण

» दोनों शिक्षकों को संभल के डीएम, सीडीओ ने किया सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता



राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**गोण्डा।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्य, भव्य एवं नव्य शिक्षकोत्सव का आयोजन संभल के आई जेनेरेशन मॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से 117 नवाचारी और उत्कृष्ट शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

सभी ने अपने विचार एवं नवाचार प्रस्तुत किए। जनपद गोंडा से उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर के शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी कंपोजिट विद्यालय पिपरा पदुम के शिक्षक सौरभ कुमार गुप्ता

दोनों शिक्षकों ने जनपद गोंडा का प्रतिनिधित्व किया। विद्यालय में नवाचार को लागू करने, निपुण विद्यालय बनाने व स्कूल चलो अभियान की सकारात्मक परिणाम के बारे में जानकारी दी जिसको मुख्य अतिथि और अतिथि शिक्षकों ने सराहा इस पर इन्हें डीएम संभल डॉ. राजेंद्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा व मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने प्रशस्ति पत्र, पुस्तक एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

सभी अतिथि शिक्षकों को द्वितीय दिवस में कल्कि धाम तथा मॉडल पीएम श्री विद्यालय का भ्रमण भी कराया गया सम्मानित हुए शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी व जनपद के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करके हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# ग्राम पंचायत सशक्तिकरण में श्रीदत्तगंज में 97 प्रशिक्षणार्थियों को मिला मार्गदर्शन

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** देवी पाटन मंडल के उपनिदेशक गिरीश चंद्र रजक के निर्देश पर विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के सभागार में 97 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण किया गया।

सभागार में प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत प्रवीण गुप्ता ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्वलित करके किया। मास्टर ट्रेनर बृज भूषण यादव और विनीत सागर ने प्रतिभागियों को पीडीपी, सतत विकास के स्थानीयकरण, पीडीआई तथा ई स्वराज की विस्तृत जानकारी दी। मंडल से आए विनय कुमार शुक्ल ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्राम पंचायत समिद्ध होगी। कार्यक्रम में 85 पंचायत सचिव, 2 खण्ड प्रेरक व 10 पंचायत सचिवों ने हिस्सा लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने सतत विकास के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा डीजल चोर,40 लीटर डीजल व अल्टोकार बरामद

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोण्डा।** मंगलवार को कोतवाली नगर पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 लीटर डीजल व एक ऑटो कार बरामद किया है।

दिनांक 07.04.2025 को थाना कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक रजनीश द्विवेदी मय हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था हेतु रात्रिगश्त में रवाना थे कि सूचना पर डीजल डिपों के पास से डीजल चोर सूरज प्रकाश पुत्र रामफेर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ली0 डीजल व 1 अल्टोकार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।



गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि वह डीजल डिपों के आसपास जो गाड़िया डीजल-पेट्रोल लेने आती है उन गाड़ियों से रात्रि में चुपचाप 10-05 ली0 डीजल-पेट्रोल चोरी कर लेता है तथा चोरी से प्राप्त डीजल-पेट्रोल को सस्तें दामों में गांव के लोगो को बेच देता है।

## एक नजर

### संचारी रोग नियंत्रण के लिये ग्रामीणों को किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के सिकटा गांव के प्राथमिक विद्यालय व गड़बड़ा राजा प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मंगलवार को आशा संगिनी, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओ और अध्यापको द्वारा जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। हाथ में स्वच्छता से जुड़े स्लोगन लिखी तखतिया लिए बच्चे नारा लगाते चल रहे थे। साफ सफाई करने से संचारी रोग नियंत्रण के बारे में लोगो को जागरूक किया है। गाँव के मुस्लिम, बारहमण, कहार, हरिजन आदिवासी बस्तियों में भ्रमण किया है। इस दौरान रमेश तिवारी, अनीता देवी, सेवालाल, चंद्रिका प्रसाद आदि लोगो के साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मुनि आगमन ताड़का वध की रामलीला देख हुए भक्त मग्न

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित माँ अनंदी कुवरी मंदिर परिसर में चल रहे रामलीला मंचन के तीसरे दिन सोमवार की रात्रि में मुनि विश्वामित्र आगमन, ताड़का बध कि रामलीला मंचन देख रामलीला प्रेमी भाव विभोर हो गए राजा दशरथ के दरबार में राम जन्म का उत्सव चल रहा था। विश्वामित्र मुनि राक्षसों से यज्ञ कि रक्षा के लिए राम लक्ष्मण को मांगने के लिए राजा दशरथ के दरबार में पहुँचे राजा ने राम लक्ष्मण को न देने कि बात कहते हुए बताया कि चौथेपन चार पुत्रों को पाया हूँ। जो मेरे प्राण के समान है उन्हें मत मांगिये मै स्वम आपके यज्ञ की रक्षा के लिए चलता हूँ। लेकिन विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण को साथ ले जाने पर अड़ गए। राम लक्ष्मण लोग अपने साथ लेकर विश्वामित्र ने यज्ञ प्रारम्भ कर दिया। यज्ञ प्रारम्भ होते ही राक्षसों का उत्पात शुरू हो गया इस दौरान श्री राम ने ताड़का सहित उनके राक्षसों का बध कर यज्ञ सम्पन्न कराया मनोहारी रामलीला का सजीव अभिनय के दृश्य को देख दर्शक भाव विभोर हो गए। विश्वामित्र की भूमिका उमाशंकर, राम किशन, लक्ष्मण की भूमिका शैलेन्द्र ने निभाई इस दौरान रामलीला कमेटी के संरक्षक अविनाश प्रताप सिंह, विनय कुमार सिंह, अध्यक्ष प्रभात दूबे, सहित रामलीला प्रेमी मौजूद रहे

### महुआ बीनने के लिए गई महिला को पड़ोसियों ने पीटा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी महिला अपनी सास के साथ मंगलवार की सुबह सिवान में महुआ बीनने गई थी की किसी बात को लेकर पहुँचे पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद हलिया थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी सविता देवी ने बताया की सास के साथ महुआ बीन रही थी। इसी दौरान गांव निवासी चार लोग मौके पर पहुंच गए सास गुलाबी का महुआ छीनने लगे तो मै बचाने गईं तो मुझे ढंकेल दिया गर्भवती हूँ। चोटे आई है दवा इलाज के बाद पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली है मामले कि जांच के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

### कुकर फटने से भोजन बना रही किशोरी झुलसी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे कुकर फटने से खाना बना रही किशोरी झुलस गई। जानकारी होते ही परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव की 15 वर्षीय सुनैना मंगलवार की सुबह भोजन बना रही थी। इसी दौरान अचानक कुकर फट गया। जिससे किशोरी का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया। कुकर फटने की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य भाग कर रसोई घर में गए। झुलस कर जमीन पर गिर कर किशोरी अचेतावस्था में पड़ी थी। जिसे परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग पर अदलहाट थाना क्षेत्र के सिकिया गांव के सामने तेज रफ्तार गिट्टी लदे ट्रक से कुचलकर बाइक सवार एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरी निवासी 45 वर्षीय बेचू प्रजापति पुत्र बाबूलाल निवासी अपनी पत्नी, बच्चों और अन्य महिला रिश्तेदारों को एक टोटो में बैठाकर अपने दो रिश्तेदारों के साथ बाइक पर सवार होकर कैलहट स्थित माता शिवशंकरी के धाम पर दर्शन पूजन को जा रहें थे। सिकिया पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी सोनभद्र की तरफ से पहुंचे गिट्टी लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। जिससे बेचू प्रजापति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और 22 वर्षीय अमर पुत्र नंदू ग्राम अधवारे 32 वर्षीय नन्दू पुत्र कुम्ही निवासी चहनिया घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। मृतक एक पैर से विकलांग था और दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करता था। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। घायलों का नरायनपुर में इलाज चल रहा है। बेचू की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। नरायनपुर चौकी प्रभारी जयदीप सिंह ने शव को शव को मोर्चरी हाउस मीरजापुर भेज दिया।

### मिर्जापुर में युवक की हत्या, रेलवे ट्रैक पर फेंका मिला शव

**चुनार (मिर्जापुर)।** जिले में दोस्तों के साथ घर से निकले युवक का शव मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। घरवालों का आरोप है कि साथियों ने हत्या कर शव फेंका है। जिले के चुनार थाना क्षेत्र के शिव शंकरी धाम के पीछे रेलवे ट्रैक पर युवक की हत्या कर फेंका गया शव मिला। परिजनों ने साथ ले गए साथियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान राहुल सिंह 32 वर्ष पुत्र विजय सिंह निवासी शिवाजीपुरम कैलहट चुनार के रूप में की गई है। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान पाया गया है। मौके पर एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह पहुंच गये थे।

### सौतेले पिता ने ही गला दबाकर की थी सोनी की हत्या, गिरफ्तार

**हरदोई।** संडीला थाना क्षेत्र के बेलवारन गांव में आठ माह पूर्व जंगल के बाहर झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव मिला। जिसका मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में मृतका के सौतेले पिता को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार, बीती 8 अगस्त 2024 को संडीला थाना क्षेत्र के बेलवारन निवासी श्रीकृष्ण ने थानें पर तहरीर देकर बताया कि गांव के जंगल के बाहर झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा उक्त घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीम को लगाया। पुलिस द्वारा मृतका का पोस्टमार्टम, तथा डीएनए परीक्षण कराया गया। जिसके माध्यम से मृतका की शिनाख्त सोनी पुत्री स्व. राजेंद्र निवासी ग्राम मझिगवां शिवपुरी थाना अतरौली के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई और तेज कर दी। मंगलवार को प्रकाश में आए मनोज कुमार पुत्र पुत्र लल्लन निवासी मझिगवां थाना अतरौली को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतका सोनी हत्यारोपी की सौतेली बेटी थी। मृतका का नाना सोनी के नाम पर जायदाद लिखवाने वाले थे। इसी बात से से क्षुब्ध होकर आरोपी ने सोनी को संडीला स्थित उसके स्कूल से घर वापस ले जाते समय ग्राम बेलवारन के पास सोनी का मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। तथा शव को गांव के बाहर जंगल में झाड़ियों में छिपा दिया था।

### डीएम ने कानूनगो और लेखपालों के केस पेंच

**हरदोई।** जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में रसखान प्रेक्षागृह में राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्विवाद वरासत का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। लेखपाल व कानून गो समय सीमा का पूरा ध्यान रखें। मात्र साक्ष्य न होने व मृत्यु प्रमाण पत्र न होने पर आवेदन निरस्त न किया जाये। पैमाइश के मामले में मौके पर जाकर गाटे के क्षेत्रफल का मिलान खतौनी में दर्ज क्षेत्रफल से कर ले। धारा 24 की पैमाइश में नोटिस भेजते समय विशेष सतर्कता रखें। नोटिस को सही तरीके से तामील कराएं। पैमाइश में गाटा का क्षेत्रफल पूरा करने में यदि पड़ोस के गाटे से क्षेत्रफल पूरा किया जाये तो इसका उल्लेख सीमांकन आख्या में अवश्य किया जाये। सीमांकन की कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये।

# क्रूरता ऐसी कि कलेजा दहल जाये





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** जिले के हथगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव अखिरी में सोमवार को दिनदहाड़े हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। वर्चस्व की जंग में एक किसान नेता और उसके परिवार के दो सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान किसान नेता विनोद सिंह उर्फ पप्पू सिंह (50), उनका पुत्र अभय सिंह (22) और छोटे भाई रिंकू सिंह (40) के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है तीनों बाइक पर सवार होकर तहिरापुर चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि तभी ट्रैक्टर पर सवार दबंगों ने उन्हें घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पप्पू सिंह की मां राम दुलारी (80)वर्तमान में गांव की प्रधान हैं, जबकि पप्पू सिंह स्वयं गांव की राजनीति में सक्रिय थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के पीछे गांव के ही पूर्व प्रधान मुन्नू सिंह और उसके बेटे का हाथ हो सकता है। आपसी रंजिश और वर्चस्व की लड़ाई इस नरसंहार की बड़ी वजह मानी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हथगांव, सुल्तानपुर घोष और हुसेनगंज थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस को शव उठाने से रोक दिया, लेकिन बाद में एडीजी भानुभास्कर, आईजी प्रयागराज, एसपी धवल जायसवाल सहित अन्य उच्चाधिकारियों के हर संभव सहायता करने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के दिये गये आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को पोस्टमार्टम कराने के लिये शव दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच काफी गुस्सा है। तमाम ग्रामीण तो खुलेआम एक स्थानीय भाजपा नेता को दबंगों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि अगर संरक्षण नहीं होता तो शायद तीन-तीन हत्याएं करने की दबंग आरोपी हिम्मत नहीं जुटा पाते। पुलिस के उच्चाधिकारियों के अनुसार घटना में शामिल तीन लोंगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। एडीजी प्रयागराज ने कहा कि घटना की हर पहलू पर जांच कराई जा रही है। कोई भी दोषी बख्शा नहीं जायेगा।

जिले के अखरी गांव में सोमचार की सुबह हुऐ तिहरे हत्याकांड के बाद प्रधान परिवार में अब कोई पुरूष नहीं रह गया। ग्राम प्रधान 80 वर्षीय रामदुलारी के दो पुत्र पप्पू सिंह व रिंकू सिंह थे। पप्पू के एक पुत्र अभय था और उनकी पत्नी का कई साल पहले निधन हो गया था। छोटे भाई रिंकू के दो बच्चे हैं। बड़े बेटे की उम्र करीब तीन से चार साल बताई जा रही है, जबकि छोटा अभी छः माह के लगभग है। इन अबोध बच्चों के पालन-पोषण का क्या होगा ये सवाल घटना स्थल पर मौजूद हर जुबां पर था।

## पोस्टल असिस्टेंट बनें कमल ने बढाया जनपद का गौरव

**फतेहपुर।** जनपद के बेटे कमल गुप्त ने पोस्ट आफिस विभाग में पोस्टल असिस्टेंट का पद पाकर गौरव बढाया। अखिल भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के पदाधिकारियों ने माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मान व उज्जवल भविष्य की कामना।

जोनिहा चौराहा निवासी कैलाश गुप्ता एवं सुशीला गुप्ता के बेटे कमल गुप्ता ने हेड पोस्ट आफिस फतेहपुर में पोस्टल असिस्टेंट का पद भार ग्रहण किया। जिससे समाज में हर्ष की लहर दौड गई और अखिल भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में उसके परिवार में जाकर बेटे कमल गुप्त को अंग वस्त्रम माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर मिष्ठान खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया। कमल ने बताया कि इसके पूर्व उनकी प्रथम पोस्टिंग वर्ष 2022 सीजीएसटी कार्यालय में हो गई थी। जिसको दो वर्ष करने के बाद रिजाइन कर दिया था। उसके उपरांत फतेहपुर में हेड पोस्ट आफिस में पोस्टल असिस्टेंट का पद भार ग्रहण किया। कमल जी की प्रारंभिक शिक्षा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल एवं विद्या मंदिर फतेहपुर में हुई है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य बडा नहीं होता है अगर मन से किया जाये तो सफलता निश्चित ही मिलती है।

## मजदूर को मिला 26 करोड़ का आयकर नोटिस

**हरदोई** पाली थाना क्षेत्र के अतर्जी गांव निवासी राजेश कुमार को आयकर विभाग से 26 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा गया। मजदूर के नाम हरियाणा और महाराष्ट्र के पुणे में संचालित दो कंपनियों पर 26 करोड़ टैक्स बकाया है।

पाली थाना क्षेत्र के अतर्जी निवासी राजेश भूमिहीन है और दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में महज 15 हजार रुपये महीने की नौकरी करता है। आयकर विभाग से नोटिस मिलने पर परेशान है,इसकी शिकायत कहां दर्ज कराएं।आयकर विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें बताया कि उसकी कोई फर्म नहीं है।बताया कि उसके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उसके नाम से किसी ने कंपनियां खोल ली हैं।

राजेश ने बताया कि वह वर्ष 2019 में दिल्ली गया था और दिल्ली में रहकर 2022 से एक मोबाइल कंपनी में नौकरी कर रहा है।

## भाकपा ने किया तालर गांव का दौरा, सभा करके दी चेतावनी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के तालर गांव के जंगल मे उजाडे गये भूमिहीन आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के मांग को लेकर भाकपा माले ने सभा कर चेतावनी दी और कहा कि दलित आदिवासी, खरवार, विश्वकर्मा आदि समेत 30 घरो को उजाडकर खुले आसमान के नीचे गुजारा करने के लिए विवश कर दिया गया है। पुलिस और वन बिभाग के अधिकारियो ने बुल्डोजर से घरों को नष्ट कर दिया। भाकपा (माले) दल ने तालर गांव का दौरा कर पीडित परिवारों से मुलाकात कर जमीनी हकीकत भी देखा। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि योगी की बुल्डोजर की मनमानी कार्यवाही के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की



सख्त टिप्पणी और प्रयागराज में दस लाख का जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही के बाद भी योगी सरकार का बुल्डोजर गरीबो के रिहायशी घरों पर मनमानी तरीके से चल रहा है। पटेहरा ब्लॉक के हरदियां गांव मे आदिवासियो, को उजाडने तथा तालर इसके उदाहरण है भाकपा (माले) जन अभियान चलाकर बडा प्रतिरोध संघर्ष तेज करेगी। सभा में भाकपा (माले) नेता जीरा भारती, सुरेश बियार, चिंता बियार, दिनेश बिंद, मंजू कोल, राजेश, रामकेश भारती, बबलू भारती, रबिशंकर चंदा, सुमन, रामप्रसाद माधुरी संगीता निर्मला आदि मौजूद रहे।

## ज्वैलरी की दुकान से बाइक सवार उचक्के ने झुमका, छागल लेकर भागा

**हलिया(मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा स्थित एक ज्वैलरी की दुकान पर मंगलवार की दोपहर झुमका लेने के लिए आये। बाइक सवार दो उचक्के महिला दुकान दार से झुमका निकालने के लिए कहा। जैसे ही महिला दुकानदार ने झुमका दिखाना शुरू किया तो उचक्के ने कहा कि और निकालिए जैसे ही महिला दुकानदार निकालने लगी कि उचक्के तीन सोने की झुमका व एक जोडी चांदी का छागल लेकर भाग निकले। महिला दुकानदार जब तक शोर मचाते तब तक उचक्के बाइक से भाग निकले। महिला दुकानदार का पुत्र बाइक से उचक्को का पीछा किया लेकिन उचक्के भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे के सहारे उचक्को की तलाश करने में जुट गई है। हलिया कस्बा निवासी राम नारायण सोनी की सोना चांदी की दुकान है और उनकी पत्नी अर्चना दुकान पर बैठी थी कि ग्राहक बनकर आये बाइक सवार दो उचक्के दुकान पर पंहुचे और महिला दुकानदार से झुमका दिखाने के लिए कहा जैसे ही महिला ने उचक्को को झुमका दिखाने लगी तो उचक्के ने कहा कि और झुमका दिखाओ जैसे ही महिला दुकान से और झुमका निकालने लगी। इसी बीच उचक्के ने तीन झुमका व एक जोडी छागल दुकान से लेकर भाग निकले महिला। दुकानदार द्वारा शोर मचाया जब तक लोग पंहुचते उचक्के मौके से भाग निकले। महिला दुकानदार का पुत्र शिवम ने उचक्को का बाइक से पीछा किया लेकिन उचक्के मौके से भाग निकले। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मौके पर पंहुचकर जांच पडताल करने में जुट गए है। क्षेत्र में लगे सीसी टीवी कैमरे के सहारे उचक्को की तलाश करने में जुट गई है। पीडित राम नारायण सोनी ने बताया की दुकान से उचक्को ने 37 ग्राम सोने कि तीन झुमका जिसकी कीमत दो लाख अस्सी हजार व 250 ग्राम का जोड़ी छागल जिसकी कीमत बीस हजार का लेकर भाग गए है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सोने चांदी कि दुकान से बाइक सवार उचक्के सोने का झुमका व चांदी का छागल लेकर भागे है।

## सरपंच महावत की हत्या के मामले में सात महिलाओं समेत 18 लोग गिरफ्तार

**हरदोई।** थाना बेनीगंज क्षेत्र के भैनगांव में महिलाओं सहित करीब 3 दर्जन लोगों द्वारा सरपंच महावत की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मृतक सरपंच की पत्नी की तहरीर पर 12 नामजद व 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सात महिलाओं सहित अठारह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि सोमवार को थाना बेनीगंज के भैनगांव में कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट व गाली गलौज करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना बेनीगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां पर एक व्यक्ति सरपंच महावत निवासी अटिया मझिगवां थाना बेनीगंज को आजाद, इंतजारी, बीरू,वियाजन, नीता, राहुल, रूप, सरवत्तों व सर्वेश सर्व निवासीगण अटिया मझिगवां थाना बेनीगंज सहित 12 नामजद व 25 से 30 अज्ञात व्यक्तियों आदि द्वारा लाठी-डंडों से सिर पर वार कर घायल कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल सरपंच उपरोक्त को एम्बुलेंस द्वारा इलाज हेतु सीएचसी कोथावां भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों ने घायल सरपंच को मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक की पत्नी निर्मल की तहरीर के पर पुलिस ने 12 नामजद व 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर 9 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उपरोक्त अभियोग से संबंधित 9 नामजद आरोपी आजाद पुत्र कमल, इंतजारी पत्नी श्यामू, बीरू पुत्र रामपाल, वियाजन पुत्र पुत्तू, नीता पत्नी मोइन, राहुल पुत्र रामपाल, रूप पुत्र कमल, सरवत्तों पत्नी किशोर, सर्वेश पुत्र बंशी, किशोर पुत्र वियाजन, चांद पत्नी वीरू, सलमान पुत्र लीला, हौसला पत्नी लीला, हरिपाल पुत्र चक्कर, लीला पुत्र बाबू, मनीषा पत्नी जब्बर, उपासना उर्फ जुलनिया पत्नी गोपी व धीरू पुत्र रामपाल सर्वनिवासी नटपुरवा मजरा अटिया मझिगवां थाना बेनीगंज हरदोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## पूर्ति विभाग की मिलीभगत से धड़ल्ले से हो रही घटतौली

**हरदोई शाहाबाद** विकास खंड की तमाम राशन की दुकानों पर राशन की घटतौली चरम सीमा पर की जा रही है।ब्लाक की आगापुर,गढ़ेपुर, कचूरा, बारीपुर, ऐगवा,तड़ेर, सहोरा,रामपुर हमजा आदि गावों में पूर्ति विभाग की मिली भगत से राशन कार्ड धारकों का जमकर शोषण किया जा रहा है। लाख शिकायत के बाद भी शासन प्रशासन की नाकामी हर जगह देखी जा सकती है। या यूं कहें कि पूर्ति निरीक्षक की निष्क्रियता के चलते कोटेदारों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। क्योंकि कोटेदार गरीब किसानों को गल्ला कम देते हैं।जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से जो आदेश जिलाधिकारियो को दिए गए हैं।उनका संबंधित अधिकारी मजाक उड़ा रहे हैं।सरकार ने करोंडों खर्च कर इलेक्ट्रानिक कांटों पीआर खर्च किए और ईमानदारी का तोहफा गरीब जनता को दिखाया।घटौली और दबंगई दिखाकर जनता को धमकी देकर राशन कम ही देते हैं।जनता की शिकायत के बाद भी पूर्ति निरीक्षक और ज़िला प्रशासन मौन बैठा हुआ है।

## भाजपा प्रत्येक चुनाव एक युद्ध की तरह : चन्द्र प्रकाश

### मोदी के आने के बाद राम मंदिर की कल्पना हुई साकार : विक्रम

● पूर्व विधायक के आवास पर हुआ सदर विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन



**फतेहपुर।** शहर के जेल रोड लोक विहार कालोनी स्थित पूर्व विधायक विक्रम सिंह के आवास पर भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश राय के अलावा मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विक्रम सिंह रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पं0 दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक शुक्ला ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्षों में विकसित भारत की यात्रा की उपलब्धियों का बखान किया।

उन्होने कहा कि मोदी जी के आने के बाद ही राम ंदिर की परिकल्पना साकार हो सकी। मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश खरे ने भाजपा के चुनाव व संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा करते हुए सभी सक्रिय सदस्यों को बताया कि भाजपा के लिए हर चुनाव एक युद्ध की तरह है। भारतीय लोकतंत्र की भीड़ में सारे दल विचरण कर रहे हैं, लेकिन भाजपा अकेली राष्ट्रीय पार्टी है जिसे विचारधारा और पालिटिक्स के आधार पर अलग से पहचाना जाता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, विधानसभा प्रभारी सुशील तिवारी बच्चा, देवाशीष पटेल, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, ओम मिश्रा, धनंजय द्विवेदी, गायत्री सिंह, सुधा मौर्या, सुनिधि तिवारी, गायत्री सिंह, देवनाथ धाकड़े, संजय श्रीवास्तव, रितेश गुप्ता शोल्डी, रितिक पाल, विनय तिवारी सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ खनन विभाग लगातार कर रहा कार्रवाई

● गत वर्ष में 1511 प्रकरणों में 69483300 रूपए की हुई राजस्व वसूली

**फतेहपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व ने बताया कि जनपद में खनन विभाग द्वारा अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध निरंतर प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अन्तर्गत जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध खनन के 14 प्रकरणों में 11237700 रूपए का शमन शुल्क अधिरोपित कर राजस्व वसूली की गयी। इसी प्रकार अवैध परिवहन के 1616 प्रकरणों में कुल रूपये 75638763 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित कर राजस्व वसूली की गयी। अवैध भण्डारण के भी 102 प्रकरण प्रकाश में आये जिस पर कार्यवाही करते हुए रूपये 6650000 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित कर राजस्व वसूली की गयी। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण के कुल 1632 प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 93526465 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए राजस्व वसूली की गयी।

गत वर्ष में कुल 1511 प्रकरणों में रूपये 6,94,83,300 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए राजस्व की वूसली की गयी थी। इस वर्ष किये गए प्रवर्तन कार्य से रूपये 24057165 (34.63 प्रतिशत) का अतिरिक्त राजस्व वसूला गया। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा गत वर्ष 2023-24 में रुपये 4.95,06,000 रूपए का राजस्व प्रवर्तन से वसूला गया। जबकि इस वर्ष 2024-25 में प्रवर्तन कार्य से रूपये 55014000 रूपए की राजस्व वसूली की गयी है। इस प्रकार इस वर्ष किये गए प्रवर्तन कार्य से रूपये 55.08 लाख का अतिरिक्त राजस्व परिवहन विभाग द्वारा प्राप्त किया गया। ज्ञातव्य है कि परिवहन विभाग द्वारा किये गये प्रवर्तन कार्यों तथा अर्थदण्ड के रूप में वसूल किये गये राजस्व में ओवरलोडिंग के 936 प्रकरणों में वसूल किया गया। अर्थदण्ड रूपये 45742000 रूपए सम्मिलित है। तहसील स्तरीय एवं जनपद स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा नियमित रूप से जनपद में संचालित खनन पट्टों एवं परिवहन की जाँच करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। 05 अप्रैल को जनपद के तहसील सदर के अन्तर्गत संचालित खनन पट्टा क्षेत्र ओती-4 की जाँच अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) व अपर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में खनन विभाग एवं तहसील की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। पट्टा क्षेत्र में अस्थायी सीमा स्तम्भ लगे पाये गये, किन्तु मानक के अनुरूप स्थायी सीमा स्तम्भ लगे नहीं पाये गये। खनन कार्य स्वीकृत पट्टा क्षेत्र के अन्दर किया जा रहा था, किन्तु पट्टा क्षेत्र के अन्दर खनन संक्रिया के दौरान जलधारा में भी खनन कार्य किये जाने की पुष्टि हुयी है जो उ०प्र० खनिज परिहार निमयावली 2021 के नियम 42(ज) का उल्लंघन है। खनन क्षेत्र में पी०टी०जेड कैमरा स्थापित है, किन्तु जाँच के दौरान यह कैमरा अक्रियाशील पाया गया एवं शेष कैमरे क्रियाशील पाये गये।

उपरोक्त अनियमितताओं हेतु पट्टाधारक के विरूद्ध उ०प्र० खनिज परिहार नियमावली के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु नोटिस निर्गत की जा रही है। टास्क फोर्स की टीमों द्वारा निरंतर अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिगत कार्यवाही की जा रही है।

### बैठक 16 को

**फतेहपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु चालू माह की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की मासिक बैठक 16 अप्रैल को 4.30 बजे अपराह्न कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

## प्रधान डाकघर का जनरेटर छह माह से ख़राब

**फतेहपुर।** भारत सरकार के उपक्रम डाक विभाग का बुरा हाल है। जनपद के प्रधान डाकघर का जनरेटर छः माह से भी अधिक समय से ख़राब है किन्तु निदेशक डाक सेवाए कानपुर द्वारा स्टीमेट को सेंग्सन न दिए जाने से इसे ठीक नहीं कराया जा सका है, नतीजतन आज साउथ सिटी में प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से समूची डाक सेवाए ठप्प पड़ गई हैं। प्रधान डाकघर में अंधेरा पसरा है, समूचा स्टाफ हाथ में हाथ धरे बैठा है, कोई काम नहीं हो रहा है। यहां तक कि रजिस्ट्री और आर.डी. काउंटर भी बन्द हैं। अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। विगत लगभग छः माह पूर्व स्थानीय प्रधान डाकघर का दस केवीए का जनरेटर ख़राब हो गया था, मिस्त्री ने इसको दुरुस्त करने में लगभग पैंतीस हजार रुपए का खर्चा बताया। क्योंकि इतनी धनराशि को सेंग्सन करने का अधिकार स्थानीय स्तर के अधिकारियों को नहीं है, इसलिए स्टीमेट कास्ट को सेंग्सन करने के लिए रिक्वेस्ट निदेशक डाक सेवाए कानपुर सुबोध प्रताप सिंह को भेजी गई। सूत्र बताते हैं कि यह वाकया लगभग छः माह पहले का है। इस दौरान कई बार लिखित, कई बार मेल के जरिए स्टीमेट सेंग्सन करने का अनुरोध किया गया किन्तु उपरोक्त अधिकारी की इस बाबत कलम चलना शेष है। बताते हैं कि उपरोक्त अधिकारी लगभग दो माह पूर्व प्रधान डाकघर के मुआयने में यहां आए थे, इत्तेफाक से उस दिन दिन में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही, और महाशय अंधेरे में मुआयना करके चले गए किन्तु स्टीमेट की धनराशि का सेंग्सन अभी तक नहीं भेजा है।

## अब हफ्ते में सुनीं जाएंगी पत्रकारों की समस्याएं



**फतेहपुर।** जिला पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया व जिला पत्रकार संघ (रजि०) के अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल पत्रकारों की समस्याओं को लेकर लगातार तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह से मिलकर पत्रकारों की समस्याओं को रखा। जिसमें खागा के वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गुप्ता का विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी और उस पर अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने के चलते दोनों अध्यक्षों ने उस घटना पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग रखी तो जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग से दो लाख रुपये त्वरित दिलाये जाने का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही पूरी घटना की जांच कराए जाने की भी बात कही। नोएडा में कार्यरत एक समाचार पत्र के पत्रकार आलोक श्रीवास्तव बिरुईहार के पास रहते हैं उनके मकान में विद्युत का अस्थाई कनेक्शन था। पिछले कई महीनों से वह फाइल लिए बिजली विभाग के चक्कर लगा रहे थे लेकिन उनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही थी। इस मामले को भी जिलाधिकारी के सामने रखा गया और जिलाधिकारी ने तुरंत अधिशासी अभियंता विद्युत से बात किया और आलोक श्रीवास्तव के मकान का विद्युत कनेक्शन को तत्काल स्थाई करने की बात कही। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं कहा कि पत्रकारों की कोई भी समस्या अगर उनके सामने आती है तो उसका त्वरित निराकरण होगा। वहीं अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया व शैलेन्द्र शरण सिंपल ने जनपद के पत्रकारों से कहा कि अगर कोई भी समस्या है तो उसको मुख्यालय आकर चाहे फिर मीडिया जनसंपर्क केंद्र कलेक्ट्रेट में ही अपनी बात रख दे। जिसमें हफ्ते में एक बार जिलाधिकारी से मिलकर उन समस्याओं का निराकरण करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्रवण श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, शाहिद अली, जतिन द्विवेदी, आलोक श्रीवास्तव, हिमांशु गुप्ता सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## एक नजर

### इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्ज़ों के विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना शुरू

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्ज़ों के विनिर्माण के लिए उत्पादकता आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पिछले सप्ताह हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इसको मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इस योजना की अधिसूचना जारी होने के साथ इसकी शुरूआत हो गयी है। दो सप्ताह तक इसके मसौदे पर सुझाव लिये जाएंगे और इसके बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में इलेक्ट्रॉनिसक्स के विनिर्माण में असेंबलिंग के बाद अब हम कंपोनेंट (कलपुर्जे) बनाने और डिज़ायन के स्तर पर आ गये हैं। बीते 10 साल में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में पांच गुना वृद्धि हुई है और निर्यात में छह गुना इजाफा हुआ है। इस योजना से अगले पांच साल में इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में भारत निर्मित मोबाइल फोनों का दो लाख करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है जिसमें से आईफोन का निर्यात डेढ़ लाख करोड़ रुपए का हुआ। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे एक लाख प्रत्यक्ष रोज़गार पैदा होंगे और भारत का वैश्विक प्रभाव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विश्व की कई बड़ी कंपनियों ने भारत में कंपोनेंट बनाने की इकाइयां लगाने में रुचि दिखायी है और कई कंपनियों के असेंबली प्लांट लगे हैं और अब वे कंपोनेंट विनिर्माण में उतरना चाहती हैं।

### जियो फाइनेंस ने लॉन्च किया 'प्रतिभूतियों के बदले ऋण एक करोड़ तक की सुविधा

**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली जियो फाइनेंस लिमिटेड (जेएफएल) ने आज 'प्रतिभूतियों के विरुद्ध ऋण (एलएएस) श्रेणी में कदम रखते हुए ग्राहकों के लिए एक करोड़ रुपये तक का पूरी तरह डिजिटल ऋण सेवा की शुरुआत की है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि इस नए डिजिटल ऋण के तहत ग्राहक अपने निवेश जैसे शेयर और म्यूचुअल फंड को गिरवी रखकर बिना उन्हें बेचे ऋण प्राप्त कर सकते हैं। ब्याज दरें 9.99 प्रतिशत से शुरू होती हैं और अधिकतम तीन साल तक की अवधि के लिए ऋण लिया जा सकता है। जियो फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुशल रॉय ने कहा, "यह लॉन्च हमारी डिजिटल रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वित्तीय सेवाओं को अधिक सुलभ और ग्राहक–केंद्रित बनाना है।" जियोफाइनेंस ऐप पर एलएएस के अलावा होम लोन, प्रॉपर्टी लोन और कॉरपोरेट फाइनेंसिंग जैसी सेवाएं भी उपलब्ध हैं।
साथ ही ऐप में यूपीआई भुगतान, मनी ट्रांसफर, डिजिटल गोल्ड, बीमा और निवेश ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं।

### त्रिपुरा मैट्रिक्स शतरंज अकादमी के अध्यक्ष के रंजन दत्ता का निधन

**अगरतला।** त्रिपुरा मैट्रिक्स शतरंज अकादमी के अध्यक्ष के प्रबोध रंजन दत्ता का मंगलवार सुबह यहां के मेडिकल कॉलेज और बीआरएम टीचिंग अस्पताल में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 83 साल के थे। उनके परिवार में दो पुत्र किरीटी दत्ता, प्रसेनजीत दत्ता और एक पुत्री हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, खेल मंत्री टिंकू रॉय और अगरतला प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रणब सरकार ने प्रबोध दत्ता के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रबोध रंजन ने एक अनुभवी खेल आयोजक के रूप में प्रशंसा अर्जित की थी।

# विराट कोहली ने 13000 रन बनाकर रचा इतिहास

## सालों तक कोई नहीं तोड़ पाएगा विराट कोहली का रिकॉर्ड



**एजेंसी**

**मुंबई।** पहले ही ओवर में फिल साल्ट का विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने देवदत्त पाडिक्कल के साथ मिलकर 91 रनों की साझेदारी की, इसके बाद उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार के साथ 48 रन जोड़े। विराट कोहली ने 42 गेंदों में 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। विराट कोहली ने इस बीच अपने टी20 करियर में 13000 रन भी पूरे किए, वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

विराट कोहली के अब 13050 रन हो गए हैं। मैच से पहले उन्होंने 13 हजार रन पूरे करने के लिए 17 रन चाहिए थे। ये कोहली का 403वां टी20 मुकाबला है। विराट ने दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए टी20 गेम खेले हैं। 2024 वर्ल्ड कप के बाद वह अंतर्राष्ट्रीय टी20 फॉर्मेट से सन्यास ले चुके हैं। विराट कोहली टी20 में 13000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित शर्मा अभी काफी पीछे हैं, वह भी इस फॉर्मेट से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सन्यास ले चुके हैं।

रोहित शर्मा के अभी 11851 रन हैं, वह अभी 12 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाए हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर शिखर धवन हैं, और वह तो आईपीएल से भी सन्यास ले चुके हैं। इनके आलावा कोई अन्य भारतीय बल्लेबाज 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाया है। इसका मतलब ये साफ़ है कि विराट कोहली इस रिकॉर्ड पर सालों तक अपना कब्ज़ा रखेंगे।

विराट कोहली दुनिया के 5वें बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टी20 में 13 हजार रन पूरे किए। लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 14562 रन हैं। वह एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 14 हजार रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर एलेक्स हेल्स (13610), तीसरे नंबर पर शोएब मलिक (13557) और चौथे नंबर पर किरॉन पोलार्ड (13537) हैं।

### क्रिस गेल ने बनाए हैं टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन

टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल हैं। उन्होंने 463 मैच खेलकर 14562 रन बनाए हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर एलेक्स हेल्स आते हैं। उन्होंने 494 मैच खेलकर 13610 रन अपने नाम कि हैं। पाकिस्तान के शोएब मलिक की बात की जाए तो उन्होंने 555 टी20 मैच खेलकर 13557 रन बनाने में कामयाबी हासिल की है। इसके बाद नंबर आता है कायरन पोलार्ड का, जो अब तक 695 टी20 मैच खेलकर 13537 रन बना चुके हैं। विराट कोहली की बात की जाए तो उन्होंने अब तक 403 मैच खेलकर 13000 रन पूरे कर लिए हैं। इस मैच से पहले तक उनके नाम 12983 रन थे। यानी उन्हें इस मुकाम को छूने के लिए केवल 17 रन ही और चाहिए थे, जो उन्होंने बहुत जल्द पूरे कर लिए। भारत का कोई भी बल्लेबाज इस मुकाम तक नहीं पहुंचा था। विराट कोहली के पीछे डेविड वार्नर हैं, जिन्होने 399 टी20 मैच खेलकर अब तक 12913 रन बनाए हैं। वार्नर अब इंटरनेशनल मैच तो नहीं खेलते हैं, लेकिन लीग में नजर आते हैं। ऐसे में उनके भी पास 13 हजार रन बनाने का मौका है। हालांकि वे विराट कोहली को पीछे कर पाएंगे, इसमें थोड़ा सा शक है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्ज़ों के विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना शुरू

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्ज़ों के विनिर्माण के लिए उत्पादकता आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पिछले सप्ताह हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इसको मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इस योजना की अधिसूचना जारी होने के साथ इसकी शुरूआत हो गयी है। दो सप्ताह तक इसके मसौदे पर सुझाव लिये जाएंगे और इसके बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में इलेक्ट्रॉनिसक्स के विनिर्माण में असेंबलिंग के बाद अब हम कंपोनेंट (कलपुर्जे) बनाने और डिज़ायन के स्तर पर आ गये हैं।

# आरसीबी के कप्तान पाटीदार पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**एजेंसी**

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए कप्तान रजत पाटीदार पर ये जुर्माना लगाया गया है।

इससे पहले, मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के रियान पराग और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के ऋषभ पंत धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना भुगतने वाले अन्य कप्तान थे। आधिकारिक बयान में कहा गया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 20 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी थी। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, इसलिए पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इस मैच में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से मात दी। दर्शकों को रोमांचित करने वाले इस मुकाबले में पाटीदार की अगुआई में आरसीबी ने अंतिम ओवर में अपना धैर्य बनाए रखा और 10 साल बाद इस मैदान पर यादगार जीत दर्ज की। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की। कोहली का इस सीजन में दूसरा अर्धशतक था, जबकि कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर टीम का स्कोर 221 तक पहुंचाया।

222 रनों पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की ओर से कप्तान हार्दिक पांड्या (15 गेंदों पर 42 रन) और तिलक वर्मा (29 गेंदों पर 56 रन) की शानदार पारी के बावजूद मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी ने अब तक अपने चार मैचों में से तीन जीते हैं। और तालिका में तीसरे स्थान पर है। उनका अगला मुकाबला गुरुवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से होगा।





# अमेरिकी बाजार 3 दिन की गिरावट के बाद 4% चढ़ा

## डाउ जोन्स इंडेक्स करीब 1300 ऊपर कारोबार कर रहा, यूरोपीय बाजारों में भी तेजी

**एजेंसी**

**मुंबई।** एशियन और यूरोपीय बाजारों में तेजी के बाद आज यानी, मंगलवार 8 अप्रैल को अमेरिकी शेयर बाजार में भी तेजी है। डाउ जोन्स इंडेक्स में करीब 1300 अंक या 3.40% की तेजी है। लगातार तीन कारोबारी दिन में 10% गिरने के बाद आज अमेरिकी बाजार में तेजी आई है।

वहीं, S&P 500 इंडेक्स 170 अंक या 3.35% के तेजी के साथ 5,232 के स्तर पर पहुंच गया है। नैस्डेक कंपोजिट में 590 पॉइंट या 3.80% की तेजी है। ये 16,190 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एनवीडिया, जेपी मॉर्गन और बोइंग जैसे शेयरों में 8% तक की तेजी है।



**आज एशिया और यूरोप के बाजारों में भी तेजी रही-** 8 अप्रैल को जापान का निक्केई 6.03%, कोरिया का कोस्पी 0.26%, चीन का शंघाई इंडेक्स 1.58% चढ़ा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 1.51% की तेजी रही। सेंसेक्स 1135 अंक या 1.55% चढ़कर 74,273 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 374 अंक या 1.69% की तेजी रही, ये 22,535 के स्तर पर बंद हुआ है।

**कल अमेरिकी बाजार में 0.91% की गिरावट रही थी-** 7 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 349 अंक (0.91%) गिरकर 37,965 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स में 0.23% की गिरावट रही। नैस्डेक कंपोजिट 0.09% चढ़ा था। जापान के निक्केई में 7.83%, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 5.57%, चीन का शंघाई इंडेक्स 7.34% गिरा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 13.22% की गिरावट रही थी।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स इंडेक्स 4.26% गिरकर बंद हुआ। UK के FTSE 100 इंडेक्स में 4.38% और स्पेन का IBEX 35 इंडेक्स 5.12% गिरकर बंद हुआ था।

आज के कारोबार में मीडिया, रियल्टी और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी दिखी। निफ्टी मीडिया इंडेक्स 4.72% चढ़ा। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स करीब 2.50% चढ़े। FMCG, आईटी और ऑटो में करीब 2% की तेजी रही।

# फेडएक्स और सीएसके ने लॉन्च कीं को–ब्रांडेड इलेक्ट्रिक गाड़ियां

**एजेंसी**

**मुंबई।** फेडएक्स ने भारत में अपनी डिलीवरी को और अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ मिलकर को-ब्रांडेड इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की शुरुआत की है। कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि मुंबई में हाल ही में 13 नई टाटा ऐस ईवी शामिल की गई हैं, जिससे दिल्ली और बेंगलुरु समेत देश में अब कुल 59 ईवी संचालित हो रही हैं।

यह पहल फेडएक्स के उस वैश्विक लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके तहत वह वर्ष 2040 तक पूरी तरह कार्बन-न्यूट्रल बनने की दिशा में कार्यरत है। कंपनी के उपाध्यक्ष सुवेन्दु चौधरी ने बताया कि फेडएक्स 1994 से बैटरी चालित वाहनों के साथ काम कर रही है और अब भारत में भी धीरे-धीरे ईवी की संख्या बढ़ाई जा रही है। सीएसके के साथ को-ब्रांडिंग कर फेडएक्स ने अपनी ब्रांड इमेज को और मजबूत किया है, जिससे यह संदेश जाता है कि कंपनी न सिर्फ गति और भरोसे के लिए जानी जाती है बल्कि पर्यावरण के प्रति भी गंभीर है।




फेडएक्स के एक सर्वे के मुताबिक 90 प्रतिशत भारतीय चाहते हैं कि कंपनियां पर्यावरण अनुकूल तरीकों को अपनाएं। ऐसे में ईवी के जरिए डिलीवरी का यह तरीका उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर भी खरा उतरता है।

# तोशिबा ने लॉन्च किया नया एससीआईबी बैटरी मॉड्यूल

## इसे ईवी बसों, विद्युत जहाजों और स्थिर ऊर्जा अनुप्रयोगों के लिए किया डिज़ाइन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बनाने वाली जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी तोशिबा कॉर्पोरेशन ने लिथियम-आयन बैटरियों के अपने लोकप्रिय एससीआईबी सीरीज के तहत एक नया बैटरी मॉड्यूल लॉन्च किया है, जिसे विशेष रूप से ईवी बसों, विद्युत जहाजों और स्थिर ऊर्जा अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस नए मॉड्यूल की सबसे बड़ी खासियत है इसका एल्युमीनियम आधार पटल, जो पारंपरिक मॉड्यूल्स की तुलना में लगभग दोगुनी दर से ऊष्मा का विस्सारण करता है, जिससे निरंतर उच्च शक्ति इनपुट और आउटपुट के दौरान भी बैटरी का जीवन बना रहता है। लिथियम-आयन बैटरियों की बढ़ती मांग के बीच ऐसी बैटरियों की आवश्यकता महसूस की जा रही है जो तेजी से चार्ज और डिस्चार्ज होने के साथ-साथ विशेषकर विद्युत बसों और स्थिर ऊर्जा प्रणालियों में लंबे समय तक प्रदर्शन बनाए रख सकें।




हालांकि, लगातार उच्च ऊर्जा प्रवाह से बैटरियों में अत्यधिक गर्मी उत्पन्न होती है, जो उनके जीवनकाल को प्रभावित कर सकती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए तोशिबा ने इस नवीन मॉड्यूल को पेश किया है, जो बेहतर ऊष्मा प्रबंधन सुनिश्चित करता है। एससीआईबी मॉड्यूल की संरचना में उपयोग किए गए एल्युमीनियम की उच्च तापीय चालकता पारंपरिक रेजिन-आधारित मॉड्यूल की तुलना में इसे कहीं अधिक प्रभावी बनाती है। हालांकि एल्युमीनियम को बिजली से पृथक रखना एक तकनीकी चुनौती थी लेकिन तोशिबा ने एक अभिनव डिजाइन विकसित किया है, जो आवश्यक विद्युत प्रतिरोध को सुरक्षित रखते हुए बेहतर ऊष्मा प्रबंधन प्रदान करता है।

परीक्षणों में यह मॉड्यूल सामान्य शीतलन प्रणालियों के तहत प्रयोग किए जाने पर पारंपरिक मॉड्यूल्स की तुलना में लगभग दो गुना अधिक ताप विस्सारित करता है, जिससे बैटरी की दीर्घकालिक दक्षता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

# अल्लू अर्जुन @43, प्यार में नेहा शर्मा से मिला धोखा





पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन आज 8 अप्रैल को अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। अल्लू अर्जुन न सिर्फ साउथ, बल्कि पूरे देश के फेवरेट स्टार बन चुके हैं। एक्टर ने मात्र दो साल की उम्र में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट तेलुगु फिल्म 'विजेता' से डेब्यू किया। इसके बाद चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर कमल हासन की फिल्म 'स्वाति मुथ्यम' में नजर आए, लेकिन सही मायने में पहचान फिल्म 'आर्या' से मिली। इसी फिल्म से अल्लू अर्जुन का स्टारडम शुरू हुआ। इसी फिल्म से उनके पैन इंडिया स्टार बनने की नींव पड़ी। 'आर्या' के डायरेक्टर सुकुमार ने अल्लू अर्जुन को लेकर 'पुष्पा' बनाई और यह उनके करियर की सबसे सफल फिल्म मानी जाती है। अल्लू के दादा अल्लू रामालिंगय्या 70–80 के दशक में तेलुगु इंडस्ट्री के फेमस एक्टर रहे। उन्होंने कनका रत्नम से शादी की।
उनके दो बच्चे हुए। बेटा अल्लू अरविंद और बेटी सुरेखा। अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद तेलुगु इंडस्ट्री के मशहूर प्रोड्यूसर और डिस्ट्रिब्यूटर हैं। उन्होंने निर्मला से शादी की, जिससे तीन बेटे अल्लू वेंकटेश, अल्लू अर्जुन और अल्लू सिरीष हुए। अल्लू अर्जुन की बुआ सुरेखा की शादी चिरंजीवी से हुई है। इस तरह चिरंजीवी, अल्लू अर्जुन के फूफा हुए। चिरंजीवी के सगे भाई पवन कल्याण और नागेंद्र बाबू हैं। इस वजह से पवन कल्याण और नागेंद्र बाबू भी अल्लू अर्जुन के फूफा लगते हैं। चिरंजीवी के बेटे राम चरण, नागेंद्र बाबू के बच्चे एक्टर वरुण तेज और निहारिका, चिरंजीवी की बहन विजया दुर्गा के बेटे धर्म तेज और वैष्णव तेज,अल्लू के कजन हैं।

**'पुष्पा 2 : द रूल' गिरफ्तारी को फूफा पवन कल्याण ने सही ठहराया था**

बता दें कि 'आर्या' के बाद डायरेक्टर सुकुमार ने अल्लू अर्जुन को लेकर 'आर्या 2', 'पुष्पा : द राइज' और 'पुष्पा 2 : द रूल' बनाई। 'पुष्पा' ने अल्लू अर्जुन को जहां पैन इंडिया स्टार बना दिया। वहीं, 'पुष्पा 2 :' अल्लू अर्जुन के करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई है। इस फिल्म ने अल्लू अर्जुन के करियर में सबसे बड़ी ओपनिंग और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड बनाया है। 'पुष्पा 2 : द रूल' जहां अल्लू अर्जुन के करियर की सबसे बड़ी सफल फिल्म रही, वहीं इस फिल्म की वजह से काफी विवाद भी हुए। हैदराबाद में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। जिसके बाद अल्लू अर्जुन, थिएटर और सुरक्षा एजेंसी पर गैर–इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई।

# होटल विवाद में मलाइका अरोड़ा फंसीं

## एक्ट्रेस के खिलाफ दोबारा जारी हुआ वारंट, 2012 के होटल विवाद में सैफ पर मारपीट का आरोप



मलाइका अरोड़ा के खिलाफ मुंबई की लोकल कोर्ट ने फिर से जमानती वारंट जारी किया है। मामला सैफ अली खान से जुड़ा हुआ है। दरअसल, 13 साल पहले सैफ और उनके दो दोस्तों पर मुंबई के 5 स्टार होटल में साउथ अफ्रीकन बिजनेसमैन और उसके ससुर पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। मलाइका भी उस वक्त सैफ के साथ मौजूद थीं, लेकिन वो गवाह के तौर पर कोर्ट में पेश नहीं हुईं। मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट के एस झंवर इस मामले की जांच कर रहे हैं। कोर्ट ने सबसे पहले 15 फरवरी को मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। सोमवार को यह वारंट फिर से जारी किया गया क्योंकि वह अदालत में पेश नहीं हुईं। इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।



यह घटना 22 फरवरी 2012 की है। सैफ अली खान अपनी वाइफ करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कई दूसरे मेल फ्रेंड्स मौजूद थे। सभी मुंबई के एक फाइव–स्टार होटल में डिनर के लिए गए थे। पुलिस के मुताबिक, शर्मा ने एक्टर और उनके दोस्तों के जोर–जोर से बोलने का विरोध किया था, तो सैफ अली खान ने उन्हें धमकी दी और उनकी नाक पर मुक्का मारा था, जिस कारण उनकी नाक में फ्रैक्चर आ गया था।

# मेट गाला 2025 में डेब्यू करेंगी कियारा आडवाणी

प्रियंका–दीपिका और आलिया के बाद रेड कार्पेट पर बिखेरेंगी जलवा; 'सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' होगी थीम कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। 28 फरवरी को उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। अब जल्द ही एक्ट्रेस मेगा फैशन इवेंट मेट गाला में डेब्यू करने जा रही हैं। पिछले साल उन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था, जहां वह रेड सी फिल्म फाउंडेशन की तरफ से कान्स के गाला डिनर में शामिल हुई थीं। मेट गाला एक चैरिटी इवेंट है, जो हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाता है। इसकी शुरुआत 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी। इस फैशन शो में देश–विदेश के सितारे एक से बढ़कर एक आउटफिट पहनकर शिरकत करते हैं। मेट गाला का आयोजन और अध्यक्षता वोग मैगजीन की एडिटर–इन–चीफ अन्ना विंटोर 1995 से कर रही हैं। आमतौर पर इसका आयोजन हर साल मई के पहले सोमवार को किया जाता है। इसके अलावा एना विंटोर ही मेट गाला की थीम तय करती हैं। साथ ही मेहमानों का चयन भी एना विंटोर और उनकी टीम करती है। मेट गाला भले ही दुनियाभर में काफी पहले शुरू हो गया था। लेकिन साल 2017 से इसमें इंडियन सेलेब्स ने शिरकत करना शुरू किया था। बता दें कि भारत की ओर से पहली बार प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण ने इस इवेंट में डेब्यू किया था। साल 2023 में आलिया भट्ट ने इस शो में डेब्यू



# स्वरा भास्कर ने किया फिलिस्तीन का सपोर्ट

## बोलीं- इजराइल मानवता छीन रहा और हम चुपचाप ये सब देख रहे हैं, दुनिया धीरे-धीरे खत्म हो रही है



स्वरा भास्कर अक्सर अपने बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में स्वरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कि और इजराइल के हमलों की निंदा की है। स्वरा भास्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने गाजा और फिलिस्तीन पर हुए हमलों पर रिएक्शन दिया। एक्ट्रेस ने कहा कि इजराइल मानवता छीन रहा है। स्वरा ने लिखा, 'हम हर दिन बस चुपचाप इस नरसंहार को देखते हैं और कुछ भी नहीं करते, दुनिया धीरे–धीरे खत्म होती जा रही है।' स्वरा भास्कर ने आगे कहा, 'मैं हर दिन खुश रहने की कोशिश करती हूं। मैं इसी कोशिश में अपनी बेटी के साथ खेलते हुए या बर्थडे पार्टियों में प्यारी तस्वीरें लेती हूं और रील भी बनाती हूं। मैं बेकार की लाइफस्टाइल पोस्ट स्क्रॉल करती हूं, इंटरनेट पर शॉपिंग करती हूं और ऐसी चीजें खरीदती हूं, जिनकी मुझे जरूरत नहीं होती। यह सब सिर्फ इसलिए करती हूं कि खुद को डायवर्ट कर सकूं। हालांकि, मैं कुछ भी कर लूं, मेरे दिमाग से नरसंहार और अत्याचार की तस्वीरें नहीं हटती है। मैं हर दिन फिलिस्तीन के रोते हुए माता–पिता को देखती हूं, जो अपने मृत बच्चों को गोद में लेकर खड़े हैं। यह वो बच्चे हैं जिनके शरीर इजराइल के बमों से टुकड़े–टुकड़े हो गए।' स्वरा भास्कर ने लिखा, 'हम यह सब देख रहे हैं और सबसे ज्यादा खराब है इंसानियत न होना। हम इसके लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। हम सभी धीरे–धीरे अंदर से मरते जा रहे हैं। इजराइल न केवल गाजा और फिलिस्तीन को खत्म कर रहा है, बल्कि यह मानव जाति से उसकी मानवता को छीन रहा है और हम मोबाइल को स्क्रॉल करने या इंटरनेट पर शॉपिंग करने में बिजी हैं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो स्वरा भास्कर काफी समय से किसी फिल्म या शो में नजर नहीं आई हैं। शादी के बाद से ही वह फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं। शादी से पहले साल 2022 में एक्ट्रेस फिल्म जहां चार यार और मीमांसा में नजर आई थीं। स्वरा अपकमिंग फिल्म मिसेज फलानी में नजर आएंगी।

## एक नजर

### झाड़ियों में मिला नवजात शिशु, हालत नाजुक

**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र में इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। डेहरियावां-कॉपा रोड स्थित एक प्राइमरी स्कूल के पास झाड़ियों में एक नवजात शिशु लावारिस हालत में मिला। जानकारी के अनुसार एक महिला जब खेत में काम करने जा रही थी, तभी उसे झाड़ियों से किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने पास जाकर देखा तो वहाँ एक नवजात शिशु पड़ा था। महिला ने तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस बुलाई। शिशु को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि शिशु की हालत गंभीर थी। डा. सरिता रानी ने जानकारी दी कि इलाज जारी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### पूर्व विधायकों के केस में हुई सुनवाई

**सुलतानपुर।** इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अन्य के खिलाफ विचाराधीन मारपीट और गाली गलौज के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अगली सुनवाई के लिए 21 अप्रैल को नियत की गई है। 18 जून 2022 की कथित घटना में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, फूलचंद निषाद व अन्य पर केस दर्ज हुआ था। मायंग में पुलिस टीम पर हमला करने के मुकदमे की सुनवाई 25 अप्रैल के लिए टल गई है। उधर चांदा विधानसभा सीट से विधायक रहे सफदर रजा पर साल 1997 में दर्ज बैलेट पेपर लूटने के मामले में सुनवाई 17 अप्रैल के लिए टल गई है।

### वकीलों ने जिला जज को दिया ज्ञापन

**सुलतानपुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद की ओर से प्रस्तावित सांध्यकालीन अदालतों के संचालन के विरोध में वकीलों ने जिला जज को ज्ञापन दिया। बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी, अरविंद सिंह राजा, नरोत्तम शुक्ला, सचिव रमाशंकर पाण्डेय आदि रहे। सोमवार को पूर्व बार अध्यक्षों की बैठक में प्रस्तावित सांध्यकालीन अदालतों के संचालन की व्यवस्था को माहौल और व्यवस्था नहीं होने के चलते इसका विरोध किया गया था। मंगलवार को जिला जज को मांग पत्र दिया गया।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष के मुकदमें में हुई गवाही

**सुलतानपुर।** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चैधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और अन्य आरोपियों पर 23 साल से विचाराधीन मुकदमे में मंगलवार को लखनऊ में तैनात डिप्टी एसपी शैलेन्द्र श्रीवास्तव के जरिए कोर्ट में दर्ज की। पूर्व विधायक के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि घटना के विवेचक रहे शैलेन्द्र श्रीवास्तव की जिरह पूरी हो गई है। कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कालेज के सामने 17 दिसम्बर 2002 को सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत के बवाल करने के आरोप में ये केस दर्ज हुआ था। अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी।

### दो आरोपियों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**सुलतानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के भखरी में चार साल पूर्व कर्मराज राज पासी व परिवार वालों की पिटाई तथा दलित उत्पीड़न के दो आरोपियों ने अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय के जरिए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एससी-एसटी की विशेष कोर्ट के जज राकेश पांडेय ने आरोपी सत्यदेव यादव और रंजीत यादव को जमानत पर रिहा कर दिया है। अधिवक्ता ने कहा कि केस चार साल पूर्व आरोपियों पर पेशबंदी में मुकदमा दर्ज कराया था और किसी को गंभीर चोटें नहीं आई थी। साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर कोर्ट ने आरोपियों को राहत दी है।

### कोर्ट ने दोषी को पांच साल की सुनाई सजा

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर के निजामपट्टी में चार साल पूर्व घर में चोरी करने और सामान बरामद होने के मामले में आरोपी सोनू उर्फ रोशन रजा को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने पांच साल की जेल और 10 हजार रूपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। एसपीओ शैलेश चतुर्वेदी ने बताया कि निजामपट्टी निवासी नितेश सिंह के घर में हुई चोरी का मामला एक मार्च 2021 का है जिसमें अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना में नबीपुर डिहवा निवासी सोनू उर्फ रोशन रजा का नाम सामने आया जिससे पुलिस ने सामानों की बरामदगी की भी की थी। कोर्ट ने उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाकर मंगलवार को जेल भेज दिया।

### कोर्ट ने पासपोर्ट जारी करने का दिया आदेश

**सुलतानपुर।** सऊदी अरब में हज करने के लिए आरोपी को पासपोर्ट जारी करने का आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रगति ने दिया है। आरोपी अनवर खां पुत्र कमरुद्दीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के आधार पर प्रशासन पासपोर्ट बनाने से इनकार कर रहा था। पीपरपुर निवासी अनवर ने अधिवक्ता मोइन खान के जरिए पासपोर्ट बनाने का आदेश देने के लिए अदालत की शरण ली थी। न्यायालय ने अधिवक्ता के तर्कों से संतुष्ट होकर युवक को सशर्त पासपोर्ट जारी करने का आदेश दिया है। अनवर पर एक आपराधिक मुकदमे का हवाला देकर पुलिस और संबंधित अधिकारी उसे पासपोर्ट जारी करने से इंकार करते रहे। कोर्ट के आदेश से आरोपी को राहत मिल गई है।

### ट्रक ने मारी टक्कर, चार विद्युत पोल धराशाई

**लंभुआ-सुलतानपुर।** अनियंत्रित ट्रक ने मंगलवार को तहसील के लंभुआ-दुर्गापुर मार्ग के किनारे मौजूद विद्युत पोल को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से 11 हजार लाइन के चार पोल सड़क पर गिर पड़े। संयोग था कि हादसे के वक्त आपूर्ति बंद थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इससे तहसील समेत 200 घरों की आपूर्ति ठप हो गई है। जेई ने लापरवाह ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पांडेयपुर विद्युत उपकेंद्र से 11 हजार वोल्ट की इस लाइन से तहसील परिसर के अलावा घाटमपुर दक्षिणी के करीब 150 उपभोक्ता को आपूर्ति की जाती है। मंगलवार को दिन में करीब सवा दो बजे अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक विद्युत पोल में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से चार विद्युत पोल सड़क पर धराशाई हो गए। चार खम्बों के बीच लगी केबिल भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। अवर अभियंता रवि शंकर मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर लापरवाह वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। एसडीओ मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि रेल ट्रैक पर मरम्मत के लिए बिजली काटी गई थी। जिससे आपूर्ति बंद थी, आपूर्ति चालू होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# एमएलसी और पूर्व विधायक ने दी बेबी भइया को श्रद्धांजलि

विश्ववार्ता संवाददाता

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला श्बेबी भैया का 2 अप्रैल की रात मुंबई में निधन हो गया था। मंगलवार को रेवारी बेलहरी स्थित उनके पैतृक निवास पर श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिवंगत समाजसेवी के पुत्र एवं समिति के राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर शुक्ला रिंकू और जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला की मौजूदगी में कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शोक संवेदना व्यक्त की और उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



दिवंगत समाजसेवी को श्रद्धांजलि देते एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह।

रेवारी में मंगलवार को कुंडा विधायक राजाभैया के करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और पूर्व सपा विधायक अरुण वर्मा,पूर्व भाजपा विधायक अर्जुन सिंह,जयसिंहपुर सीएचसी अधीक्षक सुरेन्द्र पटेल सहित कई लोगों ने दिवगंत समाजसेवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। पूर्व सपा विधायक ने स्व. शुक्ला के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन जनसेवा को समर्पित था। उनके विचार और कार्यशैली समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस दौरान देवी तिवारी,अमित यादव, अमित तिवारी, अंजनी यादव,पंच बहादुर वर्मा सहित परिवारजन व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सरेराह बदमाशों ने मोबाइल छीना, तहरीर

**भदैया-सुलतानपुर।** देहात कोतवाली के पूरेबाघराय गांव के पास सरेआम साइकिल सवार का मोबाइल अपाची सवार बदमाशों ने छीन लिया और भाग निकले। शिवगढ़ थाने के नरायनपुर गांव निवासी वासुदेव सिंह साईकिल से हनुमानगंज बाजार घरेलू सामान लेने जा रहे थे। वह पूरेबाघराय गांव के अटरा चैराहे के निकट सहकारी समिति के सामने पहुंचे थे कि किसी का फोन उनके मोबाइल पर आ गया। वह साइकिल पर बैठकर बात करने लगे तभी पीछे से सफेद व नीली अपाची पर बैठे तीन बदमाश आकर रूके उनका मीबाइल छीनकर उनको धक्का देकर भाग निकले। वह उठकर हल्ला गोहार लगाए तो बदमाश हनुमानगंज की ओर भाग निकले। वासदेव किसी राहगीर की बाइक से अपाची सवार का पीछा किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली देहात थाने में देकर न्याय की मांग की है। देहात कोतवाल सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है घटना की जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दिव्यांग किसान का शव नलकूप के बगल मिला

विश्ववार्ता संवाददाता

**भदैंया-सुलतानपुर।** भदैंया के खोरेपुर गांव में मंगलवार को सुबह 51वर्षीय किसान का शव नलकूप के पास मिलने से परिजनों मे हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को पीएम हाउस भेजकर जांच पड़ताल मे जुटी हुई है।

कोतवाली देहात के खोरेपुर गांव निवासी कप्तान सिंह के नलकूप के पास मंगलवार की सुबह एक अधेड का शव मिला। जिनकी पहचान आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर गांव निवासी अरविंद सिंह (51) पुत्र सूर्यभान सिंह के रुप में हुई है। सुबह जब लोग गेहूं के खेत की ओर गये तो नलकूप के बगल शव देखा तो हड़कंप मच गया। शव के बगल ही दो गिलास तथा एक शराब की शीशी भी मिली है। जिसको लेकर ग्रामीण सहित आस पास तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। ग्रामीणों की



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया है तथा घटना की जांच पडताल मे जुटी हुई है। देहात कोतवाल सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले की असलियत पता चलेगी तो उसी आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## वांछित अभियुक्त उमेश सैनी को किया गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** थाना अखण्डनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित वांछित अभियुक्त उमेश सैनी पुत्र सुरेश सैनी निवासी ग्राम कुन्दाभैरोपुर थाना अखण्डनगर को पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था की दृढ़ता के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम की तत्परता और सजगता की सराहना की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर,उपनिरीक्षक ज्ञानेश दुबे,कांस्टेबल फिरदौस आलम,कांस्टेबल मनीष कुमार सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई।

## अभियाकला में वार्षिकोत्सव, नामांकन मेला में प्रतिभाशाली मेधावियों का सम्मान

» बीडीओ ने छात्राओं को किया पुरस्कृत

विश्ववार्ता संवाददाता

**भदैया-सुलतानपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अभियाकलां में मंगलवार को प्रधानाध्यापक कलहू पाल के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव,नामांकन मेला एवं प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान समारोह आयोजितन किया गया। जिसमें विद्यालय के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरण भी किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी देव नायक सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। बच्चों ने नामांकन व शिक्षा से सन्दर्भित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उपस्थित



पुरस्कृत होती स्कूली छात्रा।

अभिभावकों को 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने व परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर लोगों को जागरूक किया। खण्ड विकास अधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प से परिषदीय विद्यालयों की बदली तस्वीर व सरकारी योजनाओं के लाभ को बताते हुए बच्चों की ओर से प्रस्तुत मार्मिक नाटिका बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की प्रसंशा की। बच्चों ने सामाजिक कुरीतियों, शिक्षा, स्वास्थ्य विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, मंत्री विपिन कुमार यादव, राजकुमार यादव, शिक्षामित्र संगठन के अध्यक्ष भारत यादव, ग्राम प्रधान भूलेश्वर, विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष नंदराम यादव, शीला देवी, प्रतिमा सिंह,राम बहादुर वर्मा, चंद्रजीत यादव, जबी उल्ला,सत्यम विश्वकर्मा, संजय कुशवाहा, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, श्याम लाल वर्मा, राम मिलन मौर्य, वर्षा, नीलम, कीर्तिलता, शीला रानी, इंद्रा देवी, प्रीति श्रीवास्तव, सुमन,आदि के साथ सैकड़ो अभिभावक उपस्थित रहे।

## शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव आयोजित, अभिभावकों का हुआ सम्मान

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय पूरे हितलाल में सोमवार को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय रोजी सिंह ने विद्यालय में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्षा कक्ष का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा एक से पांच तक के उन 15 मेधावी छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक प्रदर्शन, नियमित उपस्थिति और अनुशासन में उत्कृष्टता दिखाई। साथ ही, उन अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जो अपने बच्चों को नियमित रूप से साफ-सुथरा और समय से विद्यालय भेजते हैं। बच्चों की ओर से प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया।




कार्यक्रम में उपस्थित होने जाते बच्चे व प्रबंधतंत्र।

प्रभारी प्रधानाध्यापक दयाशंकर गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, अतः हम सभी का दायित्व है कि उन्हें समय से, साफ-सफाई के साथ विद्यालय भेजें और पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। सहायक अध्यापिका प्रियंका तिवारी ने कहा, पढ़ेंगे-लिखेंगे, आगे बढ़ेंगे। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर कार्य करना होगा। वहीं सहायक अध्यापक शैलेश कुमार निर्मल ने अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया और स्कूल चलो अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण, जगध्यान यादव, अंजू पांडेय, सुशीला, राधिका, रामावती, राधा तिवारी, श्यामू, सुरेश, सत्यनारायण, सुनीता, चंद्रकला, कंचना, पराना क्रांति आदि उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के मकड़जाल में फंसी जल-जीवन योजना

विश्ववार्ता संवाददाता

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कादीपुर विकास क्षेत्र के दर्जनों ग्रामपंचायतों में भारत सरकार की शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना जल जीवन मिशन की ओर से सालों पहले से पम्प हाउस, पानी टंकी तैयार करने से लेकर पाइपलाइन बिछाने तक का कार्य कार्यदायी संस्थाओं ने अधर में लटका दिया है। सरकार के करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद ग्रामीण इस योजना से आपूर्ति होने वाले जल की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। खतीवपुर,मोहम्मदाबाद,कादीपुर खुर्द, रानीपुर कायस्थ, जलालपुर, अल्देमऊ नूरपुर, गोपालपुर सहित अनेक गांवों में ये योजना सफेद हाथी साबित हो रहा है। कई गांवों में तो कार्यदायी संस्था आधे अधूरे कार्य छोड़कर महीनों से गायब है। हर गांव को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने



की सरकार की वचनबद्धता इस क्षेत्र में पूरी तरह फेल नजर आ रही है। गत सम्पूर्ण समाधान दिवस उपरान्त जिलाधिकारी कुमार हर्ष मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अनेक अधिकारी जमीनी हकीकत देखने गांवों में गये। सख्ती से योजना को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए, लेकिन भ्रष्टाचार के मकड़जाल में सिसकती यह करोड़ों रुपए की सरकारी योजना अभी तक अपने मूल स्वरूप में नहीं दिखाई देती।

## तिकोनिया पार्क में लोजपा की बैठक, सैकड़ों ने ली सदस्यता

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** तिकोनिया पार्क में लोक जनशक्ति पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम मूरत गुप्ता ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आरपी शुक्ला भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिली।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष आरपी शुक्ला ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में लोजपा की स्थिति लगातार सशक्त हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर तक मजबूत करना है। श्री शुक्ला ने कहा कि गांव और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने के लिए कमेटियों



का गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभानी होगी और जनसमस्याओं को लेकर जनता के बीच जाकर उन्हें समाधान का भरोसा देना होगा। जिला अध्यक्ष राम मूरत गुप्ता ने कहा कि लोजपा का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलना है और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। बैठक में जिला महासचिव एडवोकेट अखिलेश कुमार, नगर अध्यक्ष मनोज कसौधन, राम लौट सरोज, कमलेश सिंह, अजय सिंह पिंटू, पुष्पा समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल चलों अभियान को लेकर भव्य रैली का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय धारूपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल चलो अभियान के तहत भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली उत्तर प्रदेश के महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, लखनऊ आदेश के क्रम में आयोजित की गई, यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।



रैली निकालते स्कूली बच्चे।

मगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुड़वार के ब्लॉक अध्यक्ष व जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान के संयोजन में जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक रामचंद्र मिश्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली से पूर्व अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी सरकार की यह पहल सराहनीय है, जिससे हर गरीब और अमीर बच्चे को एक समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्कूलों में आज प्राइवेट स्कूलों की तुलना में अधिक योग्य शिक्षक मौजूद हैं, जो बच्चों की नींव मजबूत कर रहे हैं। रैली के दौरान बच्चे हाथों में स्लोगन की तख्तियां लिए हुए उत्साहपूर्वक नारे लगाते रहे। हर घर एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा, जैसे नारों के माध्यम से गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक निजाम खान ने बताया कि नामांकन अभियान को सफल बनाने हेतु ग्राम पंचायत के सभी मजरों और पुरवों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लगातार अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार कुड़वार ब्लॉक नामांकन प्रतिशत में पीछे नहीं रहेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुदर्शन, प्रबंध समिति अध्यक्ष रामजी, जूनियर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विवेक रावत, सहायक अध्यापक संजय मिश्र, भीम सिंह, सरिता सिंह, मोहम्मद वसीम, विवेक तिवारी, रेखा तिवारी, मोहम्मद आरिफ, श्रवण शुक्ला, रंजीता यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## सक्रिय सदस्य सम्मेलन में राजनीतिक इतिहास पर डाला गया प्रकाश



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता।

विश्ववार्ता संवाददाता

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** सदर विधानसभा में भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन मंगलवार को ब्लॉक परिसर मोतिगरपुर में आयोजित हुआ। वक्ताओं ने भाजपा के स्थापना से लेकर अब तक के राजनीति इतिहास पर प्रकाश डाला। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष करुणाशंकर द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ व स्वावलम्बी राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है।

हम सब राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकात्मता, लोकतंत्र की भावना पर विश्वास, सामाजिक-आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टीकोण, सकारात्मकता पंथनिरपेक्षता अर्थात सर्वधर्म समभाव, मूल्यों पर आधारित राजनीति जैसे पंच निष्ठाओं पर काम कर रहे है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. आर ए वर्मा ने कहा भाजपा संगठन में समाज के सभी पिछडे, दलित, आदिवासी, अति दलित एवं महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व मिला है। जो दिन प्रतिदिन पार्टी के अभियान को चलाते हैं। संगठन के बल पर लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाकर विपक्ष को कड़ा जवाब दिया। वहीं सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि मोदी एवं योगी सरकार में आतंकवाद, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। इस दौरान पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक विनोद सिंह, शशिकांत पाण्डेय, अवधेश प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुभाष सिंह, रत्नेश तिवारी, अंकित मिश्र, रामजीत पाल, शोभनाथ यादव, राजमणि मौर्य, रोहित पाण्डेय, लवकुश सैनी, सभाजीत पाण्डेय, नरेंद्र सिंह आदि रहे।

## भक्ति से परिपूर्ण होने पर कट जाते है सारे दुख : मनीष शुक्ला

» ऐंजर गांव में श्रीमद् भागवत कथा का पहला दिन

विश्ववार्ता संवाददाता

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** जब मनुष्य प्रेम, करुणा और भक्ति से परिपूर्ण होता है, तब उसके जीवन में कोई भी दुख टिक नहीं सकता। यह विचार चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन, सोमवार देर शाम पंडित मनीष शुक्ला ने अपने प्रवचन के दौरान व्यक्त किए।

बलदीराय तहसील क्षेत्र के ऐंजर गांव स्थित पूरे हनुमान दुबे पुरवा में आयोजित कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों के निकट रहते हैं और उनकी रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन मनुष्य मोह-माया में उलझकर परमात्मा को



कथा श्रवण कराते मनीष शुक्ला।

भुला देता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के समस्त सांसारिक पाप नष्ट हो जाते हैं। भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। प्रेम हमारी दिशा बदलता है और भक्ति हमारी दशा। जो व्यक्ति क्रोध पर नियंत्रण पा लेता है, वह जीवन में कभी पराजित नहीं होता। पंडित शुक्ला ने यज्ञ, दान और तप को अनिवार्य बताया और कहा कि ये आध्यात्मिक उन्नति के प्रमुख साधन हैं। जीवन में जो हम दूसरों को देंगे, वही हमें प्राप्त होगा अगर प्रेम देंगे तो प्रेम मिलेगा, सहयोग देंगे तो सहयोग मिलेगा, और यदि हम किसी को कष्ट देंगे, तो स्वयं भी कष्ट सहने के लिए तैयार रहना होगा। इस अवसर पर राम उचित दुबे, रूपेश दुबे, दिनेश दुबे, आलोक दुबे, धर्मेंद्र, अजय प्रकाश, लव कुश, रवि दुबे, राजेश दुबे, बृजेश दुबे, बदलू, जयपाल, करिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा के अंत में मुख्य यजमान जनार्दन दुबे व उनकी पत्नी बेला दुबे ने व्यास पीठ की आरती उतारी, तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर आए हुए श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

## भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कादीपुर-सुलतानपुर।** भाजपा नेता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल के संयोजन में भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मंगलवार को कस्बे के वंदन प्रेक्षागृह में आयोजित प्रदर्शनी में भाजपा के इतिहास एवं भारत सरकार तथा राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार रूप से रेखांकित किया गया है।



प्रदर्शनी में क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चैहान, जिला मंत्री राजित राम, मंडल अध्यक्ष कादीपुर भूपेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष दोस्तपुर विजयलक्ष्मी, मंडल अध्यक्ष अखंड नगर अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष राहुल नगर प्रदीप मालवीय एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति मौजूद रही।

## एक नजर

### पीएम मोदी 11 अप्रैल को आनंदपुर में

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 अप्रैल को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के आनंदपुर में प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का अवलोकन किया। पीएम मोदी जिले के ईसागढ़ के समीप "श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम" में 11 अप्रैल, शुक्रवार को आएंगे। उनके आगमन के मद्देनजर शर्मा ने तैयारियों का निरीक्षण किया। शर्मा ने धाम के दर्शन भी किए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उन्होंने श्री आनंदपुर धाम के ट्रस्टी सोनू महात्मा और सोमनाथ महात्मा से तैयारियों को लेकर आवश्यक चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार, प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे।

### जयपुर सीरियल ब्लास्ट में चार को उम्रकैद

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर को 2008 में हुए सिलसिलेवार धमाकों से जुड़े एक केस में चार दोषियों को आजीवन जेल में रहने की सजा सुनाई गई है। 12 मिनट के भीतर हुए 8 धमाकों में 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 लोग घायल हुए थे। 9वें बम के मामले में कोर्ट ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को 4 अप्रैल को दोषी करार दिया था। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय किया था। विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया था।

### कामरा को 17 अप्रैल तक मिली सुरक्षा

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मंगलवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को 17 अप्रैल तक अंतरिम सुरक्षा (गिरफ्तारी नहीं करने या कोई सुधारात्मक कार्रवाई से) प्रदान किया। कामरा वर्तमान में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। कामरा द्वारा उनके खिलाफ दायर कई एफआईआर को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति श्रीराम मोदक की खंडपीठ ने राज्य सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका में कामरा ने उनके व्यंग्यात्मक वीडियो और शिंदे के खिलाफ कथित रूप से "गद्दार" जैसी टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ कई एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई थी।

### संभल हिंसा में सांसद जियाउर्रहमान से पूछताछ

**संभल।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में भीड़ को उकसाने के मामले में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगलवार को सांसद जियाउर्रहमान वर्क से पूछताछ की। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पिछले साल 24 नवंबर को संभल में हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने हिंसा के मामले में संभल के सांसद जियाउर्रहमान वर्क के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान बीते माह जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जफर अली एडवोकेट ने भी पूछताछ के दौरान मामले में जियाउर्रहमान वर्क के नाम का खुलासा किया था।

### जनरल द्विवेदी ने किया श्रीनगर का दौरा

**श्रीनगर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति का आकलन करने और बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए श्रीनगर का दौरा किया है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि अपने दौरे के दौरान जनरल द्विवेदी ने क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य पर श्रीनगर स्थित चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सेना प्रमुख ने फॉर्मेशन कमांडरों के साथ भी बातचीत की और सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की।

### ड्रोन क्षेत्र में किया 100 करोड़ डालर का निवेश

**नयी दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की निजी कंपनी एवीपीएल इंटरनेशनल ने ड्रोन क्षेत्र में 100 करोड़ डालर का निवेश किया है जिससे देशभर में 31 ड्रोन एरो-विजन लैब्स, 30 रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन, तीन ड्रोन निर्माण इकाइयाँ और एक अत्याधुनिक शोध एवं विकास इकाई की शुरुआत की गयी है। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने मंगलवार को इसकी शुरुआत गुरुग्राम स्थित ड्रोन निर्माण इकाई से किया। उन्होंने फीता काटकर देश की सबसे बड़ी ड्रोन निर्माण योजना की औपचारिक शुरुआत की। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित इकाइयों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर ड्रोन बरामद

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने दक्षिणी त्रिपुरा जिले में बेलोनिया उपखंड में बांग्लादेश की सीमा के समीप बोल्ला मुख गांव में धान के खेत में ड्रोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक मौर्य कृष्ण सी ने बताया कि खेत के मालिक साधन मजूमदार ने जानकारी दी कि सुबह करीब सात बजे एक ग्रामीण गोपाल पाल ने ड्रोन देखा। ग्रामीणों ने खेत में ड्रोन की मौजूदगी की सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इसे बरामद किया।

### पूर्व मंत्री के घर ग्रेनेड फेंकने वाले धरे गये

जालंधर। पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर बीती रात आतंकी हमला हुआ। ई-रिक्शे में बैठकर आए कुछ लोगों ने उनके घर में ग्रेनेड फेंका, जिससे तेज धमाका हुआ। हमले के वक्त पूर्व मंत्री अपने घर में सो रहे थे। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी घर में ही थे। ये सारा घटनाक्रम उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हुआ है। जालंधर पुलिस ने 12 घंटे में ग्रेनेड फेंकने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क दुर्घटना में चार परिजनों की मौत

**गया।** बिहार में गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। स्कॉर्पियो पर सवार लोग देर रात नवादा से श्राद्ध कर्म में शामिल होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान स्कॉर्पियो दखिनगांव बायपास के समीप अनियंत्रित होकर पुल से पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार चार लोगों की डूबकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव निवासी शशिकांत शर्मा,उनकी पत्नी रिंकी देवी, दो पुत्र सुमित कुमार और बालकृष्ण के रूप में हुई है।

# नैतिक पुलिसिंग न देखें कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने किया पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को खारिज

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला और संगीतकार विशाल ददलानी पर 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित तौर पर अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

पीठ ने पूछा, "अदालत (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय) ने किस तरह का आदेश पारित किया है? अदालत को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए। यह अदालत का काम नहीं है।" शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं (तहसीन पूनावाला और विशाल ददलानी) को राहत देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय



इस तथ्य से प्रभावित था कि अपीलकर्ताओं ने एक खास धर्म के पुरोहित की आलोचना की थी। याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी।

पीठ ने कहा, "हमारा मानना है कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते समय यह पाया गया कि कोई भी अपराध नहीं बनता है, इसलिए उच्च न्यायालय को अपीलकर्ता (पूनावाला और ददलानी) को यह बताकर सलाहकार अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए था कि पुजारी द्वारा किया गया योगदान अपीलकर्ता और अन्य आरोपियों द्वारा किए गए योगदान से कहीं अधिक है। न्यायालय का कार्य नैतिक पुलिसिंग करना नहीं है।"

उच्च न्यायालय ने (इस मामले में) अपने 2019 के आदेश में आपराधिक मामले को रद्द कर दिया था, लेकिन 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित रूप से अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए ददलानी और पूनावाला पर जुर्माना लगाया था। उच्च न्यायालय ने दोनों पर जुर्माना लगाते हुए कहा था कि उन्होंने पुजारी का अपमान किया है और जैन धर्म के अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि जुर्माना इसलिए जरूरी था ताकि भविष्य में वे सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए किसी धार्मिक संप्रदाय के प्रमुख का मजाक न उड़ाएं। यह आरोप लगाया गया कि पूनावाला ने जैन संत के साथ एक अर्धनग्न महिला की फोटोशॉप की हुई तस्वीर पोस्ट की और सामाजिक मानदंडों पर सवाल उठाया।

### अवैध प्रवासियों पर ट्रम्प की एक और मार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार पद संभालने के बाद से 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति पर चलते हुए अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए ताबड़तोड़ एक्शन लिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने ना सिर्फ हजारों प्रवासियों को सैन्य विमानों के जरिए डिपोर्ट कर दिया, बल्कि देश में उन पर कड़ी निगरानी भी रखी जा रही है। इस बीच ऐसी खबरें आई हैं कि ट्रंप जल्द ही प्रवासियों को लेकर एक और बड़ी घोषणा कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार डिपोर्ट के आदेशों के बावजूद अमेरिका न छोड़ने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है।

समीक्षा किए गए दस्तावेजों के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने निर्वासन आदेश के तहत प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगाने की योजना बनाई है। इसके मुताबिक अगर प्रवासी, तय समय सीमा तक अमेरिका छोड़ने में विफल रहते हैं तो भुगतान न करने पर उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस फैसले को अमल में लाने के लिए ट्रंप 1996 के एक कानून का सहारा ले सकते हैं।

# मुर्मू को पुर्तगाल में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से नवाजा गया

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** पुर्तगाल की यात्रा पर गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफ ऑनर सम्मान प्रदान किया है।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मू को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा द्वारा पलासियो दा



» राष्ट्रपति ने कहा- दोनों देशों के संबंध सदियों पुराने

अजुडा में उनके सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया। राष्ट्रपति ने अपने भोज भाषण में कहा ,"हमारे लोगों के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं और इन संबंधों ने हमारी सामूहिक कल्पना पर अमिट छाप छोड़ी है। इनमें हमारा साझा अतीत शामिल है जो वास्तुकला, ऐतिहासिक स्थलों और भाषाओं के साथ-साथ हमारे व्यंजनों में भी झलकता है। यह वर्ष विशेष महत्व रखता है क्योंकि हम भारत-पुर्तगाल द्विपक्षीय संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

### रक्षा सहयोग में मिलकर काम करेंगे भारत और यूएई

**नयी दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन तथा सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा जतायी ।

भारत की यात्रा पर आये दुबई के शहजादे एवं संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच मुलाकात के दौरान देशों ने इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। राजनाथ सिंह ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा , " यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ के साथ नई दिल्ली में एक सार्थक बैठक हुई। भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यधिक प्राथमिकता है।

# वीजा बैन के बाद सऊदी अरब का एक और झटका

**एजेंसी**

**रियाद।** अभी हाल ही में सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों पर अस्थायी तौर पर वीजा बैन लगा दिया था ताकि उमराह करने वालों और हज तीर्थयात्रा करने वालों की अवैध भीड़ मक्का या देशभर में जमा नहीं हो। अब सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने घोषणा की है कि जिन लोगों को उमराह के लिए वीजा मिल चुका है, वे उमराह पूरी कर 29 अप्रैल तक अपने-अपने देश वापस चले जाएं। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि 29 अप्रैल विदेशी उमराह तीर्थयात्रियों के लिए मुल्क से विदा लेने का अंतिम दिन होगा।

एक दिन पहले ही सऊदी अरब ने करीब 18,407 ऐसे विदेशियों को

» उमराह करने वाले 29 अप्रैल तक न गये लगेगा भारी जुर्माना

गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जो अवैध तरीके से वहां रह रहे थे। यानी वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी वहां रह रहे थे। इन लोगों पर प्रवासन, श्रम और सीमा सुरक्षा कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। इन लोगों को 15 साल की जेल की सजा हो सकती है या करीब 2.30 करोड़ रुपये का जुर्माना हो सकता है या दोनों हो सकता है। आधिकारिक बयान के हवाले से कहा गया है कि मंत्रालय ने कहा, 'इस वर्ष उमराह करने वालों के लिए सऊदी अरब में प्रवेश के लिए 13 अप्रैल आखिरी दिन निर्धारित किया गया है।

# राहुल की बिहार यात्रा से राजद पर बढ़ा सियासी दबाव

## आम जनता तक नहीं पहुंच पाती हैं सदाकत आश्रम में कही गयी बातें

» कांग्रेस चाहती है गठबंधन पर राजद की गोद में नहीं बैठेगी

**संजय सिंह**

**पटना।** राहुल गाँधी के लगातार तीसरी बार बिहार दौरे से राजद पर राजनीतिक प्रेशर बढ़ने लगा है। कांग्रेस एनडीए को पराजित करने के लिए गठबंधन को जरुरी मानती है। पार्टी के बड़े नेताओं को इस बात से परहेज है की हम राजद की गोद में जाकर ना बैठें। पार्टी नेताओं का मानना है की पार्टी सुप्रीमो के लगातार बिहार आने से कांग्रेस को विधानसभा चुनाव के दौरान ज़्यादा से ज़्यादा सीटें पाने में आसानी होगी। कांग्रेस भी दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ों को गोलबंद करने में जुटी हुई है। दलित विधायक को



पार्टी के नेताओं को संबोधित करते राहुल गाँधी

प्रदेश अध्यक्ष बना कर कांग्रेस ने उस समाज के बीच एक बेहतर संदेश देने का काम किया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सुप्रीमो के समक्ष यह स्वीकार किया की प्रदेश में जिस स्तर पर पार्टी को जो काम करना चाहिए था, वह नहीं हो पाया है। संगठन में बदलाव के बाद यह उम्मीद की जा रही है की सदाकत आश्रम से निकला सन्देश आम लोगों के बीच जाए। अब तक की स्थिति यह थी की राजद जैसा चाहती थी, प्रदेश के नेता वैसा ही करते थे। सामान्य कार्यकर्ताओं की पूछ तो पार्टी में रह ही नहीं गयी थी। यही कारण है की पार्टी का जनाधार और संगठन दिन प्रतिदिन कमजोर होता गया। कांग्रेस के कमजोर होने का फ़ायदा दूसरे दलों के नेता उठाते रहे। अब यह बात कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को समझ में आने लगी है।

पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने कांग्रेस पार्टी को सत्तर सीटें दी थी। पार्टी ने उन्नीस सीटों पर विजय हासिल किया था। इस बार भी कांग्रेस उतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

# टीएमसी के भीतर सब कुछ ठीकठाक नहीं?

## वीडियो और व्हाट्सएप चैट लीक, एक-दूसरे को नेताओं ने खूब सुनाया

**एजेंसी**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के बीच झड़प का वीडियो सामने आया है जिसे लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। यह घटना बीते 4 अप्रैल की चुनाव आयोग के मुख्यालय की बताई जा रही है, जहां टीएमसी सांसदों की एक टीम अपनी मांगें लेकर पहुंची थी। भाजपा की ओर से टीएमसी नेताओ के वीडियो और व्हाट्सएप चैट्स लीक किए गए हैं। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इन लीक कंटेंट्स को एक्स पर शेयर किया और टीएमसी के भीतर आंतरिक कलह का दावा किया है।

अमित मालवीय ने मंगलवार को को एक्स पर पोस्ट किया, '4 अप्रैल 2025 को चुनाव आयोग में दो टीएमसी सांसदों के बीच झगड़ा हुआ। पार्टी ने अपने सांसदों को संसद कार्यालय में मेमोरेंडम पर हस्ताक्षर करने के लिए इकट्ठा होने का निर्देश दिया था, लेकिन एक सांसद



इसे छोड़कर सीधे ईसीआई पहुंच गए। इससे दूसरा सांसद नाराज हो गया और दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।' उन्होंने कहा कि यह मामला टीएमसी चीफ ममता बनर्जी तक पहुंचा, जिन्होंने दोनों को शांत रहने को कहा है। लेकिन झगड़ा एआईटीसी एमपी 2024 व्हाट्सएप ग्रुप में भी जारी रहा, जहां एक 'वर्सेटाइल इंटरनेशनल लेडी' का जिक्र हुआ। यह रहस्य अभी अनसुलझा है।

व्हाट्सएप चैट में कल्याण बनर्जी ने एक मैसेज में कोलकाता पहुंच जाने का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे गिरफ्तार करने के लिए अपनी बीएसएफ और दिल्ली पुलिस को भेजें। आपके गृह मंत्रालय का संबंध बहुत मजबूत अंतरराष्ट्रीय महान महिला से है।' बनर्जी ने एक अन्य संदेश में कहा, 'आज मैं उन सज्जन को बधाई देता हूं, जिन्होंने बहुमुखी प्रतिभा की धनी अंतरराष्ट्रीय महिला की सुंदर गतिविधियों का खुलासा किया। उस दिन उसका एक भी मित्र उसके पीछे नहीं खड़ा था। यह मूर्ख व्यक्ति, जिसे वह बीएसएफ की ओर से गिरफ्तार करना चाहती थी, उसके पीछे खड़ा था। आज निश्चित रूप से 30 साल का प्रसिद्ध खिलाड़ी मुझे गिरफ्तार करवाने के लिए उसके पीछे खड़ा था।'

जवाब में कीर्ति आजाद ने कल्याण बनर्जी से कहा कि वह नाबालिग अपराधी की तरह व्यवहार न करें। उन्होंने लिखा, 'मेरा आपसे कोई झगड़ा नहीं है।

### दिसंबर से पहले कर्नाटक में बदलेगा सीएम

**बेंगलुरु।** गुजरात में जहां एक तरफ कांग्रेस के तमाम बड़े नेता राष्ट्रीय अधिवेशन में व्यस्त हैं, वहीं कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के एक करीबी विधायक ने यह दावा कर सनसनी मचा दी है कि दिसंबर से पहले राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की जगह कोई नया चेहरा ले लेगा। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए कर्नाटक कांग्रेस के विधायक बसवराजू शिवगंगा ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य को दिसंबर से पहले एक नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। बसवराजू डीके शिवकुमार खेमे के एक प्रमुख नेता हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, 'जब कुर्सी खाली हो तो कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है। मैं पहले ही एक बार कह चुका हूं कि दिसंबर से पहले राज्य का सीएम बदल जाएगा।' कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए सतीश जारकीहोली के नाम को लेकर चल रही अटकलों पर शिवगंगा ने कहा कि इस पद पर किसी को भी नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन फिलहाल यह पद खाली नहीं है।

# पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने बनायी नयी पार्टी हिंद सेना

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के चर्चित आईपीएस पदाधिकारी शिवदीप लांडे ने अपनी नयी पार्टी का ऐलान कर प्रदेश में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। लांडे चार माह पूर्व आईजी के पद से अपना त्यागपत्र दे दिया था। वे मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले है। त्यागपत्र देने के बाद ही यह अटकलें लगायी जाने लगी थी की वह जनसुराज से जुड़ेंगे लेकिन नयी पार्टी का ऐलान के साथ ही इस अटकल पर भी विराम लग गया।

उन्होंने अपनी नयी पार्टी का नाम हिंद सेना रखा है। बकौल लांडे नौकरी से त्यागपत्र देने के बाद जब उन्होंने बिहार का भ्रमण किया तो पाया की गांव की स्थिति आज भी बदहाल है। आर्थिक और सामाजिक विषमता चरम पर है। गांव में पेय जल, स्वास्थ, शिक्षा,सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। सामाजिक न्याय के नाम पर पुरे प्रदेश में



» चार माह पूर्व आईजी के पद से अपना त्यागपत्र दे दिया था

जातीय गोलबंदी बढ़ी है। बिहार का औद्योगिक विकास ठप है।

यही कारण है की इस प्रदेश के युवा बड़ी तादाद में पलायन कर दूसरे प्रदेशों में जाते है। यहाँ के किसानों की माली हालत भी अच्छी नहीं है। जबतक प्रदेश के युवा बदलाव के लिए आगे नहीं आएंगे तबतक बिहार का चहुँमुखीं विकास संभव नहीं है।

# लौटूंगी और अपराधियों को कठघरे में लाऊंगी : हसीना

**ढाका। (एजेंसी)** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा।'



अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी।

# बंगाल के स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजन की जांच नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश किया रद्द

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजित करने के पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल के फैसले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि संविधान ने स्पष्ट रूप से न्यायालयों को मंत्रिमंडल के फैसलों और राष्ट्रपति/राज्यपाल को दी गई सलाह की जांच करने से रोक दिया है। 'अतिरिक्त पद का तात्पर्य ऐसे अस्थायी पद से है जो किसी ऐसे कर्मचारी को समायोजित करने के लिए बनाया गया है जो नियमित पद के लिए पात्र है और जो पद वर्तमान में उपलब्ध नहीं है।

पीठ ने हालांकि अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित सीबीआई जांच की जारी रहेगी। शीर्ष अदालत ने राज्य द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में 2016 में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को 3 अप्रैल, 2025 को बरकरार रखा था। न्यायालय तब हजारों शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य और पूरी चयन प्रक्रिया को दूषित और दागदार करार दिया था।

### मणिपुर में ड्रग तस्कर और उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में दो महिला ड्रग तस्करों और कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। चुराचांदपुर, कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिलों में चलाये गये तीन अन्य अभियानों में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि मणिपुर पुलिस ने इम्फाल पश्चिम जिले के मयांग इम्फाल बेंगून यांगबी की बेबीचा और साहनी नामक दो महिलाओं को इंफाल पश्चिम जिले के इंफाल थाने के अंतर्गत सागोलबंद सलाम लेईकाई से संदिग्ध हेरोइन नंबर चार से भरे 25 साबुन के डिब्बों के साथ गिरफ्तार किया, जिनका कुल वजन साबुन के डिब्बों के वजन को छोड़कर 308.15 ग्राम था।



**सम्मेलन** पाकिस्तान की रणनीतिक रूप से वैश्विक खनन महाशक्ति के रूप में उभरने की कोशिश

# दो कट्टर दुश्मनों को एक मंच पर ले आया पड़ोसी मुल्क

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ अटैक और चीन समेत कई देशों से बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच पाकिस्तान ने दो कट्टर दुश्मनों यानि अमेरिका और चीन को एक मंच पर ला खड़ा किया है। दरअसल पाकिस्तान ने अपनी खानों और खनिज क्षेत्र में निवेश के लिए अमेरिका, चीन और सऊदी अरब के प्रतिनिधिमंडलों के साथ मंगलवार को इस्लामाबाद में एक शिखर सम्मेलन की शुरुआत की है, जिसमें अधिकारियों को अरबों डॉलर के निवेश की उम्मीद है। इस आयोजन का उद्देश्य पाकिस्तान के तांबा, सोना, लिथियम और अन्य खनिजों के विशाल भंडार को दुनिया के सामने लाना है। साथ ही लंबे समय से उपेक्षित इस क्षेत्र में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना है।पाकिस्तान खनिज निवेश मंच का उद्घाटन उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने किया, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'पाकिस्तान रणनीतिक रूप से वैश्विक खनन महाशक्ति के रूप में उभरने की स्थिति में है।' उन्होंने कहा कि देश के पास दुनिया के सबसे बड़े अज्ञात भंडारों में से एक है और संभावित निवेशकों को प्रोत्साहन दे रहा है। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और देश के शक्तिशाली सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

बता दें कि पाकिस्तान में खनिज संपदा का भंडार है, जिसमें दुनिया के सबसे बड़े तांबे और सोने के भंडारों में से



एक रेको डिक भी शामिल है, जो अशांत दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान का एक जिला है, जहां हाल के वर्षों में बलूच अलगाववादियों द्वारा सुरक्षा बलों और विदेशियों पर हमलों में वृद्धि देखी गई है। तेल और खनिज से समृद्ध बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। यह देश के जातीय बलूच अल्पसंख्यकों का केंद्र है, जिनके सदस्यों का कहना है कि उन्हें केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव और शोषण का सामना करना पड़ता है।

पाकिस्तान का कहना है कि उसने बलूचिस्तान में उग्रवाद को दबा दिया है, लेकिन प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने पिछले महीने से ही हमले जारी रखे हैं। बीएलए ज़्यादातर सुरक्षा बलों और विदेशियों, खासकर चीनी नागरिकों को निशाना बनाता है जो बीजिंग के अरबों डॉलर के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में पाकिस्तान में हैं। बीएलए चाहता है कि सभी चीनी-वित्तपोषित परियोजनाओं पर रोक लगे और चीनी कर्मचारी पाकिस्तान छोड़ दें।

### आखिर क्या है पाक की योजना ?

अब पाकिस्तान ने इस खनिज सम्मेलन के जरिए दो दांव चलने की कोशिश की है। पहला यह कि उसने यह दिखाने की कोशिश की है कि उसके लिए अमेरिका और चीन दोनों एक समान हैं और दोनों ही देशों के साथ वह व्यापारिक और राजनयिक संबंधों में मधुरता बनाए रखना चाहता है। दूसरा वह अशांत बलूचिस्तान प्रांत में स्थित इन खनिजों के उत्खनन का काम चीन, अमेरिका या सऊदी अरब को देना चाहता है। इसके जरिए वह अशांत बलूचिस्तान में न केवल विदेशी ताकतों और विदेशी परियोजनाओं को बढ़ावा देना चाहता है बल्कि खनिजों के दोहन से प्राप्त राजस्व से अपना खजाना भी भरना चाहता है क्योंकि पाकिस्तान के लिए अपने बल-बूते बलूचिस्तान प्रांत से खनिज संसाधनों का दोहन करना मुश्किल हो सकता है।

### दिलसुखनगर विस्फोट में मौत की सजा

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति लक्ष्मण और न्यायमूर्ति श्रीसुधा की पीठ ने दोषियों की ओर से पेश अपीलों को खारिज कर दिया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। वर्ष 2013 में 21 फरवरी को देश को झकझोर देने वाले इन धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी और 131 से अधिक लोग घायल हुए थे। विशेष एनआईए अदालत ने पांचों दोषियों असदुल्लाह अख्तर, जिया उर रहमान, मोहम्मद तहसीन अख्तर हसन, मोहम्मद यासीन भटकल और एजाज शेख समर अरमान को मौत की सजा दी थी।



**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com